माघ शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 23 फरवरी 2024
वर्ष 34, अंक 29, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

जलवायु परिवर्तन : नासा एक साथ भेजेगा दो उपग्रह 14

फेयरी फोल्क में काम करना आनंददायक था: रसिका 13

फतवे को लेकर दारुल उलूम देवबंद के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी

- राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग ने सहारनपुर के डीएम-एसएसपी को लिखे पत्र में दिए निर्देश
- दारुल उलूम ने गजवा-ए-हिंद को लेकर जारी किया था विवादित फतवा

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने दारुल उलूम देवबंद की वेबसाइट पर कथित आपत्तिजनक सामग्री पाए जाने के बाद उत्तर प्रदेश सरकार को संस्था के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने और कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

सहारनपुर जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) को लिखे एक पत्र में, राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) के अध्यक्ष प्रियांक कानूनगो ने देवबंद की वेबसाइट पर प्रकाशित एक फतवे के संबंध में आयोग की आपत्ति के बारें में बताया। आयोग ने कहा कि विवादित फतवे में ''गजवा-ए-हिंद'' की बात कही गई है जो कथित तौर पर भारत पर आक्रमण के संदर्भ में शहादत का महिमामंडन करता है। कानूनगो ने पत्र में किशोर न्याय अधिनियम, 2015 की धारा 75 के कथित उल्लंघन पर जोर देते हुए कहा कि यह फतवा बच्चों को अपने ही देश के खिलाफ नफरत की भावना को उजागर कर रहा है और अंततः उन्हें अनावश्यक मानसिक या शारीरिक पीड़ा पहुंचा रहा है। एनसीपीसीआर ने सीपीसीआर अधिनियम, 2005 की धारा 13(1) का जिक्र करते हुए कहा कि ऐसी सामग्री से राष्ट्र के खिलाफ नफरत भड़क सकती है। एनसीपीसीआर ने भारतीय दंड संहिता और किशोर न्याय अधिनियम, 2015 के तहत दारुल उलूम देवबंद के खिलाफ कानूनी कार्यवाही शुरू करने का निर्देश दिया है। आयोग ने तीन दिन में कार्रवाई रिपोर्ट सौंपने का अनुरोध किया है।

आज काला दिवस मनाएंगे किसान, निकालेंगे ट्रैक्टर मार्च

चंडीगढ़, एजेंसी

- खनौरी में किसान की मौत मामले में हत्या की एफआईआर दर्ज करने की मांग
- केंद्रीय मंत्रियों के फूंकेंगे पुतले 14 मार्च को दिल्ली में महापंचायत की घोषणा

संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने पंजाब-हरियाणा सीमा पर एक प्रदर्शनकारी किसान की मौत को लेकर गुरुवार को प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की और कहा कि इस घटना के विरोध में शुक्रवार को काला दिवस मनाने के साथ ही ट्रैक्टर मार्च निकाला जाएगा।

हरियाणा पुलिस और पंजाब के किसानों के बीच बुधवार को हुई झड़प में किसान शुभकरण सिंह (21) की मौत हो गई थी। हरियाणा पुलिस ने दिल्ली कूच की कोशिश कर रहे किसानों को पंजाब के संगरूर जिले में खनौरी सीमा बिंदु पर रोक रखा है। पंजाब के किसान अपनी फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य के लिए केंद्र से कानूनी गारंटी की मांग कर रहे हैं। एसकेएम 'दिल्ली चलो' मार्च का हिस्सा नहीं है लेकिन वह इसका समर्थन कर रहा है। उसने केंद्र के तीन कृषि कानूनों के खिलाफ 2020-21 में किसान आंदोलन की अगुवाई थी। यहां एक बैठक के बाद एसकेएम ने कहा कि किसान 26 फरवरी को राजमार्गों पर ट्रैक्टर मार्च निकालेंगे और 14 मार्च को दिल्ली में महापंचायत करेंगे। कहा कि किसान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज के पुतले फूंकेंगे। एसकेएम नेता बलबीर सिंह राजेवाल ने संवाददाताओं से कहा कि खनौरी सीमा पर एक किसान की मौत के सिलसिले में हत्या का मामला दर्ज किया जाना चाहिए तथा उसके परिवार को एक करोड़ रुपये की अनुग्रह राशि दी जानी चाहिए। बठिंडा जिले के शुभकरण सिंह की संगरूर-जींद सीमा पर खनौरी में पुलिस के साथ कथित झड़प में मौत हो गई थी। इसमें 12 पुलिसकर्मी भी घायल हुए थे। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने भी प्रदर्शनकारी किसान की मौत के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करने की मांग की।

आज बैठक कर तय करेंगे अगली रणनीति

यह घटना तब घटी जब किसान अवरोधकों की ओर तेजी से बढ़े और सुरक्षाबलों के साथ उनकी झड़प हो गई। हरियाणा प्रशासन ने किसानों के मार्च को आगे बढ़ने से रोकने के लिए कई स्तरीय अवरोधक लगाए हैं। एसकेएम ने शंभू और खनौरी सीमा बिंदुओं पर स्थिति की चर्चा करने के लिए गुरुवार को यहां एक बैठक की। किसान शुक्रवार शाम को अपना अगला कार्यक्रम तय करेंगे।

एक नजर

सीयूईटी-यूजी में खत्म की जा सकती है अंक सामान्यीकरण व्यवस्था

नई दिल्ली। कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट-अंडरग्रेजुएट (सीयूईटी)-यूजी में अंकों के सामान्यीकरण की व्यवस्था को इस वर्ष से समाप्त किया जा सकता है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) इस अहम परीक्षा में बदलाव करने की योजना बना रही है। शीर्ष अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दरअसल प्रत्येक परीक्षा सत्र में उम्मीदवारों को प्रश्न पत्र के अलग-अलग सेट दिए जाते हैं। प्रश्न पत्रों को समान स्तर का बनाने का पूरा प्रयास रहता है, लेकिन संभव है कि किसी पाली में उम्मीदवारों को कुछ कम कठिन प्रश्न मिलें, किसी पाली में कुछ कठिन प्रश्न मिलें। इसके कारण यह भी संभव है कि ऐसे उम्मीदवार अन्य उम्मीदवारों की तुलना में अपेक्षाकृत कम अंक प्राप्त करें।

महाराष्ट्र के पूर्व सीएम मनोहर जोशी की हालत गंभीर

मुंबई। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर जोशी को दिल का दौरा पड़ने के बाद मुंबई के पीडी हिंदुजा अस्पताल के गहन चिकित्सा कक्ष (आईसीयू) में भर्ती कराया गया है। जोशी (86) को बुधवार 21 फरवरी को अस्पताल में भर्ती कराया गया और उनकी हालत गंभीर है। अस्पताल के मुताबिक वह चिकित्सकों की निगरानी में आईसीयू में हैं और उन्हें सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधाएं दी जा रही हैं। शिवसेना के दिग्गज नेताओं में शुमार जोशी को पिछले वर्ष मई में मस्तिष्काघात के बाद इसी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जोशी वर्ष 1995 से 1999 तक महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री थे और वह अविभाजित शिवसेना की ओर से राज्य के मुख्यमंत्री बनने वाले पहले नेता थे। वह सांसद भी रह चुके हैं और 2002 से 2004 तक केंद्र की वाजपेयी सरकार में लोकसभा अध्यक्ष भी रहे थे।

सीबीआई का पूर्व राज्यपाल मलिक के परिसरों पर छापा

दिल्ली-मुंबई के अलावा जम्मू-कश्मीर, पंजाब हरियाणा, उप्र, बिहार और राजस्थान में जांच

केंद्रीय जांच एजेंसी की 100 अधिकारियों की टीम एक साथ सत्यपाल मलिक के 30 ठिकानों पर पहुंची

- दिल्ली के आरके पुरम, द्वारका, एशियन गेम्स विलेज के साथ गुरुग्राम, बागपत पहुंची टीम

नई दिल्ली, एजेंसी

केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने 2,200-करोड़ रुपये की लागत वाली किरू पनबिजली परियोजना में कथित भ्रष्टाचार के मामले में जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के परिसरों और 29 अन्य स्थानों पर गुरुवार को छापे मारे। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई ने दिल्ली और मुंबई के अलावा जम्मू कश्मीर, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, बिहार और राजस्थान में 30 स्थानों पर सुबह छापे मारे, जिसमें लगभग 100 अधिकारी शामिल हुए। उन्होंने बताया कि दिल्ली के आरके पुरम, द्वारका और एशियन गेम्स विलेज के अलावा गुरुग्राम और बागपत में मलिक से जुड़े परिसरों पर भी छापे मारे गए।

अधिकारियों ने कहा कि मलिक के कथित सहयोगियों, चिनाब वैली पावर प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के पूर्व अध्यक्ष नवीन कुमार चौधरी और पटेल इंजीनियरिंग लिमिटेड के अधिकारियों के परिसर पर छापे मारे गए। अधिकारियों ने बताया कि यह मामला 2,200 करोड़ रुपये के किरू हाइड्रो इलेक्ट्रिक पावर प्रोजेक्ट (एचईपी) के कार्य आवंटन में कथित भ्रष्टाचार से संबंधित है। मलिक 23 अगस्त 2018 से 30 अक्टूबर 2019 तक जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल थे। उन्होंने दावा किया था कि उन्हें दो फाइलों को मंजूरी देने के लिए 300 करोड़ रुपये की रिश्वत की पेशकश की गई थी। इनमें से एक फाइल परियोजना से संबंधित थी। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने पूर्व में कहा कि 2019 में किरू हाइड्रो इलेक्ट्रिक पावर प्रोजेक्ट (एचईपी) के लगभग 2,200 करोड़ रुपये के सिविल कार्यों का ठेका एक निजी कंपनी को देने में भ्रष्टाचार के आरोप में मामला दर्ज किया गया था। सीबीआई ने चौधरी के अलावा चिनाब वैली पावर प्रोजेक्ट्स (पी) लिमिटेड के पूर्व अधिकारियों एमएस बाबू, एम के मित्तल और अरुण कुमार मिश्रा और पटेल इंजीनियरिंग लिमिटेड के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जांच के सिलसिले में सीबीआई ने जनवरी में पांच लोगों के आवास पर छापा मारा था।

किरू पनबिजली भ्रष्टाचार मामला

नई दिल्ली के सोम विहार अपार्टमेंट में सीबीआई ने मलिक के परिसरों की तलाशी ली।

मैं किसान का बेटा, इन छापों से डरने वाला नहीं

मलिक ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि मैं पिछले तीन-चार दिन से बीमार हूं और अस्पताल में भर्ती हूं। इसके बावजूद सरकारी एजेंसियों के माध्यम से तानाशाह मेरे आवास पर छापे मार रहे हैं। मेरे ड्राइवर और मेरे सहायक से जुड़े परिसरों पर भी छापे मारे जा रहे हैं और उन्हें अनावश्यक रूप से परेशान किया जा रहा है। मैं किसान का बेटा हूं, इन छापों से नहीं डरूंगा। मैं किसानों के साथ हूं।

संदेशखालि मामला

पश्चिम बंगाल सरकार को एनएचआरसी का नोटिस

नई दिल्ली। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में कुछ तत्वों द्वारा महिलाओं के साथ कथित दुष्कर्म की रिपोर्ट पर स्वतः संज्ञान लेते हुए गुरुवार को राज्य सरकार के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को नोटिस जारी किया है। मुख्य सचिव भगवती प्रसाद गोपालिका और डीजीपी राजीव कुमार को संदेशखालि की घटनाओं के बारे में विस्तृत रिपोर्ट और कृत्य कार्रवाई के बारे में चार सप्ताह के अंदर रिपोर्ट देने को कहा गया है।

ईडी ने केजरीवाल को नया समन जारी किया

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को नया समन जारी कर उनसे पूछताछ के लिए 26 फरवरी को उसके समक्ष पेश होने को कहा है। आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। केंद्रीय एजेंसी ने धन शोधन निवारण अधिनियिम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत सातवां समन जारी करते हुए केजरीवाल की इस दलील को खारिज कर दिया कि उनकी पेशी के लिए नया नोटिस देना गलत है।

राम मंदिर निर्माण के बाद भी नफरत की राह पर कांग्रेस

मेहसाणा (गुजरात), एजेंसी

- प्रधानमंत्री ने कहा-कांग्रेस ने धर्मस्थलों को बनाया विवाद का कारण
- गुजरात के मेहसाणा में वालीनाथ महादेव मंदिर का किया लोकार्पण

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को विपक्षी दल कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि वे (उसके नेता) अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण होने के बाद भी नकरात्मकता में जी रहे हैं और नफरत का रास्ता छोड़ने के लिए तैयार नहीं हैं। प्रधानमंत्री गुजरात के मेहसाणा जिले में वालीनाथ महादेव मंदिर का उद्घाटन करने के बाद जनता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने 8,350 करोड़ से अधिक की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और उनका शिलान्यास भी किया।

मोदी ने कहा कि स्वतंत्र भारत में लंबे वक्त तक कांग्रेस ने विकास और विरासत के बीच टकराव और शत्रुता पैदा की। उन्होंने कहा कि अगर किसी को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया जाए तो वह कांग्रेस है जिसने दशकों तक देश पर राज किया। ये वही लोग हैं, जिन्होंने सोमनाथ (मंदिर) जैसे पावन स्थल को भी विवाद का कारण बनाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने गुजरात के पंचमहल जिले में पावागढ़ मंदिर में धर्मध्वजा फहराने की इच्छा तक नहीं दिखायी और दशकों तक मोढ़ेरा के सूर्य मंदिर को भी वोटबैंक की राजनीति से जोड़कर देखा। मोदी ने कहा कि ये वही लोग हैं, जिन्होंने भगवान राम के अस्तित्व पर भी सवाल उठाए और उनके मंदिर के निर्माण को लेकर रोड़े अटकाए।

विरासत को संरक्षित और विकसित करने का प्रयास

प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तर गुजरात भाजपा सरकार के प्रयास की बदौलत उस स्थिति से उबर चुका है जब 20-25 साल पहले पानी की कमी के कारण सीमित अवसर थे। इस कार्यक्रम से पहले प्रधानमंत्री वालीनाथ धाम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में भी शामिल हुए। मोदी ने कहा कि उनकी सरकार का प्रयास भारत की विरासत को विश्व विरासत के रूप में संरक्षित और विकसित करने का रहा है। गुजरात में भी प्राचीन सभ्यता के कई प्रतीक मौजूद हैं।

प्रतापगढ़ में पिता की कार के नीचे आया दो वर्षीय बेटा, मौत

कुण्डा प्रतापगढ़

हादसा

- पत्नी को कार से छोड़ने उसके विद्यालय गया था शिक्षक पति

अमृत विचार : पिता की कार के नीचे आ जाने से दो वर्षीय पुत्र की दर्दनाक मौत का मामला सामने आया है। कार चालक शिक्षिका पत्नी को छोड़ने उसके स्कूल गए थे। जानकारी के अनुसार लालगंज अझारा कस्बा निवासी सुशील बहादुर सिंह शिक्षक है। पत्नी आंचल सिंह भी चकपुरवा हिंनाहू प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक है। शिक्षक दंपति आलापुर में किराए का मकान लेकर रहते है। गुरुवार को सुशील कार से अपनी पत्नी को छोड़ने के लिए बेटे कृष्णा के साथ चकपुरवा पुरवा प्राथमिक विद्यालय गए हुए थे। वहां पर वह आंचल व कृष्णा को कार से उतारकर गाड़ी बैक करने लगे। इसी बीच कृष्णा कार के नीचे आ गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। यह देख शिक्षक दंपती चीखने लगे। आसपास के लोगों की मदद से दंपति घायल बेटे को इलाज के लिए निजी अस्पताल ऊंचाहार ले गए। जहां पर चिकित्सकों ने कृष्णा को मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनते ही दम्पत्ति फूट-फूट कर रोने लगे। दंपति बेटे का शव लेकर उसके ननिहाल ऊंचाहार शमशेरगंज डोमीपुर चले गए।

कृष्णा

दिल दहला देने वाली घटना से हर कोई हतप्रभ है। बीएसए भूपेंद्र सिंह, प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष रमाशंकर शुक्ल, जिला मंत्री विनय कुमार सिंह, जिला कोषाध्यक्ष राजेश चंद्र पाण्डेय, ब्लॉक अध्यक्ष सुशील त्रिपाठी समेत शिक्षकों ने संवेदना व्यक्त करते हुए दंपति को ढांढस बंधाया।

गुलमर्ग में हिमस्खलन के चलते एक रूसी स्कीयर की मौत

जम्मू-कश्मीर, एजेंसी। जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग में गुरुवार को हिमस्खलन की चपेट में आकर एक रूसी स्कीयर की मौत हो गई, जबकि एक स्थानीय गाइड सहित छह लोगों को बचा लिया गया।

अधिकारियों ने बताया कि हिमस्खलन ने अपराह्न करीब दो बजे गुलमर्ग के कोंगदूरी ढलान को अपनी चपेट में ले लिया और इसमें कई स्कीयर दब गए। उन्होंने बताया कि बचावकर्मियों ने बर्फ के अंदर दबे छह रूसी स्कीयर और गाइड को बाहर निकाल लिया है। एक रूसी स्कीयर की मौत हो गई है, जबकि छह अन्य का स्थानीय अस्पताल में इलाज चल रहा है।

प्रधानमंत्री पहुंचे वाराणसी, आज करेंगे कई विकास परियोजनाओं की शुरुआत

वाराणसी, एजेंसी

- मुख्यमंत्री योगी ने एयरपोर्ट पर किया स्वागत

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार को अपने संसदीय क्षेत्र पहुंचे, जहां शुक्रवार को कई विकास परियोजनाओं की शुरूआत करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और अन्य भाजपा नेताओं ने एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने गुरुवार रात एक्स पर लिखा कि 'विकसित भारत' के संकल्प को मूर्त रूप देने के लिए प्रधानमंत्री मोदी निरंतर दृढ़ता के साथ क्रियाशील हैं। उसी कड़ी में वह कल वाराणसी में 13,000 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। शिक्षा, सड़क, उद्योग, पर्यटन, वस्त्र और स्वास्थ्य क्षेत्रों से जुड़ी ये परियोजनाएं विकसित उत्तर प्रदेश'' की संकल्पना की सिद्धि में अत्यंत सहायक होंगी।

अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार को प्रधानमंत्री काशी हिंदू विश्वविद्यालय के स्वतंत्रता भवन में सांसद ज्ञान प्रतियोगिता के प्रतिभागियों, सांसद फोटोग्राफी प्रतियोगिता और सांसद संस्कृत प्रतियोगिता के प्रतिभागियों से संवाद करेंगे। इस दौरान पांच-पांच प्रमुख प्रतिभागियों को सम्मानित भी करेंगे। विश्वविद्यालय से गोवर्धन रविदास मंदिर पहुंचेंगे। रविदास जी की भव्य मूर्ति का लोकार्पण करने के बाद जनसभा को भी संबोधित करेंगे। उसके बाद वह करखियाव अमूल प्लांट परिसर में 14 हजार करोड़ से अधिक की 36 परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री अमूल के सबसे बड़े प्लांट बनास डेयरी का भी उद्घाटन करेंगे।

पुलिस भर्ती बोर्ड ने अभ्यर्थियों से मांगे पेपर लीक के प्रमाण

लखनऊ, अमृत विचार: पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने सिपाही भर्ती की लिखित परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक होने के संबंध में अभ्यर्थियों से प्रमाण देने को कहा है। इस संबंध में अभ्यर्थी प्रमाणों एवं साक्ष्यों सहित अपना प्रत्यावेदन शुक्रवार शाम छह बजे तक बोर्ड की ई-मेल आईडी पर भेज सकते हैं, जिसका परीक्षण करने के बाद अभ्यर्थियों के हित में आगे की कार्रवाई की जाएगी। बोर्ड के अपर सचिव भर्ती द्वारा गुरुवार को जारी सूचना के मुताबिक बीते 17 और 18 फरवरी को चार पालियों में हुई परीक्षा के संबंध में विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म और अखबारों में कुछ प्रश्न पत्रों के संबंध में सूचनाएं वायरल होने की खबरें प्रकाशित हुई थी।

एक नजर

सपा राज्य कार्यकारिणी में सदस्य नामित

अमृत विचार, लखनऊ : समाजवादी पार्टी उप्र. की राज्य कार्यकारिणी में राशिद अली, महेन्द्र यादव, अफ्सार सिद्दीकी (बब्बू), संजय कुमार मौर्य, प्रदीप सिंह 'बब्बू, छोटे लाल यादव प्रदेश सचिव नामित किए गए हैं। इनके अतिरिक्त इजहार अहमद अमेठी को राज्य कार्यकारिणी में विशेष आमंत्रित सदस्य और मोहम्मद एरम रब्बानी प्रयागराज को राज्य कार्यकारिणी सदस्य नामित किया गया है। पार्टी की तरफ से गुरुवार को यह जानकारी साझा की गई है।

10 जिलों में अमृत सरोवर की शुरुआत तक नहीं

अमृत विचार, लखनऊ : अमृत सरोवर सरकार की प्राथमिकता में लेकिन, गांवों में तैयार नहीं हो पाए हैं। 10 जिले ऐसे हैं जहां सर्वाधिक अमृत सरोवर का निर्माण शुरू तक नहीं हुआ है। ग्राम्य विकास आयुक्त जीएस प्रियदर्शी ने अनारंभ अमृत सरोवर की वीडियो कांफ्रेंसिंग से समीक्षा की। इस दौरान बरेली, पीलीभीत सिद्धार्थ नगर, बहराइच, गोंडा, फिरोजाबाद, अलीगढ़, प्रयागराज, बिजनौर व गाजीपुर में अधिक संख्या में अमृत सरोवरों का काम शुरू तक न होना पाया। इसके साथ ही पाया गया कि 859 पूर्ण अमृत सरोवरों का अधिकारियों ने निरीक्षण तक नहीं किया। इसमें सिद्धार्थनगर, आगरा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बलिया, सीतापुर, अंबेडकर नगर बागपत, गौतमबुद्ध नगर व चंदौली में निरीक्षण करने के निर्देश दिए।

योगी डायनमिक मुख्यमंत्री हर जिला उनके लिए हेडक्वार्टर

पहली बार गोरखपुर पहुंचीं केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने की सराहना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: आयकर विभाग के नवीन भवन के लोकार्पण समारोह में शामिल होने के लिए गुरुवार को पहली बार गोरखपुर पहुंचीं केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यशैली की काफी सराहना की। उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ बहुत डायनमिक मुख्यमंत्री हैं। उन्होंने यहां योगी के लिए डायनमिक शब्द का कई बार जिक्र किया।

केंद्रीय वित्त मंत्री ने योगी के लिए खुद द्वारा कहे गए डायनमिक शब्द को समझाया भी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 75 जिले हैं और एक साल में 52 सप्ताह होते हैं। योगी, साल भर में प्रत्येक जिले का कम से कम एक बार दौरा जरूर कर लेते हैं। कुछ जिलों में यह संख्या और कई बार होती है। एक साल में 52 सप्ताह और 75 जिले में कम से कम एक बार जाने वाले वह चीफ मिनिस्टर हैं।

आयकर विभाग के नवीन भवन के लोकार्पण समारोह के दौरान केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, मुख्यमंत्री योगी व अन्य। अमृत विचार

▸▸ गोरखपुर में आयकर विभाग के नवीन भवन के लोकार्पण समारोह में शामिल हुईं वित्त मंत्री

निर्मला सीतारमण के मुताबिक, योगी इंजन की तरह प्रदेशभर में घूमकर काम रहते हैं और हर जिला ही उनके लिए हेडक्वार्टर है। उनसे लखनऊ में अपॉइंटमेंट मांगना ठीक नहीं है। उस दिन, उस सप्ताह कहां होंगे, उधर जाना ही बेहतर होगा। प्रथम बार गोरखपुर आगमन को लेकर सीतारमण ने कहा, ''फर्स्ट इंप्रेशन इज बेस्ट इंप्रेशन और मुझे गोरखपुर इतना सुंदर लगा जितना सोचा भी नहीं था।

2.48 लाख करोड़ रुपये का टैक्स रिफंड

वित्त मंत्री ने आयकर विभाग की उपलब्धियां पर चर्चा करते हुए कहा कि सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह 16.77 प्रतिशत बढ़ा है। साथ ही बीते साल अप्रैल से इस 10 जनवरी तक 2.48 लाख करोड़ रुपये का टैक्स रिफंड भी किया गया है। साठ-सत्तर के दशक से वर्ष 2009 तक पुराने टैक्स क्लेम के मामलों में 25 हजार रुपये की धनराशि पर राहत प्रदान की गई है। फेसलेस सिस्टम के चलते शिकायतों में 60 प्रतिशत कमी आई है।

5 नकलची पकड़े, 7 छद्म परीक्षार्थियों व एक केंद्र व्यवस्थापक पर प्राथमिकी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: उप्र. माध्यमिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज द्वारा संचालित वर्ष 2024 की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की परीक्षाएं गुरुवार को उप्र. में निर्धारित कुल 8265 परीक्षा केंद्रों पर वायस रिकार्डरयुक्त सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में शुरु हुईं।

इस दौरान हाईस्कूल की परीक्षा में अनुचित साधन का प्रयोग करते हुये 05 परीक्षार्थी पकड़े गये जिसमें 04 बालक एवं 01 बालिका परीक्षार्थी है। प्रथम पाली की परीक्षा में पकड़े गए कुल 07 छद्म परीक्षार्थियों के विरुद्ध जबकि, 01 केंद्र व्यवस्थापक के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है।

मंडलों, जिलों से प्राप्त सूचना के अनुसार परीक्षा के दौरान किसी भी जिले में कोई अप्रिय स्थिति उत्पन्न नहीं हुई। साथ ही जेल में निरूद्ध बंदी परीक्षार्थियों के लिए स्थापित 08 जेल केंद्रों में भी परीक्षा सकुशल संपन्न हुई। नकलविहीन परीक्षाओं के आयोजन को लेकर राज्य सरकार की तरफ से सुरक्षा के सख्त प्रबंध किए गए हैं। इसके साथ ही नकल माफिया पर प्रतिबंध लगाने के लिए इस बार एसटीएफ की कई टोमें भी लगाई गई हैं।

▸▸ 8,265 परीक्षा केंद्रों पर कड़े सुरक्षा प्रबंधों के बीच शुरू हुईं यूपी बोर्ड की परीक्षाएं

ऑनलाइन मॉनीटरिंग की गई

माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव ने बताया कि प्रश्नपत्रों की सुरक्षा के लिए स्ट्रांग रूम एवं परीक्षा केंद्रों की ऑनलाइन सघन मॉनीटरिंग इस साल पहली बार माध्यमिक शिक्षा परिषद, मुख्यालय प्रयागराज एवं परिषद के सभी पांचों क्षेत्रीय कार्यालयों में कमांड एण्ड कन्ट्रोल रूम स्थापित करके कराई गई। इस वर्ष प्रथम बार लखनऊ में विद्या समीक्षा केंद्र भवन में भी कमांड एंड कन्ट्रोल रूम स्थापित कर परीक्षा केंद्रों की ऑनलाइन मॉनीटरिंग कराई गई।

3,33,541 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव दिव्यकांत शुक्ल ने बताया कि प्रथम पाली में हाईस्कूल की हिंदी, प्रारंभिक हिंदी एवं इण्टरमीडिएट की सैन्य विज्ञान तथा द्वितीय पाली में हाईस्कूल की वाणिज्य एवं इण्टरमीडिएट की हिंदी, सामान्य हिन्दी की परीक्षा संपन्न हुई। प्रथम पाली में कुल पंजीकृत रहे 29.43,786 परीक्षार्थियों में से 2,03,299 परीक्षार्थी और द्वितीय पाली की परीक्षा में कुल पंजीकृत रहे 24,67,715 परीक्षार्थियों में से 1,30,242 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस प्रकार दोनो पालियों की परीक्षा में कुल 3,33,541 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 में मऊ को मिला 1084.50 करोड़ रुपये का निवेश

अमृत विचार, लखनऊ : ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 में मऊ जिले को 1084.50 करोड़ रुपये का निवेश मिला है। इससे जिले का विकास हो सकेगा।शासन के अधिकारियों ने बताया कि मऊ में निवेश से विभिन्न क्षेत्रों में 52 प्रोजेक्ट स्थापित होंगे। इस बीच, नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि इन परियोजनाओं के धरातल पर उतरने से औद्योगिक क्षेत्र के रूप में पहचान बनेगी। मऊवासियों को रोजगार तलाशने के लिए अब बाहर नहीं जाना पड़ेगा, बल्कि उन्हें अपने जिले में ही भरपूर रोजगार और काम मिलेगा।

सार-संक्षेप

देश को हिन्दू-मुसलमान में बांट रही आरएसएस व भाजपा: स्वामी प्रसाद

अमृत विचार, लखनऊ : पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि आरएएस व भाजपा देश को हिन्दू-मुसलमान में बांटने का काम कर रही है। मौर्य नई दिल्ली के तालकटोरा मैदान में आयोजित रैली को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने अपने नये दल राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी की घोषणा की।उन्होंने कहा कि भाजपा इस देश की सम्पत्तियों को बेचने का पाप कर रही है। इतिहास गवाह है कि आरएसएस व भाजपा का कोई व्यक्ति देश की आजादी में शामिल नहीं हुआ। ये अब सत्ता में रहकर देश की आम जनता की भावनाओं से खिलवाड़ कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में देश बहुत संकट से जूझ रहा है। भारत का संविधान खतरे में है। लोकतंत्र की हत्या हो रही है। एक विशेष जाति के लोगों को पदोन्नति देकर नौकरियां दी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा राम का नाम लेकर देश भर में अशांति फैलाना चाह रही है, ये राम भक्त नहीं है, सिर्फ लोगों को वास्तविक मुद्दों से भटकाना चाहते हैं।

ललितपुर में फार्मा पार्क की स्थापना को 25 करोड़ जारी

अमृत विचार,लखनऊ : बुंदेलखंड के ललितपुर में बल्क ड्रग फार्मा पार्क जल्द ही विकसित किया जायेगा। इसके लिए औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने 25 करोड़ रूपये स्वीकृत कर मास्टर प्लान के साथ ही डीपीआर बनाने के भी निर्देश दिए हैं। औद्योगिक मंत्री ने कहा कि ललितपुर के पाचं गांवों की 1472 एकड़ भूमि पर ड्रग फार्मा पार्क बनाया जायेगा। जिसे दो चरणों में विकसित किया जाना है। स्वीकृत बजट में 7.50 करोड़ से उप्र पावर कारपोरेशन द्वारा सब स्टेशन का कार्य, 17.37 करोड़ में पहुंच मार्ग का चौड़ीकरण और 12.71 लाख से सर्वे एवं मृदा परीक्षण का कार्य कराया जाएगा। उन्होंने राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) को मास्टर प्लान व प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार कराने के निर्देश दिए हैं।

फाइलेरिया उन्मूलन अभियान का निरीक्षण करेंगे केंद्रीय अधिकारी

अमृत विचार,लखनऊ : फाइलेरिया उन्मूलन के लिए चल रहें सर्वजन दवा सेवन अभियान(एमडीए) का स्थलीय निरीक्षण केन्द्रीय मंत्रालय की दो सदस्यीय टीम शुक्रवार व शनिवार को करेगी। यह जानकारी गुरुवार को राजधानी पहुंचे केन्द्रीय टीम के संयुक्त सचिव राजीव मांझी ने परिवार कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा को बैठक में दी। इसमें अभियान की प्रगति को लेकर केन्द्रीय टीम ने संतोष व्यक्त किया। केन्द्रीय टीम में संयुक्त सचिव राजीव मांझी ने बैठक में अधिकारियों को फाइलेरिया उन्मूलन के लिए भारत सरकार के लक्ष्य और नए निर्देशों से अवगत कराया। वहीं दिल्ली की डॉ.तनु जैन ने फाइलेरिया अभियान की तैयारी और प्रगति को पावर पॉइंट प्राजेंटेशन के जरिए बताया। मालूम हो कि 10 से 28 फरवरी तक चलने वाले एमडीए अभियान में फाइलेरिया प्रभावित 51 जिलों को शामिल किया गया है। बैठक में डब्ल्यूएचओ, यूपीटीएसयू, पीसीआई, पाथ और सीफार के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

लापरवाह अधिकारियों व कर्मचारियों पर सरकार की नजर

अमृत विचार, लखनऊ : राज्य सरकार की नजर लापरवाह और काम में ढिलाई बरतने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों पर है। सरकार मानव संपदा पोर्टल पर चल और अचल संपत्ति का ब्यौरा न देने वाले अधिकारियों व कर्मियों को अब पदोन्नति नहीं देगी। पदोन्नति कमेटी की बैठक में सिर्फ उन्हीं के नामों पर विचार किया जाएगा, जिन्होंने अपनी पूरी जानकारी ऑनलाइन कर दी होगी। अपर मुख्य सचिव कार्मिक डॉ. देवेश चतुर्वेदी ने गुरुवार को इस संबंध में शासनादेश जारी करते हुए सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश भेज दिया है। अपर मुख्य सचिव ने शासनादेश में कहा है कि उप्र. सरकारी कर्मचारी आचरण नियमावली-1956 में दी गई व्यवस्था के आधार पर मानव संपदा पोर्टल पर चल व अचल संपत्तियों का ब्यौरा देना अनिवार्य किया है। विभागाध्यक्षों को निर्देश दिया गया था कि एक जनवरी 2024 के बाद होने वाली विभागीय चयन समिति की बैठकों में उनके नामों पर विचार नहीं किया जाएगा, जिन्होंने ब्यौरा नहीं दिया होगा।

बढ़ती जनसंख्या पर नियंत्रण बहुत जरूरी: चंद्रशेखर

अमृत विचार,लखनऊ : जब तक जनसंख्या नियंत्रण कानून नहीं बनेगा, तब तक भारत हिन्दू राष्ट्र नहीं हो सकता। देश की बढ़ती जनसंख्या पर नियंत्रण करना बहुत जरूरी है। सभी धर्मों के लिए एक जैसा कानून होना चाहिए। सख्ती से पूरे देश में जनसंख्या नियंत्रण कानून लाया जाएगा। यह जानकारी अखिल भारत हिन्दू महासभा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्र शेखर सिंह ने गुरुवार को सदर के एक निजी प्रतिष्ठान में महासभा के पदाधिकारियों की एक की बैठक में दी। बैठक में लखनऊ जिला अध्यक्ष विशाल कनौजिया, धनंजय सिंह, मनोज कुमार,अरविंद नाथ गुप्ता,किशन, मुकेश, ओम प्रकाश सिंह, अमर, श्याम मलहोत्रा ,विनोद मलहोत्रा, वंसराज यादव , सुनील यादव सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

डलवा कर घी की आहुति कुंड में, करवाएंगे आपसे, हम हवन। जिससे सुखी और समृद्ध रहेंगे आप, खुशहाल रहेगा आपका भवन।।

नियम और शर्तें
★ हवन - आयोजन के समय सम्पूर्ण परिवार की उपस्थिति अनिवार्य है।
★ धरम-करम का कार्य पूर्णतया नि:शुल्क है, हवन-पूजन में प्रयुक्त सामग्री, कुंड, लकड़ी, देसी घी व अन्य सभी सामान की व्यवस्था व खर्च हमारी संस्था उठाएगी।
★ अपने घर / प्रतिष्ठान पर हमें लाने-लेजाने की व्यवस्था हवन आयोजित करने वाले की होगी। हवन की बुकिंग मंदिर में आकर ही करनी होगी।

'आग में घी डालना' अति शुभ भी होता है। हवन-पूजन कर इंसान चैन की नींद सोता है।।

मलीहाबाद विधायिका जयदेवी कौशल हवन पूजन करती, संग में साईंधाम ट्रस्ट के पदाधिकारी पूनम पंत व पायल।

साईंधाम ट्रस्ट में नि:शुल्क विद्या प्राप्त करने वाले बच्चों को स्नेहाशीष व भंडारा वितरण करती जयदेवी, मंदिर प्रांगण में।

साईंधाम मंदिर फाउंडेशन ट्रस्ट 4/4, टी.सी.जी., होटल हयात के पास, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ-10,
9839163047 / 9956384848

शहर में आज

- मवैया के निकट ऐशबाग स्टेडियम में लखनऊ जूनियर एथलेटिक्स टीम के गठन को ट्रायल - 9:00 बजे।
- कुर्सी रोड स्थित स्पोर्ट्स कॉलेज में 71वीं उत्तर प्रदेश पुलिस वार्षिक एथलेटिक्स कलस्टर प्रतियोगिता - 9:00 बजे।
- राज्य संग्रहालय और उत्तर प्रदेश पुरातत्व विभाग के संयुक्त तत्वावधान में संग्रहालय के सभागार में पुरालेख व पुरालिपि कार्यशाला का आयोजन - 3.00 बजे।
- झूलेलाल घाट पर सनातन महासभा की ओर से आदि गंगा गोमती की महाआरती - 6.00 बजे।
- संगीत नाटक अकादमी की वाल्मीकि रंगशाला में यायावर रंगमंडल द्वारा आयोजित दो दिवसीय नाट्य समारोह की दूसरी संध्या पर नाटक 'आधी रात के बाद' का मंचन - 6.30 बजे।

वाहनों में तत्काल लगवा लें एचएसआरपी नहीं तो जुर्माने से जेब हो जाएगी हल्की

सभी संभागीय परिवहन अधिकारियों को कार्रवाई के लिए जारी किए गए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: पुरानी नंबर प्लेट अब नहीं चलेगी। तमाम बार मौका दिए जाने के बाद भी जिन वाहन स्वामियों ने अब तक अपनी गाड़ियों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) नहीं लगवाई है वे तत्काल लगवा लें।

बिना एचएसआरपी वाले वाहन सड़क पर नहीं चल पाएंगे। मार्ग पर अगर ऐसे वाहन चलते मिले तो उन पर भारी जुर्माना लगाया जाएगा। परिवहन विभाग ने सख्ती का मन बनाते हुए सड़क सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था के दृष्टिगत वाहनों पर कार्रवाई का निर्णय लिया है। प्रवर्तन टीम को तत्काल प्रभाव से कार्रवाई करने को कहा गया है।

- अब नहीं चलेगी पुरानी नंबर प्लेट
- पांच हजार रुपय लगेगा जुर्माना

इसे लेकर अपर परिवहन आयुक्त सड़क सुरक्षा पुष्पसेन सत्यार्थी ने पूरे प्रदेश के ऐसे वाहनों के खिलाफ अभियान चला कार्रवाई का निर्देश दिया है। शासन के निर्देश पर अब न केवल व्यवसायिक वाहनों में बल्कि निजी वाहनों पर भी कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा 06 दिसंबर 2018 को जारी की गई अधिसूचना 01 अप्रैल, 2019 से प्रभावी हो चुकी है। इसके तहत एचएसआरपी लगवाया जाना अनिवार्य कर दिया गया है। नए वाहनों में तो यह सुरक्षा प्लेट लगाई जा रही है लेकिन 01 अप्रैल, 2019 से पहले बने और पंजीकृत हुए सभी वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट अब तक नहीं लगवाई गई है। यह नियम प्राइवेट और कमर्शियल दोनों तरह के वाहनों पर प्रभावी है। देखा जा रहा है कि कई बार तिथि बढ़ाए जाने के बाद भी लोग अपने वाहनों में एचएसआरपी नहीं लगवा पाए हैं। इनमें सबसे ज्यादा वाहन दोपहिया हैं। वाहन स्वामियों को पुनः सचेत किया जाता है कि अब बिना एचएसआरपी के वाहन सड़क पर चलता पाया गया तो वाहनों के विरुद्ध प्रवर्तन कार्यवाही की जाएगी।

वाहन भी हो सकता है जब्त

एचएसआरपी न लगवाए जाने पर अभियान के दौरान पकड़े जाने पर 5,000 रुपये का जुर्माने के नियम हैं। इस दौरान वाहन जब्त किया जा सकता है।

> परिवहन आयुक्त के निर्देश पर इस आशय के आदेश प्रदेश के सभी संभागीय परिवहन अधिकारी, एआरटीओ और पीटीओ को भेज दिए गए हैं। ऐसे वाहनों के खिलाफ तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित कराने को कहा गया है। इन पर तय जुर्माना भी वाहन स्वामियों से वसूला जाएगा।
>
> **-पुष्पसेन सत्यार्थी**, अपर परिवहन आयुक्त सड़क सुरक्षा

नगर निगम सदन आज हंगामे के आसार

अमृत विचार, लखनऊ : नगर निगम सदन की विशेष बैठक शुक्रवार को नगर निगम मुख्यालय के त्रिलोकनाथ हॉल में सुबह 10 बजे से महापौर सुषमा खर्कवाल की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी। सदन में कार्यकारिणी से वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 28.64 अरब के आय-व्यय के बजट को मंजूरी के लिए रखा जाएगा। कार्यकारिणी बैठक में जीएम जलकल और महापौर के बीच बहस हो गयी थी। इससे महापौर से लेकर पार्षदों में जीएम के खिलाफ नाराजगी है। इसलिए सदन में जलकल जीएम को हटाने का प्रस्ताव भी लाया जाएगा। आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए सदन में पानी, सीवर व सफाई के मुद्दे पर हंगामा होने के आसार हैं। ट्यूबवेल, सबमर्सिबल पंप लगाने व मरम्मत का मुद्दा भी उठेगा। शहर में सीवर की समस्या और सुएज की लापरवाही को लेकर पार्षद नाराज हैं। कंपनी का विरोध कर सकते हैं। इसके अलावा पांच जोन के 77 वार्डों में सफाई के लिए नई कंपनी को काम देने का भी मुद्दा उठेगा। नगर निगम अपनी कुछ सड़कें एलडीए को हैंडओवर करेगा।

ई-नीलामी से खरीद सकेंगे बसंतकुंज योजना के भूखंड

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ विकास प्राधिकरण इस बार 145 आवासीय एवं व्यावसायिक भूखंडों को ई-नीलामी से बेचने जा रहा है। हरदोई रोड स्थित बसंतकुंज योजना के सेक्टर एच में 60 वर्गमीटर के 137 आवासीय भूखंड और आठ व्यावसायिक भूखंड शामिल हैं।

इसके अलावा गोमती नगर, गोमती नगर विस्तार, जानकीपुरम, जानकीपुरम विस्तार, शारदा नगर, सीजी सिटी, कानपुर रोड व ट्रांसपोर्ट नगर समेत अन्य योजनाओं में स्थित व्यावसायिक, ग्रुप हाउसिंग, स्कूल, नर्सिंग होम, फैसेल्टीज, होटल, फाइन डाइन, आवासीय व मिश्रित भू-उपयोग आदि के भूखण्ड भी ई-नीलामी के माध्यम से खरीद सकेंगे।

उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने बताया कि 22 फरवरी से

- पोर्टल खुला, 4 मार्च तक करा सकेंगे पंजीकरण
- 145 आवासीय एवं व्यावसायिक भूखंडों को ई-नीलामी से बेचने जा रहा एलडीए

ई-ऑक्शन पोर्टल खोल दिया गया है। इसके अंतर्गत सम्पत्ति खरीदने के इच्छुक लोग 4 मार्च तक ऑनलाइन पंजीकरण करा सकेंगे। 7 मार्च को ई-नीलामी की जाएगी। लखनऊ विकास प्राधिकरण की अध्यक्ष एवं मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने प्राधिकरण द्वारा पिछली बार ई-नीलामी में बोली लगाने वाले सफल आवंटियों को गुरुवार को कार्यालय में आमंत्रित करके आवंटन सूचना पत्र सौंपे। उन्होंने कहा कि आवंटियों को जल्द से जल्द आवंटन पत्र जारी किए जाएं।

एक नजर

संभागीय परिवहन प्राधिकरण की बैठक 28 को

अमृत विचार, लखनऊ : संभागीय परिवहन प्राधिकरण की बैठक 28 फरवरी को आयुक्त लखनऊ मंडल के सभागार में आयोजित की जाएगी। बैठक में लखनऊ संभाग के सभी जनपदों में सभी प्रकार के परमिटों के प्रकरणों और नीतिगत विषयों पर विचार कर निर्णय लिया जाएगा।

मुख्य अभियंता ने कई उपकेंद्रों का किया औचक निरीक्षण

अमृत विचार, लखनऊ : मुख्य अभियंता सुनील कपूर ने गुरुवार को सीतापुर रोड, महानगर, अलीगंज, निशातगंज सहित कई उपकेंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बोर्ड की परीक्षाएं के बीच अनुरक्षण कार्य को समय रहते पूरा करने के निर्देश दिए।

पुलिस भर्ती बोर्ड ने मांगे पेपर लीक के प्रमाण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने सिपाही भर्ती की लिखित परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक होने के संबंध में अभ्यर्थियों से प्रमाण देने को कहा है। इस संबंध में अभ्यर्थी प्रमाणों एवं साक्ष्यों सहित अपना प्रत्यावेदन शुक्रवार शाम 6 बजे तक बोर्ड की ई-मेल आईडी पर भेज सकते हैं, जिसका परीक्षण करने के बाद अभ्यर्थियों के हित में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

बोर्ड के अपर सचिव भर्ती द्वारा गुरुवार को जारी सूचना के मुताबिक, बीते 17 और 18 फरवरी

- आज शाम 6 बजे तक भेज सकेंगे प्रत्यावेदन
- सिपाही भर्ती की लिखित परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक होने का मामला

को चार पालियों में हुई लिखित परीक्षा के संबंध में विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म और अखबारों में कुछ प्रश्न पत्रों के संबंध में सूचनाएं वायरल होने की खबरें प्रकाशित हुई थी। इस बारे में अभ्यर्थियों द्वारा विभिन्न जिलों में प्रत्यावेदन प्रस्तुत किए जा रहे हैं।

बोर्ड ने इस बारे में अभ्यर्थियों और सर्वसाधारण को सूचित किया है कि यदि इस विषय में वह कोई प्रत्यावेदन प्रस्तुत करना चाहते हैं, तो सुसंगत प्रमाणों एवं साक्ष्यों के साथ अपना प्रत्यावेदन (जिसमें नाम, पता, मोबाइल नंबर एवं आधार कार्ड अंकित हो उसे) शुक्रवार शाम तक बोर्ड को भेज सकते हैं। बता दें कि परीक्षा में प्रश्न पत्र लीक होने के दावों और अन्य त्रुटियों की जांच के लिए एडीजी/सदस्य सचिव की अध्यक्षता में आंतरिक जांच समिति का गठन भी किया जा चुका है।

रेलवे बोर्ड के महानिदेशक ने किया आरडीएसओ का दौरा

अमृत विचार, लखनऊ : रेलवे बोर्ड के महानिदेशक एचआर नवीन गुलाटी ने गुरुवार को आरडीएसओ का दौरा किया। आरडीएसओ के महानिदेशक अजय कुमार राणा ने उनका स्वागत किया। साथ ही, उन्हें हाल की उपलब्धियों की विस्तृत प्रस्तुति दी। वर्तमान में आरडीएसओ में चल रहीं परियोजनाओं को प्रस्तुत किया। आरडीएसओ की परियोजनाओं की समीक्षा के बाद महानिदेशक एचआर नवीन गुलाटी ने संगठन को और उन्नत और मजबूत बनाने के लिए सुझाव दिए। विकास के कार्य को और अधिक गंभीरता से लेने की आवश्यकता पर भी बल दिया।

पांच हजार घूस लेते दरोगा रंगेहाथ गिरफ्तार

संवाददाता, लखनऊ/मलिहाबाद

अमृत विचार : एंटी करप्शन टीम ने गुरुवार को माल थाने में दरोगा को पांच हजार रुपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। दरोगा ने रिश्वत एक मामले में आख्या लगाने के लिए मांगी थी। दरोगा पर एंटी करप्शन टीम को दबाव में लेने के लिए धमकाने का भी आरोप है। टीम उसे मलिहाबाद कोतवाली लेकर गई। एंटी करप्शन इंस्पेक्टर नूरूल हुदा खान ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। मामला माल के सुर्ती खेड़ा में 10 बिस्वां जमीन से जुड़ा बताया जा रहा है।

17 जनवरी 2024 को सुरफान का मेंहदी हसन व आरिफ से झगड़ा हुआ

- आख्या लगाने के लिए पीड़ित से मांगी थी रिश्वत
- माल थाने में तैनात था आरोपी दरोगा, रिपोर्ट दर्ज

था। विवाद बढ़ने पर दूसरे पक्ष के लोगों ने सुरफान व उसके परिवार के सदस्यों को पीटकर घायल कर दिया था। सुरफान की शिकायत पर माल पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। उलटे उसके खिलाफ ही शांतिभंग की कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया। जमानत होने के बाद सुरफान ने कोर्ट में वाद दायर किया था। कोर्ट ने थाना पुलिस को आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने का आदेश दिया था। आरोप है कि कोर्ट के आदेश पर मांगी गई आख्या लगाने के लिए बीट दरोगा बलकरन बार-बार सुरफान को चक्कर लगवा रहा था। सुरफान ने दरोगा से मिलकर आख्या लगाने की बात कही तो उसने रिश्वत मांगी। परेशान होकर सुरफान ने एंटी करप्शन कार्यालय पहुंच कर बलकरन की शिकायत की। इसके बाद गुरुवार को एसीबी टीम ने सुरफान को पांच हजार रुपये देकर दरोगा को देने के लिए भेजा। रुपये देते ही दरोगा को रंगेहाथ दबोच लिया। गौरतलब हो कि नवंबर 2023 में एंटी करप्शन की टीम ने हरौनी चौकी इंचार्ज दरोगा राहुल त्रिपाठी को 10 हजार रुपये घूस लेते गिरफ्तार किया था। टीम ने बताया, आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

रुपये लेने के मामले में पांच संविदा कर्मी बर्खास्त

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : जांच के नाम पर उपभोक्ता से 20 हजार रुपये लेने के मामले में चिनहट के कमता पावर स्टेशन के पांच संविदा कर्मियों को गुरुवार को बर्खास्त कर दिया गया। वहीं, उपकेंद्र पर तैनात जेई और एसडीओ के खिलाफ जांच समिति का गठन कर जांच के आदेश दिये गये हैं।

चिनहट डिवीजन के कमता उपखंड की पंचवटी कॉलोनी में रहने वाले गयास अहमद ने बताया कि कुछ दिन पूर्व उनके घर दो लोग बिजली कर्मी बनकर आए और बिजली चोरी का

- जेई व एसडीओ भी जांच के घेरे में
- उपभोक्ता ने की थी 20 हजार रुपये लेने की शिकायत

आरोप लगाते हुए कनेक्शन काट दिया। वहीं, एक कर्मी ने अपना मोबाइल नंबर देते हुए बात करने की हिदायत दी और बाद में 20 हजार रुपये ले लिए। परेशान उपभोक्ता ने विभाग के एक्सईएन चिनहट को पूरे मामले की जानकारी दी। जिस पर एसडीओ से जवाब मांगा गया। चिनहट के एक्सईएन ने बताया कि जांच करने पर प्रवीण सचान, संजीव वर्मा, सौरभ शुक्ला, राजेश यादव और मनोज वर्मा जो कि संविदा पर तैनात हैं को दोषी पाया गया। आरोपियों को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त कर दिया गया है। साथ ही दोषी संविदा कर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के लिए मेसर्स अवनी परिधि को निर्देश दे दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि अवर अभियंता राजेश कुमार गुप्ता और उपखंड अधिकारी अमित कुमार के खिलाफ जांच समिति का गठन कर दिया गया है। जांच रिपोर्ट के आधार पर इनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

29 को आएगी केंद्रीय निर्वाचन आयोग की टीम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लोकसभा चुनाव की तैयारी को परखेगी टीम

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव की तैयारी को परखने के लिए केंद्रीय निर्वाचन आयोग की टीम 29 फरवरी को लखनऊ आएगी। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के नेतृत्व में आ रही टीम लोकभवन में बैठक करेगी। जिला प्रशासन की ओर से लाइजनिंग अधिकारियों की ड्यूटी टीम के साथ लगाई गई है।

मुख्य चुनाव आयुक्त के नेतृत्व में आ रही 13 सदस्यीय टीम 2 मार्च तक लखनऊ में रहेगी। टीम के लोग विभिन्न राजनीतिक दलों के साथ बैठक करेंगे। बैठक के दौरान उनसे सुझाव लिए जाएंगे। 1 मार्च को मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय लखनऊ में बैठक करेंगे। टीम के आगमन पर एयरपोर्ट पर सिटी मजिस्ट्रेट सिद्धार्थ और एसडीएम सरोजनीनगर फाल्गुनी सिंह को जिम्मेदारी दी गई है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के साथ लाइजनिंग अधिकारी के तौर पर सीडीओ अजय जैन रहेंगे। इसके अलावा एडीएम ट्रांस गोमती, एडीएम पूर्वी, एडीएम भू अर्जन प्रथम, एडीएम भू अर्जन द्वितीय की ड्यूटी लगाई गई है।

किसान पथ के निरीक्षण के दौरान जानकारी लेते जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार, साथ में अन्य। अमृत विचार

समय पर पूरा करें किसान पथ का काम: **अमृत विचार, लखनऊ :** निर्माण कार्यों का सत्यापन करने के लिए जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार गुरुवार को किसान पथ पहुंचे। एनएचएआई के परियोजना अधिकारी को समय पर काम पूरा करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने किसान पथ के निरीक्षण की शुरुआत कानपुर रोड से की। उन्होंने देखा कि आगरा एक्सप्रेस वे के पास काम तेजी से हो रहा है। परियोजना अधिकारी ने जिलाधिकारी को बताया कि कहां-कहां काम पूरा हो गया है। जिलाधिकारी ने किसान पथ का निर्माण कार्य तय समय में पूरा करने को कहा।

नगर निगम अपने बेड़े से हटाएगा पेट्रोल-डीजल गाड़ियां

अधिकारियों की 20 पेट्रोल और 45 डीजल गाड़ियां पहले बदली जाएंगी, खरीदे जाएंगे इलेक्ट्रिक वाहन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : शहर को प्रदूषण मुक्त करने के साथ वाहनों पर आने वाले खर्च में कटौती के लिए नगर निगम पेट्रोल-डीजल वाहनों को अपने बेड़े से हटाने की तैयारी कर रहा है। अधिकारियों के लिए लगायी गयीं 20 पेट्रोल और 45 डीजल की गाड़ियां पहले बदली जाएंगी। मार्च के प्रथम सप्ताह तक इलेक्ट्रिक गाड़ियां खरीदी जाएंगी। इसके बाद घरों से कूड़ा उठाने वाली डीजल की छोटी गाड़ियां भी हटायी जाएंगी। जिससे पेट्रोल-डीजल पर खर्च आधा हो जाएगा। चोरी रुकेगी, साथ ही प्रदूषण भी कम होगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 20 फरवरी को नादरगंज में हिंदुजा ग्रुप के ईवी प्लांट के भूमि पूजन के

> इलेक्ट्रिक वाहनों से प्रदूषण और खर्च में कमी आएगी। पहले अधिकारियों के पेट्रोल-डीजल वाहनों को बदला जाएगा। इनकी जगह इलेक्ट्रिक वाहन खरीदे जाएंगे। इसके बाद कूड़ा उठाने वाली डीजल की गाड़ियां भी हटायी जाएंगी। इनकी जगह इलेक्ट्रिक वाहनों का इस्तेमाल किया जाएगा।
>
> **-इन्द्रजीत सिंह**, नगर आयुक्त, लखनऊ नगर निगम

- पेट्रोल-डीजल पर खर्च आधा हो जाएगा, चोरी रुकेगी, कम होगा प्रदूषण
- मार्च के प्रथम सप्ताह में नगर निगम के अधिकारियों को मिल जाएंगी इलेक्ट्रिक गाड़ियां

कार्यक्रम के बाद अधिकारियों को इलेक्ट्रिक वाहनों का अधिक से अधिक प्रयोग करने की सलाह दी थी। नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह ने आरआर विभाग के मुख्य अभियंता मनोज प्रभात को इस पर अमल करने के निर्देश दिए हैं।

450 कूड़ा उठाने वाले डीजल के छोटे वाहन : नगर निगम के पास घरों से कूड़ा उठाने वाले लगभग 450 छोटे डीजल के वाहन हैं। इसके अलावा कूड़ा ले जाने वाले डम्पर, जेसीबी, लोडर, रोड स्वीपिंग मशीन आदि हैं। इन पर नगर निगम का प्रतिदिन रुपया खर्च होता है। अधिकारियों की गाड़ियां बदलने के बाद 450 कूड़ा उठाने वाली गाड़ियां भी हटा दी जाएंगी। इनकी जगह इलेक्ट्रिक गाड़ियां खरीदी जाएंगी। जिससे नगर निगम का पेट्रोल-डीजल पर खर्च आधा रह जाएगा।

गाड़ियों के लिए टेंडर जारी

इलेक्ट्रिक गाड़ियां लगाने के लिए नगर निगम ने टेंडर निकाला है। इसके लिए नगर निगम के आरआर विभाग ने कंपनियों से रेट मांगे हैं। एक सप्ताह का समय दिया गया है। जिस कंपनी का रेट कम होगा, उससे नगर निगम लगभग 40 इलेक्ट्रिक वाहन खरीदेगा। मार्च के प्रथम सप्ताह में नगर निगम के अधिकारियों को इलेक्ट्रिक गाड़ियां मिल जाएंगी।

7वें वेतनमान की मांग को लेकर कर्मियों का धरना जारी

अमृत विचार, लखनऊ : जल निगम कर्मियों का बेमियादी धरना गुरुवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। उत्तर प्रदेश जल निगम संघर्ष समिति के बैनर तले कर्मचारियों और पेंशनरों ने राणा प्रताप मार्ग स्थित मुख्यालय के परिसर में धरना दिया। गुरुवार को अयोध्या मंडल के सदस्य धरने पर बैठे। सभा को संबोधित करते हुए समिति के आरपी गुप्ता ने कहा कि पर्याप्त धन होने के बावजूद न 7वां वेतनमान लागू किया जा रहा है और न छठे वेतनमान के बकाया एरियर का भुगतान हो रहा है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर मार्च 2023 में सरकार ने जल निगम को 402 करोड़ रुपये बकाया एरियर के भुगतान के लिए दिए थे। समिति के संयोजक डीपी मिश्रा ने मंत्री नगर विकास एवं जलशक्ति से हस्तक्षेप कर जल निगम की हठधर्मिता से निजात दिलाने की अपील की।

दो डिग्री गिरा पारा चलीं सर्द हवाएं

अमृत विचार, लखनऊ : गुरुवार को सर्द हवाओं ने रफ्तार पकड़ी। तापमान में बीते दिन की अपेक्षा दो डिग्री गिरावट दर्ज की गई है। मौसम वैज्ञानिकों का अनुमान है कि लखनऊ व आसपास के क्षेत्रों में चमक के साथ आकाशीय बिजली गिर सकती है। मौसम विभाग का पूर्वानुमान सच साबित हुआ। गुरुवार सुबह से ही लखनऊ और आसपास के क्षेत्रों में बादलों की लुका-छुपी देखने को मिली। दिन बढ़ने पर हवाओं ने रफ्तार पकड़ी। ऐसे में तापमान में गिरावट आई, मौसम वैज्ञानिक एके सिंह के मुताबिक, लखनऊ का न्यूनतम तापमान 13 डिग्री किया गया। वहीं, बुधवार को पारा 15 डिग्री से अधिक था। बताते हैं कि आने वाले दिन में तेज चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने की संभावनाएं हैं। लखनऊ के आसपास के जनपदों में बूंदाबांदी भी हो सकती है।

आश्रम पद्धति के छात्रों का होगा कान्वेंट स्कूल की तरह यूनिट टेस्ट

राजीव शुक्ला, लखनऊ

अमृत विचार : आश्रम पद्धति विद्यालय में पढ़ने वाले छात्रों के लिए पाठ्यक्रम तैयार किया जा रहा है। कक्षा 6 से 12 तक के छात्रों को उसी के अनुरूप पढ़ाया जाएगा। साथ ही, कान्वेंट स्कूल की तर्ज पर उनका यूनिट टेस्ट लिया जाएगा। यूनिट टेस्ट में कमजोर प्रदर्शन करने वाले छात्रों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। प्रदेश के 75 जिलों में 94 आश्रम पद्धति विद्यालय संचालित हो रहे हैं। इनमें लगभग 32 हजार छात्र अध्ययनरत हैं।

इन विद्यालयों में स्थायी प्रधानाचार्यों की नियुक्ति की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। अभी तक 13 विद्यालयों में प्रवक्ताओं को पदोन्नत कर प्रधानाचार्य बनाया जा चुका है। विद्यालय के शैक्षिक स्तर को और बेहतर करने के लिए विभागीय अधिकारियों ने पाठ्यक्रम

- समाज कल्याण विभाग ने आश्रम पद्धति विद्यालय के लिए तैयार कराया पाठ्यक्रम
- एक माह की पढ़ाई के बाद देना होगा टेस्ट, कमजोर छात्रों पर दिया जाएगा विशेष ध्यान

तैयार कराने का निर्णय लिया है। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि कक्षा 6 से 12 तक के छात्रों के लिए पाठ्यक्रम तैयार करवाया जा रहा है। पाठ्यक्रम के अनुसार ही अब उनको पढ़ाया जाएगा। ताकि छात्र और मेधावी बन सकें और बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर परिणाम दे सकें। नए शैक्षणिक सत्र से पाठ्यक्रम लागू कर दिया जाएगा। शिक्षक एक माह पढ़ाने के बाद छात्रों का मूल्यांकन करने के लिए यूनिट टेस्ट लेंगे। यूनिट टेस्ट में जिन छात्रों का प्रदर्शन कमजोर होगा उन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। जरूरत पड़ने विषय विशेषज्ञ से शिक्षा दिलवाई जाएगी।

एक नजर

मानस मंदिर में कन्या दान उत्सव आज

अमृत विचार, लखनऊ : राधा सखी सेवा परिवार समिति की ओर से तीसरा कन्यादान उत्सव शुक्रवार को डालीगंज स्थित मानस मंदिर में आयोजित किया जायेगा। समिति की अध्यक्ष व संस्थापिका सुषमा अग्रवाल ने बताया कि इस बार पांच कन्याओं का विवाह कल्याण मंडप में होगा। गुरुवार को मानस मंदिर में सभी सखियों ने राधा रानी की विधि विधान से पूजा अर्चना की और सफल आयोजन की प्रार्थना की। सुषमा ने बताया कि विवाह से पूर्व शुक्रवार को पूर्वाह्न 11 बजे नयागंज डालीगंज से पांचों दूल्हे बरात लेकर आएंगे। साढ़े 11 बजे द्वारचार, साढ़े 12 बजे जयमाल, और शाम साढ़े चार बजे विवाह कार्यक्रम होगा। शाम को साढ़े पांच बजे यहां भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा।

राम मंदिर दर्शन के साथ दिव्यांगों की चुनौतियों पर मंथन

राष्ट्रीय पुनर्वास विवि में एकत्रित हुए देश-विदेश से आए वैज्ञानिक और प्रशिक्षक, शोध पत्र हुए प्रस्तुत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ,

अमृत विचार : डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के दृष्टिबाधितार्थ विभाग और अमेरिका के पर्किन्स स्कूल फॉर द ब्लाइंड के सहयोग से दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान बहु दिव्यांगों से जुड़े आवश्यकता, चुनौतियों और अवसरों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर शोधार्थियों द्वारा शोध भी प्रस्तुत किए गए।

दृष्टिबाधित जनों को विश्व प्रसिद्ध राम मंदिर के लकड़ी के बने प्रतिरूप के स्पर्शीय रूप से दर्शन कराते हुए कार्यक्रम की शुरुआत की गई। मुख्य वक्ता प्रोफेसर एम एन मणी ने दिव्यांगों से जुड़ी विशेष शिक्षा चुनौतियों पर प्रकाश डाला। कहा कि जिस तरह दिव्यांग शब्द जोड़ने के लिए लंबा संघर्ष करना पड़ा, उसी तरह शिक्षा की चुनौतियों को ध्यान में रखकर इसके प्रचार और प्रसार की आवश्यकता है। अमेरिका के टेक्सस टेक विश्वविद्यालय की प्रो. नोरा ग्रीफिन शिरली ने बधिरान्ध बच्चों के समक्ष आने वाली चुनौतियों का हल तकनीकी व्यवस्था के सहारे व्यक्त किया। कहा कि महामारी के दौरान सबसे अधिक समस्या दिव्यांग छात्रों को हुई, फिर भी छात्र पीएचडी कर रहे हैं।

आयोजित कार्यक्रम के दौरान कुरुक्षेत्र विवि की प्रो. सुषमा शर्मा, भारतीय पुनर्वास परिषद के पूर्व सदस्य डॉ. जे पी सिंह, डॉ. भूषण पुनानी, डॉ नंदनी रावल सहित अन्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते प्रवक्ता। अमृत विचार

▸▸ **आवश्यकता, चुनौतियों और अवसरों पर हुई चर्चा**

लघुकालीन व डिप्लोमा कार्यक्रम पर दिया जोर

डॉ. जेपी सिंह का कहना है कि राम राज्य से तात्पर्य अवसरों का होना है। वर्तमान में कई कानून क्रियान्वित हैं। लघु कालीन एवं डिप्लोमा स्तर के कार्यक्रम का संचालन किये जाने की आवश्यकता है।

तकनीकी और नीतियों पर समन्वय

प्रो. सुषमा शर्मा ने तकनीकी उपयोगिता पर बल दिया। नीतियों में समन्वय कैसे स्थापित किया जाए, बताया गया। इसको लेकर कई प्रमाण भी प्रस्तुत किये गए।

लविवि की समस्याओं को लेकर एनएसयूआई ने सौंपा ज्ञापन

अमृत विचार, लखनऊ : राष्ट्रीय छात्र संगठन ने छात्रवृत्ति का मामला उठाया है। लखनऊ विश्वविद्यालय से जुड़े छात्र, समाज कल्याण मंत्री से मिलने उनके दफ्तर पहुंचे और विवि के छात्रों से संबंधित समस्याओं को गिनाया। छात्रों द्वारा एनएसयूआई के नगर अध्यक्ष प्रिंस प्रकाश के नेतृत्व में मंत्री की अनुपस्थिति में उनके निजी प्रतिनिधि को ज्ञापन दिया गया। ऐसे में समस्याओं के जल्द निस्तारण की बात कही गई है।

हिमांशु शेखर बने पुनर्वास विवि के नए कुलपति

अमृत विचार, लखनऊ : पुनर्वास विवि के काफी समय से रिक्त चल रहे कुलपति पद पर शासन की ओर से नियुक्ति कर दी गई है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रो. हिमांशु शेखर झा को विवि का कार्यवाहक कुलपति बनाया गया है। प्रो. झा को दिव्यांग जन सशक्तीकरण विभाग के मंत्री नरेन्द्र कश्यप द्वारा विवि पहुंचकर पदभार ग्रहण कराया गया। इस दौरान विवि के कुलसचिव सहित विभागाध्यक्ष भी मौजूद रहे।

बता दें कि प्रो. हिमांशु शेखर वर्तमान में डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय लखनऊ के वरिष्ठतम आचार्य हैं। ये पूर्व में समाजशास्त्र व समाज विज्ञान विभाग के संस्थापक विभागाध्यक्ष के साथ ही कला एवं संगीत संकाय के संस्थापक अधिष्ठाता रहे हैं। इससे पहले विश्वविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता एवं सुनिश्चियन प्रकोष्ठ (आई क्यू ए सी) के निदेशक की जिम्मेदारियों का निर्वाहन किया है।

न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू.डि.) कक्ष सं.-2, बरेली
वाद सं. 557 सन् 2023

श्रीमती शालिनी (शालू) आयु लगभग 23 वर्ष पत्नी वरूण (रॉकी) पुत्री श्री नरेन्द्र कुमार निवासी गोकुलनगर, थाना कैन्ट, तहसील व जिला बरेली .....प्रार्थिनी/वादिनी बनाम

1. वरूण उर्फ रॉकी पुत्र राजेन्द्र कुमार (पति) 2. श्रीमती राज कुमारी पत्नी राजेन्द्र कुमार (सास) 3. राजेन्द्र कुमार पुत्र स्व. मिहीलाल (ससुर) 4. सलोनी पुत्री राजेन्द्र कुमार (नन्द) 5. विक्की पुत्र राजेन्द्र कुमार (जेठ) 6. मोना पत्नी बिक्की (जेठानी) 7. साधना पत्नी ओम प्रकाश (बुआ) 8. सैफाली पुत्री ओम प्रकाश (बुआ की लड़की) 9. मुन्नी देवी पत्नी महेश चन्द्र 10. पिंकी पत्नी बच्चा (बुआ) 11. ऊषा देवी पत्नी परशुराम (बुआ) निवासीगण मौ. कुतलूपुर मकरन्द नगर, कन्नौज, उ.प्र. 12. आशा देवी पत्नी विपिन बिहारीलाल (बुआ) 13. विपिन बिहारी लाल पुत्र स्व. छोटे लाल 14. रामी पुत्र विपिन बिहारी लाल 15. जीतू पुत्र विपिन बिहारी लाल 16. मीतू पुत्र महेश चन्द्र 17. अमन पुत्र महेश चन्द्र 18. अंकुश पुत्र महेश चन्द्र निवासीगण मो. खेड़ा बीबी जई, थाना शाहबाद जिला हरदोई.....विपक्षीगण

चूंकि शालिनी उर्फ शालू ने आपके खिलाफ न्यायालय में उक्त मुकदमा वास्ते घरेलू हिंसा अधिनियम प्रस्तुत किया है।

अत: आपको एतद्द्वारा निर्देशित किया जाता है कि आप नियत दिनांक 26.02.2024 को वास्ते लिखित कथन हेतु स्वयं या अपने अधिवक्त के साथ उपस्थित हों। नियत दिनांक 26.02.2024 को आपके द्वारा पैरवी न किये जाने की स्थिति में वाद की सुनवाई नियमानुसार की जायेगी।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 21.02.24 को निकाली गई है।

आदेशानुसार सिविल जज (जू.डि.) कक्ष सं.-2, बरेली

नोडल अधिकारी करेंगे पेंशनरों की समस्याओं का निस्तारण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ **27 को छह जिलों में लगेंगे कैंप**

अमृत विचार : कर्मचारी भविष्य निधि संगठन द्वारा निजी, संगठित, असंगठित क्षेत्रों में कार्यरत श्रमिकों, कर्मचारियों एवं पेंशनरों की समस्याओं के निराकरण करने के लिए 27 फरवरी को 'निधि आपके निकट 2.0' डिस्ट्रिक्ट आउटरीच प्रोग्राम आयोजित किया जाएगा।

क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ के परिक्षेत्र में आने वाले सभी छह जिलों (लखनऊ, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, बाराबंकी, हरदोई, एवं रायबरेली) में छह टीमें निधि आपके निकट 2.0 का आयोजन करेंगी। टीम के नोडल अधिकारी उन क्षेत्रों में निवास करने वाले कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के सदस्यों, पेंशनरों एवं नियोक्ताओं की समस्याओं का निराकरण करने का प्रयास करेंगे।

लखनऊ में मैसर्स एवरेडी फ्लैश लाइट मिल रोड ऐशबाग, सीतापुर में कलेक्ट्रेट भवन, लखीमपुर में मैसर्स बजाज हिंदुस्तान सुगर लिमिटेड खंबर खेड़ा, बाराबंकी में आर्गेनिक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड इंडस्ट्रियल एरिया कुर्सी रोड, हरदोई में मैसर्स ज्ञानधारा इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड, संडीला एवं रायबरेली में दयानंद पी.जी कॉलेज बछरावां क्षेत्रों में लोगों की समस्याओं का निस्तारण किया जायेगा।

पुनर्वास विवि के तीन छात्रों का कैंपस चयन

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के तीन छात्रों का कैंपस चयन हुआ है। इसको लेकर निजी कंपनियों द्वारा विवि में साक्षात्कार किया गया।

पुनर्वास विवि के प्लेसमेंट डायरेक्टर विराग दीक्षित ने बताया कि निजी कंपनियों द्वारा साक्षात्कार प्रक्रिया को अपनाया गया। इसके आधार पर ग्रेजुएट इंजीनियर ट्रेनी के पद पर आदित्य विश्वकर्मा, महताब आलम और प्रेरणा वर्मा का चयन किया गया है। विवि परिवार के कुलसचिव रोहित सिंह, अभियांत्रिकी एवं प्रोद्योगिकी संस्थान के निदेशक प्रो. सीके दीक्षित और डायरेक्टर प्लेसमेंट विराग दीक्षित ने चयनित छात्रों को बधाई दी है।

गुरुवार को शिक्षा निदेशालय के बाहर सेवा बहाली की मांग को लेकर प्रदर्शन करते तदर्थ शिक्षक। अमृत विचार

तदर्थ शिक्षकों ने सेवा बहाली की उठाई मांग

अमृत विचार, लखनऊ : तदर्थ शिक्षकों ने गुरुवार को सेवा बहाल की मांग को लेकर शिक्षा निदेशालय में प्रदर्शन किया। शिक्षकों ने शिक्षा निदेशक डॉ. महेन्द्र देव को सेवा बहाली का ज्ञापन सौंपा। 9 नवंबर 2023 को शासन द्वारा एक शासनादेश जारी किया गया जिसमें 1993 से अद्यतन कार्यरत राजकोष से वेतन प्राप्त कर रहे सभी तदर्थ शिक्षकों की सेवाएं समाप्त कर दी गई। सेवा बहाली के लिए तदर्थ शिक्षकों ने संघर्ष समिति के संरक्षक रमेश प्रताप सिंह और कार्यकारी अध्यक्ष रवीन्द्र सिंह की अगुवाई में कई मंत्रियों से गुहार लगाई लेकिन अभी तक सेवा बहाल नहीं हुए। संघर्ष समिति के संरक्षक रमेश प्रताप सिंह कहा कि सदन में मुख्यमंत्री ने हम सभी तदर्थ शिक्षको को आश्वासन दिया था किसी भी तदर्थ शिक्षक का अहित नहीं होगा और हम सभी तदर्थ शिक्षकों को पूरा विश्वास है मुख्यमंत्री हम सभी तदर्थ शिक्षकों की सेवाएं बहाल करेंगे।

सभी प्रकार के रोगों का समाधान आयुर्वेद द्वारा
सैक्स समस्याएं!!
मर्दाना कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष
सेक्स में कमी, नि:सन्तान दम्पत्ति अवश्य मिलें
प्रातः 10 बजे से सायं 07 बजे तक
सेक्स वर्धक दवाओं का उपयोग न करें ये दवाएं लाईलाज कर सकती है।
राना डिस्पेंसरी 9919792325 9415810891
हुसैनगंज चौराहे से लालकुँआ रोड, (पुल के पास) लखनऊ

सार-संक्षेप

ओपीएस बहाली सहित पांच मांगों को करें पूरा

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश के कर्मचारियों–शिक्षकों के संयुक्त संगठन संयुक्त संघर्ष संचालन समिति, (एस-4) के कमबद्ध आंदोलन के तहत पूरे प्रदेश के 17 मंडलों में मंडलीय सम्मेलन आयोजित किया गया। साथ ही ओपीएस व समाप्त किये गये भत्तों की बहाली, संविदा-मानदेय कर्मियों के नियमितीकरण, निजीकरण, आउटसोर्सिंग पर रोक, चतुर्थ श्रेणी कर्मियों के भर्ती खोलने तथा वेतन विसंगतियों के निराकरण करने संबंधी मांगों का प्रस्ताव सम्मेलन में पारित कर प्रधानमंत्री, वित्त मंत्री तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री को ज्ञापन भी भेजा गया है। अब लखनऊ में 20 मार्च से शांतिपूर्ण प्रदर्शनी किया जायेगा। यह जानकारी एस-4 के अध्यक्ष अजय सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनय कुमार सिंह, महासचिव आरके निगम ने दी है।

विषम सेमेस्टर परीक्षाओं के परिणाम घोषित

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय और उससे संबद्ध महाविद्यालयों में विषम सेमेस्टर की परिक्षाओं के परिणाम घोषित हो गए हैं। इनमें एमए, बीबीए, एमबीए आदि सत्रों से जुड़े विषय सम्मलित हैं। परीक्षा नियंत्रक का कहना है कि विस्तृत परीक्षाफल विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर भी उपलब्ध हैं।

दिल्ली विवि की पीएचडी परीक्षा में उत्कर्ष बने टॉपर

उत्कर्ष सिंह

अमृत विचार, लखनऊ : दिल्ली विश्वविद्यालय में आयोजित पीएचडी प्रवेश परीक्षा में लखनऊ के उत्कर्ष सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। छात्र उत्कर्ष इससे पूर्व स्नातक व परास्नातक की उपाधि भी दिविवि से प्राप्त कर चुके हैं। उत्कर्ष की सफलता पर केन्द्रीय राज्यमंत्री व मोहनलालगंज से सांसद कौशल किशोर और विधायक योगेश शुक्ला ने बधाई दी है। बता दें कि पीएचडी की चंद सीटों पर दाखिले के लिए हर साल हजारों युवा आवेदन करते हैं। उनको लिखित परीक्षा और फिर साक्षात्कार देना पड़ता है। ऐसे में कुछ मेधावियों का ही चयन हो पाता है।

सीएमएस छात्रा ने जीती रीजनल चैम्पियन ट्रॉफी

प्रिशा वाजपेयी

अमृत विचार, लखनऊ : सिटी मोन्टेसरी स्कूल अलीगंज द्वितीय कैम्पस की केजी की छात्रा प्रिशा वाजपेयी ने रीजनल लेविल एबेकस कम्पटीशन में चैम्पियन का खिताब अर्जित किया। इस उपलब्धि के लिए प्रिशा को एचीवर्स ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया है। प्रतियोगिता का आयोजन शैक्षिक संस्था ब्रेनोब्रेन के तत्वावधान में हुई। प्रेसीडेन्ट प्रो. गीता गांधी किंगडन ने प्रिशा की प्रशंसा करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है। मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में कई विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग कर अपनी गणितीय प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

10 मार्च को होगा सीईई

अमृत विचार, लखनऊ : यूनिट हेडक्वार्टर कोटा के तहत अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर ट्रेड्समैन और अग्निवीर क्लर्क (कार्यालय सहायक) श्रेणियों के लिए दिसंबर 2023 में आयोजित भर्ती रैली में शामिल हुए अभ्यर्थियों की समान्य प्रवेश परीक्षा सीईई 10 मार्च को आयोजित होगी। वहीं 9 मार्च को एडमिट कार्ड जारी किए जायेंगे। अधिकारियों ने बताया कि जो अभ्यार्थी भर्ती रैली में उपस्थित हुए थे और शारीरिक और चिकित्सकीय रूप से फिट पाए गए थे, उनका सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईई) 10 मार्च 2024 को जाट रेजिमेंटल सेंटर, बरेली में आयोजित की जाएगी। अभ्यर्थियों को जाट रेजिमेंटल सेंटर, बरेली 9 बजे उपस्थित होना होगा।

शिक्षक अभ्यार्थियों ने केशव प्रसाद मौर्य का आवास घेरा

अमृत विचार, लखनऊ : 69000 शिक्षक भर्ती के अंतर्गत चयनित 6800 आरक्षित वर्ग के शिक्षक अभ्यर्थियों ने नियुक्ति की मांग को लेकर गुरुवार को उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के आवास का घेराव किया। इस दौरान अभ्यर्थियों ने जोरदार नारेबाजी भी की। उप मुख्यमंत्री के आवास पर भारी पुलिस बल तैनात रहा। नाराज अभ्यर्थियों का कहना है कि जब तक न्याय और नियुक्ति नहीं मिल जाती तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे अमरेंद्र पटेल ने कहा की 69000 शिक्षक भर्ती में आरक्षण लागू करने में घोर अनियमितता बरती गई, जिस कारण आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को नौकरी से वंचित कर दिया गया।

गुरुवार को हुई परीक्षा में कठिन रहा सीबीएसई 12वीं का पेपर

अमृत विचार, लखनऊ : सीबीएसई 12वीं की बोर्ड परीक्षा का आयोजन गुरुवार को जिले के 38 केन्द्रों पर हुआ। छात्र- छात्राएं अंग्रेजी विषय की परीक्षा में शामिल हुए। परीक्षा के बाद केंद्र से बाहर निकले बच्चों ने बताया कि अंग्रेजी विषय में प्रश्न लंबा व बड़ा होने के करण उसे हल करने में परेशानी हुई। अंग्रेजी विषय के प्रश्न पत्र में कुल 13 प्रश्न पूछे गए। इस संबंध में सीबीएसई के जिला कोर्डिनेटर जावेद आलम ने बताया कि परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुई। उन्होंने कहा कि बच्चों की उपस्थति शत-प्रतिशत है।

इस्कान मंदिर में भजन व नृत्य के साथ मनी नित्यानंद त्रयोदशी

अमृत विचार, लखनऊ : सुशांत गोल्फ सिटी स्थित अंतरराष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ (इस्कान) के राधा रमण बिहारी मंदिर में गुरुवार को नित्यानंद त्रयोदशी को पूजन अर्चन, भजन व नृत्य के साथ मनाया गया। इस्कान के अध्यक्ष अपरिमेय श्याम दास ने प्रथम पूजन व अभिषेक किया। नित्यानंद अविर्भाव महामहोत्सव पर हुई कथा में श्रीकृष्ण हरिदास ने बताया कि निताई बलराम जी का विस्तारित अवतार है। अपरिमेय श्याम दास ने सभी लोगों से कहा कि श्रीमद्भागवत यथारूप स्वाध्याय, हरिनाम जप और राधा रमण बिहारी की प्रेम भाव के साथ अधिक से अधिक सेवा करनी चाहिए।

एनसीसी कैडेट्स ने कैंसर के प्रति किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : नवयुग कन्या महाविद्यालय की एनसीसी विंग द्वारा जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्तन कैंसर सहित अन्य बीमारियों से जुड़ी तमाम सी जानकारियां साझा की गईं।

कमांडिंग ऑफिसर कर्नल दीपक कुमार के निर्देशानुसार प्राचार्या प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय की अध्यक्षता तथा एनसीसी अधिकारी मेजर डॉ. मनमीत कौर सोढ़ी के नेतृत्व में महिला स्वास्थ्य से संबंधित जागरूकता अभियान पिंक टुगेदर, स्ट्रांगर टुगेदर एंड ब्रेकिंग द साइलेंस का आयोजन किया गया। कैडेट तनु सारस्वत और अंजली राय ने स्तन कैंसर से संबंधित पावरप्वाइंट प्रस्तुतीकरण करते हुए स्तन कैंसर के लक्षण, बचाव के उपाय तथा उससे जुड़ी भ्रांतियां को स्पष्ट करने का प्रयास किया। दीपांशी निगम और प्रियंका यादव ने माहवारी से संबंधित पावर पॉइंट प्रस्तुतीकरण से प्रक्रिया तथा माहवारी के दौरान रखने वाली सावधानियों से अवगत कराया।

इस अवसर पर कैडेट शिवांशी, तनु यादव, अनामिका सिंह, नैंसी विश्वकर्मा, गौरवी यादव, गीतांजलि तिवारी, शिवानी पाल, निष्ठा मिश्रा, तान्या साहू, खुशी द्वारा पोस्टर तथा स्लोगन के माध्यम से महिला स्वास्थ्य के महत्व को दर्शाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में एनसीसी कैडेट्स उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान जागरूकता संबंधित पोस्टर लिए एनसीसी कैडेट्स। अमृत विचार

▸▸ **एनसीसी कैडेट्स ने दीं स्वास्थ्य संबंधी जानकारियां**

बच्चों का चश्मा हटाए
GLYTERVEX- M EYE DROP उपयोग करें
जन कल्याण आँख का अस्पताल
ए- 1040, इन्दिरा नगर लखनऊ
मायोपिया विभाग के रिसर्च यूनिट के सहयोग व मार्गदर्शन में
स्टॉकिस्ट - जे० वी० फार्मा, मो0: 9452245400, के० एस० फार्मा, मो0: 9453028384, अमीनाबाद लखनऊ

लविवि में समृद्धि और साझेदारी पर चर्चा

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में भारतीय लोक प्रशासन संस्थान (आईआईपीए) ने सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को प्राप्त करने के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यक्रम के दौरान शांति, ग्रह, समृद्धि और साझेदारी विषयों पर राय साझा की गई। कार्यक्रम में सम्मलित प्रमुख सचिव नियोजन आलोक कुमार ने सतत विकास लक्ष्यों की वर्तमान स्थिति के बारे में जानकारी दी। लविवि में लोक प्रशासन विभाग के प्रमुख डॉ. नंद लाल भारती ने सहस्राब्दी विकास लक्ष्यों (एमडीजी) और एसडीजी पर विचार व्यक्त किए। इन उद्देश्यों को प्राप्त करने में सरकार और व्यक्तियों दोनों की भूमिकाओं पर प्रकाश भी डाला। सीतापुर के आरएमपी पीजी कॉलेज की अर्थशास्त्र की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अर्चना ने भारतीय सतत आर्थिक विकास में उत्तर प्रदेश के योगदान पर चर्चा की। कार्यशाला में 50 से अधिक प्रवक्ताओं और विशेषज्ञों ने भागीदारी की।

संविधान में जनता सुप्रीम है, नेता नहीं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : एमिटी विश्वविद्यालय में अनछुए कानूनी मुद्दे और समाधान पर दो दिवसीय नेशनल सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की भूमिका में उप्र के पूर्व पुलिस महानिदेशक, अधिवक्ता व उच्च न्यायालय रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व पुलिस महानिदेशक सुलखान सिंह ने कहा कि एमिटी यूनिवर्सिटी के शैक्षणिक कार्यक्रम भारतीय समाज विविधिताओं से भरे रहते हैं। हमारी शिक्षा, माध्यम और कानून व्यवस्थाओं आदि में भिन्नता है। इसलिए यह जानना महत्वपूर्ण हो जाता है कि कानून कहां जाकर गलत हो जाता है या कहां भेदभावपूर्ण हो जाता है। इस दौरान डिप्टी प्रोवीसी डॉ. अनिल कुमार तिवारी, बीबीएयू की मानवाधिकार कानून की विभागाध्यक्ष डॉ. प्रीति मिश्रा, सहित अन्य ने अपने विचार प्रस्तुत किये। डॉ. प्रीति मिश्रा ने कहा कि आज हमारे घरों में एलेक्सा जैसे आर्टिफिशियली इंटेलिजेंट मशीनें उपलब्ध हैं। यह सर्वाधिक असुरक्षित भी हो सकता है। क्योंकि आतंकवादी भी इसका प्रयोग करते देखे गए हैं।



कार्यक्रम को संबोधित करते पूर्व पुलिस महानिदेशक सुलखान सिंह। अमृत विचार

▸▸ **एमिटी विश्वविद्यालय में हुआ आयोजन, वक्ताओं ने दी राय**

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
सूचित किया जाता है। फार्म 38 न0-FF-0146115 एवं 2 फार्म C न0. 0558729, 0558730 Might Scientific Sales के नाम से जारी हुए जो की वास्तव में खो गए हैं।

सूचना
मेरा फ्लैट नं. G 903, KDA Signature Greens विकास नगर कानपुर, कब्जा एवं आवंटन पत्र वास्तव में खो गया है। इसका प्रयोग अवैध होगा। **बृजमोहन कानोड़िया पुत्र स्व. लालचन्द्र कानोड़िया मयंक कानोड़िया पुत्र बृजमोहन कानोड़िया कानपुर नगर**

सूचना
पहले मेरा नाम HINA KHAN था अब मैने बदलकर अपना नाम SAYMA KHAN रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **W/O: SARFRAZ AHMAD KHAN R/O: 51, SHADAB COLONY RAHEEM NAGAR MAHANAGAR, LUCKNOW**

सूचना
सूचित हो कि मैं अपनी पुत्री हर्षिता साहू को उनके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण अपनी समस्त चल एवं अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रही हूँ। इनके द्वारा कारित किसी भी कृत्य से मेरा कोई वास्ता या सरोकार नहीं होगा। **अनीता साहू पत्नी स्व0 सन्तोष साहू निवासिनी- म.नं. 290/65/5, पाण्डेय का तालाब, मालवीय नगर, बत्रा पट्रोल पम्प के पास तालकटोरा, लखनऊ- 226017**

सूचना
सूचित हो कि मै पूजा आनन्द अग्निहोत्री पत्नी आनन्द अग्निहोत्री, निवासिनी- 137 ग्राम व पो0 खीरों, थाना खीरों, जनपद रायबरेली, शादी से पूर्व नाम पूजा शर्मा पुत्री जगदीश प्रसाद शर्मा, निवासिनी- 2/321 एन0टी0पी0सी0 ऊँचाहार, रायबरेली था जिसे बदलकर शादी के बाद पूजा आनन्द अग्निहोत्री पत्नी आनन्द अग्निहोत्री, निवासिनी- 137 ग्राम व पो0 खीरों, थाना खीरों, जनपद रायबरेली कर लिया है।

NOTICE
In my army record my father's name is wrongly mentioned as Shri Bala Prasad and date of birth as 01.01.1975 instead of name Bala Prasad Chourasiya date of birth 01.01.1966. Mother's name is wrongly mentioned as Beban Bai, date of birth 01.07.1980 instead of Beban Bai Chourasiya date of birth 01.01.1968. Army No 14834512W, Havildar/ MT Manohar Chourasiya S/o Bala Prasad Chourasiya, Resident- Ward- 16, Chourasiya Mohalla, Bilhari, Katni, Madhya Pradesh- 483501.

सूचना
सूचित है कि **कृष्ण बहादुर सिहं पुत्र शिव गुलाम सिंह, निवासी- ग्राम-सतांव, पर0तह0व जिला रायबरेली,** परिवार रजिस्ट्रर्ड नकल में मेरा नाम त्रुटिवश कृष्ण कुमार पुत्र शिव गुलाम सिंह अंकित हो गया है जिसके स्थान पर मेरा सही नाम कृष्ण बहादुर सिहं पुत्र शिव गुलाम सिंह अंकित किया जाय तथा मेरे पुत्र का नाम कामाक्षा पुत्र कृष्ण कुमार के स्थान पर सही नाम गुरू महंत बाबा पुत्र कृष्ण बहादुर सिंह अंकित किया जाय।

आयोजन | म्यूजिक एल्बम कोशिश, बातों में और बेआबरू लांच

रफी, लता, मुकेश और किशोर के नाम सजी एक शाम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ,

अमृत विचार : श्रेया फाउंडेशन ने गुरुवार को संगीत नाटक अकादमी के संत गाडगे प्रेक्षागृह में लीजेंड नाम से आयोजित कार्यक्रम के जरिये प्रख्यात गायकों मोहम्मद रफी, लता मंगेशकर, किशोर कुमार और मुकेश को संगीतमय श्रद्धांजलि दी।

कार्यक्रम की शुरुआत हेमंत कुमार राय, संगीता राय, श्रेया राय, मोहम्मद रफी के पुत्र शाहिद रफी, गायिका पूर्णिमा श्रेष्ठ आदि ने दीप प्रज्ज्वलित कर की। इस मौके पर म्यूजिक एल्बम कोशिश, बातों में और बेआबरू को लांच किया गया।

श्रेया फाउंडेशन के अध्यक्ष और क्रिएटिव हेड हेमंत कुमार राय ने बताया कि मुख्यमंत्री की प्रेरणा से उत्तर प्रदेश के कलाकारों और गायकों को एक मंच पर लाकर फिल्म निर्माण के क्षेत्र में रोजगार दिलाया जाएगा तथा लखनऊ में एक विश्वस्तरीय फिल्म सिटी की स्थापना भी की जाएगी।

उन्होंने कहा कि हमारी कोशिश है कि हम भारत को फिल्म निर्माण के क्षेत्र में पूरी दुनिया में अग्रणी बनाएं। एलबम की प्रोड्यूसर संगीता राय ने कहा कि हमारा उत्तर प्रदेश निरंतर फिल्म निर्माण के क्षेत्र में तरक्की कर रहा है। मोहम्मद रफी के पुत्र शाहिद रफी ने कहा कि आज लखनऊ में मेरे पापा व अन्य को लेकर जो श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित हुआ है सही मायने में इन महान गायकों के लिए यही सच्ची श्रद्धांजलि है। को प्रोड्यूसर शालिनी मिश्रा ने कहा कि हमारी संस्था निरंतर उत्तर प्रदेश के नए कलाकारों को प्रोत्साहित कर उनको विभिन्न प्रकार के प्लेटफार्म पर लाकर उनको रोजगार के साधन उपलब्ध करा रही है। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना और गणेश वंदना के साथ हुई। साथ ही रॉयल कंपेनियन्स बैंड की ओर से कहकशां खान ने लता मंगेशकर के गीत जाने क्या बात है... विमल कपूर ने मुकेश के सब कुछ सीखा हमने न सीखी होशियारी... जैसे सदाबहार नगमों को अपनी आवाज़ देकर लोगों को मुग्ध किया।

संत गाडगे प्रेक्षागृह में मशहूर गायकों के गीतों को गाकर श्रद्धांजलि देते गायक।

लखनऊ नगर निगम
टी.एन.मार्ग, लालबाग, लखनऊ. फोन-फैक्स: 0522-2612639, ई-टेण्डर पोर्टल: https://etender.up.nic.in

ई-निविदा सू0सं0: 370/मु0अ0/2023-24 दिनांक: 21.02.2024

ई-निविदा प्रणाली के अन्तर्गत अति-अल्पकालिक निविदा सूचना (द्वितीय आमंत्रण)

ई-निविदा प्रणाली के अन्तर्गत लखनऊ नगर निगम द्वारा **दिनांक 28-02-2024** को **46 कार्य हेतु द्विलिफाफा पद्धति पर** ई-निविदायें, ई-निविदा पोर्टल **https://etender.up.nic.in** पर आमंत्रित की जाती हैं, पोर्टल **https://etender.up.nic.in** पर निविदा के साथ जमानत धनराशि एवं निविदा प्रपत्र की धनराशि आर0टी0जी0एस0 / एन0ई0एफ0टी0 / इण्टरनेट बैकिंग के माध्यम से पोर्टल **https://induscollect.indusind.com/pay/index.php** पर लागिन करके जमा किया जायेगा। ई-निविदा **दिनांक 28-02-2024 को अपराह्न 15.00 बजे तक** ई-निविदा पोर्टल पर प्राप्त की जायेगी जिन्हें **दिनांक 28-02-2024 को 16.00 बजे** निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। किसी भी ई-निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार समक्ष अधिकारी में निहित होगा। अन्य समस्त विवरण/नियम/शर्तें यथा कार्य का नाम, आगणन धनराशि, निविदा प्रपत्र की धनराशि एवं जमानत धनराशि तथा निविदा प्रपत्र पोर्टल **https://etender.up.nic.in** पर उपलब्ध हैं।

मुख्य अभियन्ता

एक नजर

साहित्यकार रघोत्तम को मिलेगा साहित्य गौरव सम्मान

रघोत्तम शुक्ल

अमृत विचार, लखनऊ : उप्र राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान वरिष्ठ साहित्यकार व स्तंभकार रघोत्तम शुक्ल को 'साहित्य गौरव' सम्मान से सम्मानित करेगी। वरिष्ठ साहित्यकार को यह सम्मान 3 मार्च को आयोजित समारोह में दिया जाएगा। इसकी तैयारी भी संस्थान ने शुरू कर दी है। रघोत्तम शुक्ल ने एक दर्जन पुस्तकों का लेखन किया है। उनको पहले कई साहित्य पुरस्कार व सम्मान मिल चुके हैं।

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा आज सीतापुर में

अमृत विचार, लखनऊ : राजस्थान के मुख्यमंत्री शुक्रवार को एक दिवसीय प्रवास पर उप्र. में रहेंगे। प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ला ने बताया कि राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा शुक्रवार सुबह चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट, लखनऊ पहुंचेंगे। यहां से वह नैमिषारण्य सीतापुर में पहुंचकर संतों से मिलेंगे। दिन में अन्य कार्यक्रमों भी प्रतिभाग करेंगे।

सत्यापन की रफ्तार धीमी धनराशि के लिए करना पड़ रहा इंतजार

अमृत विचार, लखनऊ : सत्यापन की धीमी रफ्तार के कारण आवेदकों को धनराशि के लिए इंतजार करना पड़ रहा है। स्पान्सरशिप योजना में अभी तक 1250 आवेदन हो चुके हैं, मगर सत्यापन सिर्फ 150 का ही हो पाया है। स्पान्सरशिप योजना के तहत बच्चों को पढ़ाई के लिए चार हजार रुपये प्रतिमाह दिए जाते हैं। योजना का लाभ लेने के लिए ग्रामीण क्षेत्र में 72 हजार और शहरी क्षेत्र में 96 हजार रुपये से अधिक वार्षिक आय नहीं होनी चाहिए। जबकि माता-पिता और वैध संरक्षक न होने की दशा में आय सीमा का नियम लागू नहीं होता है। योजना के तहत अभी तक 1250 पात्रों से फार्म भरवाए गए हैं। जबकि सत्यापन महज 150 का हो पाया है। इनके खाते में शीघ्र राशि जाएगी। वहीं, अन्य पात्रों अभी सत्यापन का इंतजार कर रहे हैं। जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास सिंह ने बताया कि सत्यापन के लिए टीम लगाई गई है। निर्देश दिए गए हैं कि जल्द से जल्द सत्यापन की प्रक्रिया पूरी करें।

पहले दिन दोनों पालियों में 3958 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

यूपी बोर्ड परीक्षा : 134 केंद्रों पर 10वीं और 12वीं की दो पालियों में आयोजित हुईं चार विषयों की परीक्षाएं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : माध्यमिक शिक्षा परिषद यूपी बोर्ड की 10वीं व 12वीं की परीक्षाएं गुरुवार को शुरू हो गईं। सुबह की पाली में 10वीं की हिंदी व प्रारंभिक हिंदी की परीक्षा और 12वीं की सैन्य विज्ञान की परीक्षा प्रातः 8:30 से 11:45 बजे तक आयोजित हुई। जबकि दूसरी पाली में 10वीं की वाणिज्य और 12वीं की हिन्दी, सामान्य हिंदी की परीक्षा दोपहर 2 से शाम 5:15 तक आयोजित हुई। पहली पाली में 53,580 परीक्षार्थियों में 2,853 ने परीक्षा छोड़ दी है।

वहीं, दूसरी पाली की परीक्षा में 33,207 में 32,102 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। जबकि 1105 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं, जेल में कैदियों ने अपना पेपर समय से हल कर लिया। माध्यमिक शिक्षा निदेशालय के शिविर कार्यालय और जिला स्तरीय कंट्रोल रूम से परीक्षा केंद्रों की निगरानी की गई।

एसीएस ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण : अपर मुख्य सचिव माध्यमिक दीपक कुमार द्वारा द्वितीय पाली में जुबिली कॉलेज में कंट्रोल रूम के साथ-साथ केन्द्रों का भी निरीक्षण किया गया। इस दौरान वह राजकीय कन्या इण्टर कालेज, नरही (जियामक) पहुंचे। परीक्षा केन्द्र के स्ट्रांग रूम को खुलवाकर निरीक्षण किया गया। डबल लॉक अलमारी के सील एवं पंजिका के साथ अवशेष प्रश्न पत्रों के पैकेट की गुणवत्ता देखी। कक्ष निरीक्षकों के परिचय पत्र पर अंकित क्यूआर कोड को स्कैन करके सत्यापन भी किया। उनके साथ जेडी माध्यमिक शिविर भगवती सिंह, अपर शिक्षा निदेशक अजय द्विवेदी भी मौजूद रहे।

गंदगी देख नाराज हुए अपर मुख्य सचिव : अपर मुख्य सचिव ने सेन्टीनियल इण्टर कालेज का भी निरीक्षण किया। परिसर में उगी घास और गंदगी को देखकर उन्होंने नाराजगी जाहिर की और तत्काल साफ कराने के निर्देश दिए। जनपदीय कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण किया। कन्ट्रोल रूम में स्थापित कंप्यूटर पर संचालित जनपद के परीक्षा केन्द्रों के लाइव स्ट्रीमिंग का अवलोकन किया गया।

परीक्षा केन्द्र की व्यवस्था देखते अपर मुख्य सचिव माध्यमिक दीपक कुमार। अमृत विचार


परीक्षा के दौरान निरक्षण करते अधिकारी। अमृत विचार

- राजधानी में प्रमुख सचिव, अपर शिक्षा निदेशक, संयुक्त शिक्षा निदेशक व डीआईओएस ने किया परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण
- जेल में कैदियों ने समय से हल कर लिया प्रश्नपत्र

10वीं में हिंदी का 50 प्रतिशत सरल तो 50 प्रतिशत कठिन रहा प्रश्नपत्र

सुबह की पाली में 10वीं की हिंदी की परीक्षा देकर निकले परीक्षार्थियों ने बताया कि हिंदी का प्रश्नपत्र 50 प्रतिशत सरल और 50 प्रतिशत कठिन रहा। परीक्षा देने वाले छात्र अनुज वर्मा ने बताया कि कई सवाल ऐसे थे जो काफी घुमाकर पूछे गये थे। कुछ सवाल ऐसे भी थे जो लंबे थे ऐसे में हल करने में समय लगा। वहीं, छात्र अखिलेश ने बताया कि रेगुलर पढ़ने वाले छात्रों के लिए पेपर आसान था।

केन्द्र पर निरीक्षण के दौरान मौजूद मंडलीय सचल दल के प्रभारी डॉ. दिनेश कुमार। अमृत विचार

मंडलीय सचल दस्ते भी रहे अलर्ट

लखनऊ : परीक्षा में निगरानी के लिए जेडी माध्यमिक डॉ. प्रदीप कुमार की ओर से बनाये गये चारों सचल दस्ते अलर्ट रहे। पहले दिन जेडी ने जहां लखनऊ की कमान संभाली। वहीं, दूसरी ओर मंडलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार ने जिलों का निरीक्षण किया। दिनेश कुमार ने सीता इण्टर कॉलेज महमूदाबाद में कक्ष निरीक्षक को परिचय पत्र जेब में रखे देखा तो फटकार लगाई और उसे आलपिन से यथा स्थान लगाकर ड्यूटी करने का निर्देश दिया।

रिजर्व कक्ष निरीक्षक भेजे गए

वहीं, दूसरी ओर विद्यालय में कक्ष निरीक्षकों की ड्यूटी में तैनात किए गए शिक्षकों की लापरवाही भी देखने को मिली। डीआईओएस राकेश कुमार ने बताया कि परीक्षा केन्द्र बने बीएसएनवी गर्ल्स कॉलेज और ऊदादेवी इंटर कॉलेज में कक्ष निरीक्षकों की कमी की जानकारी मिली थी। वहां पर कक्ष निरीक्षकों की तत्काल व्यवस्था की गई।

सचल दलों की डीआईओएस लेते रहे लोकेशन

परीक्षा में निगरानी के लिए लखनऊ में गठित छह सचल दलों की डीआईओएस लोकेशन लेते रहे। उन्होंने सचल दलों को पहले दिन अधिक से अधिक केन्द्रों का निरीक्षण करने के निर्देश दिये। सचल दलों की सक्रियता के चलते राजधानी में पहले दिन किसी भी परीक्षा केन्द्र पर नकलची नहीं पकड़ा गया। इसके अलावा किसी भी परीक्षार्थी के पास नकल सामग्री भी बरामद नहीं हुई।

शिक्षकों ने तिलक लगाकर मुंह मीठा कराया फिर परीक्षा कक्ष में दिया परीक्षार्थियों को प्रवेश

शिक्षकों ने परीक्षार्थियों को तिलक लगाया। मुंह मीठा कराया। इसके बाद जेडी माध्यमिक डॉ. प्रदीप कुमार और डीआईओएस राकेश कुमार के निर्देशन में परीक्षा कक्ष में प्रवेश कराया। यह नजारा जुबिली इंटर कॉलेज में यूपी बोर्ड की 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं के दौरान पहले दिन का था। अन्य केन्द्रों पर भी इसी तरह से केन्द्र व्यवस्थापकों ने परीक्षार्थियों का स्वागत किया। गुरुवार को राजधानी के 134 केंद्रों पर परीक्षा शुरू हुई। पहले दिन दोनों पालियों में 3958 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

पुष्प वर्षा से परीक्षार्थियों का किया गया स्वागत

बाल निकुंज स्कूल्स एंड कॉलेजेज की पल्टन छावनी शाखा में परीक्षार्थियों का टीका लगाकर, पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया। निकुंज इंग्लिश स्कूल पलटन छावनी अलीगंज, लखनऊ में परीक्षोत्सव मनाया गया। प्रवेश देते समय विद्यालय गेट से बाहर 10वीं के सभी 530 परीक्षार्थियों को दही-पेड़ा खिलाकर, टीका लगाकर, आरती व स्वागत गीत गायन के साथ पुष्प वर्षा कर जोरदार स्वागत किया गया। जिससे सभी परीक्षार्थी तनाव मुक्त होकर परीक्षा दे सकें।

परीक्षार्थियों को टॉफी देते जेडी माध्यमिक डॉ. प्रदीप कुमार साथ में अन्य। अमृत विचार

अपर शिक्षा निदेशक ने देखी ऑनलाइन व्यवस्था

अपर शिक्षा निदेशक माध्यमिक सुरेन्द्र कुमार तिवारी और डीआईओएस राकेश कुमार ने परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जुबिली कॉलेज में बने जिला स्तरीय कंट्रोल रूम की भी स्थिति देखी। कंट्रोल रूम में तैनात कर्मचारियों को उन्होंने सभी केन्द्रों पर लगातार निगरानी बनाए रखने को लेकर निर्देश दिये। वहीं, जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने भी जुबिली कॉलेज में स्थापित कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया।

ठेकेदारों का नगर निगम पर 225 करोड़ बकाया

अमृत विचार, लखनऊ : नगर निगम के ठेकेदार बकाया भुगतान के लिए नगर निगम के सालों से चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन उन्हें आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिलता। गुरुवार को नगर निगम कांट्रेक्टर्स ऐसोसिएशन के बैनर तले ठेकेदारों ने महापौर सुषमा खर्कवाल से नगर निगम मुख्यालय स्थित कार्यालय में मुलाकात की। ठेकेदारों ने महापौर से वित्तीय वर्ष 2021-22 और 2022-23 का बकाया लगभग 225 करोड़ रुपये भुगतान कराने की मांग की। ठेकेदारों का कहना था कि पेमेंट फंस जाने से उनके सामने आर्थिक संकट है। नए कार्य कराने में भी पूंजी की दिक्कत आ रही है। उन्होंने महापौर से भुगतान के लिए नगर आयुक्त को निर्देशित करने का अनुरोध किया। महापौर ने ठेकेदारों की समस्याओं को सुनकर उन्हें जल्द से जल्द भुगतान कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि ठेकेदारों को बकाया भुगतान पार्ट में कराया जाएगा। इस मौके पर अध्यक्ष धनंजय सिंह, राहुल सिंह, राकेश सिंह सहित संगठन के अन्य पदाधिकारी एवं ठेकेदार उपस्थित रहे।

मैक्स हेल्थकेयर को बेचा 160 करोड़ का भूखंड

अमृत विचार, लखनऊ : आवास विकास की वृंदावन योजना में मैक्स हेल्थकेयर अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस अस्पताल बनाएगा। आवास विकास ने कंपनी को वृंदावन योजना के सेक्टर 8 बी में ई-नीलामी से संस्थागत भूखंड आवंटित किया है। वृंदावन योजना के सेक्टर 8 बी में मैक्स हेल्थकेयर इंस्टीट्यूट लिमिटेड को बेचे गए इस संस्थागत भूखंड की कीमत लगभग 160 करोड़ रुपये है। इसके लिए कंपनी की ओर से आवास विकास को 74,220 रुपये प्रति वर्गमीटर की दर से बोली प्राप्त हुई। भूखंड का क्षेत्रफल 27,946 वर्गमीटर है। आवास आयुक्त रणबीर प्रसाद ने बोली को स्वीकृति प्रदान कर दी है।

स्टार हेल्थ ने किया क्लेम सेटलमेंट का भुगतान

अमृत विचार, लखनऊ : स्टार हेल्थ एंड एलाइड इंश्योरेंस ने अप्रैल 2023 से जनवरी 2024 के बीच उत्तर प्रदेश में करीब 345 करोड़ रुपये से भी ज़्यादा के क्लेम को मंजूरी दी है। कंपनी ने उनके नेटवर्क में आने वाले अस्पतालों को क्लेम सेटलमेंट करने के लिए लगभग 310 करोड़ रुपये दिए। साथ ही जो अस्पताल उनकी परिधि में नहीं आते हैं, उनको भी क्लेम सेटलमेंट के लिए 35 करोड़ रुपये दिए हैं।

एक नजर

महिला के शव की पुत्र ने की शिनाख्त

अमृत विचार, लखनऊ : चौक इलाके के कंचन मार्केट के पास बुधवार दोपहर संदिग्ध हालत में मिले महिला के शव की शिनाख्त उनके बेटे राज ने शीला वाल्मीकि (40) के रूप में की है। राज ने बताया कि काफी समय से वह मां के साथ मेडिकल कॉलेज में बने सर्वेंट क्वार्टर में रहते थे। मां मानसिक बीमार व नशे की आदी थीं। पुलिस ने बताया पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण सेप्टी सीमिया आया है। कहा मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है

मुख्य आरक्षी के खाते से 37 हजार किए पार

अमृत विचार, लखनऊ : महानगर पुलिस लाइन निवासी वेद प्रकाश भट्ट एटीएस के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय में मुख्य आरक्षी के पद पर तैनात हैं। वेद प्रकाश ने बताया 14 फरवरी को दोपहर 12 बजे उन्होंने गोरखपुर एम्स में अप्वाईंटमेंट के लिए इंटरनेट से नंबर निकाल कर कॉल की थी। कॉल उठाने वाले जालसाज ने उनसे एक ऐप डाउनलोड कराया। इसके बाद उनके खाते से 37 हजार रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर हो गये। इंस्पेक्टर महानगर अखिलेश कुमार मिश्रा ने बताया अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

दुकान के बाहर खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी

अमृत विचार, काकोरी : काकोरी थाना क्षेत्र में चोरों ने ट्रैक्टर ट्रॉली पार कर दी। पीड़ित बब्लू राजपूत निवासी ग्राम पुरैना ने काकोरी थाने में दी तहरीर में बताया कि घुरघुरी तालाब चौराहे पर राजपूत ट्रेडर्स के नाम से गिट्टी मौरंग की दुकान है। रोज की तरह मंगलवार को भी ट्रैक्टर-ट्रॉली दुकान के बाहर खड़ा किये थे। देर रात चोर ट्रैक्टर-ट्रॉली चुरा ले गये। बुधवार काफी खोजबीन के बाद भी सुराग नहीं लगा। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू की है।

हनीट्रैप : हवलदार से मांगी सेना की गोपनीय जानकारी

महिला ने शादी कर हड़पे लाखों रुपये, बाराबंकी में दर्ज कराई दुष्कर्म की एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कमिश्नरेट पुलिस पर सुनवाई न करने का आरोप, कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुई रिपोर्ट

अमृत विचार : सेना में हवलदार प्रमोद कुमार को अपने जाल में फंसाकर महिला सेना की अंदरूनी जानकारी हासिल करनी चाही। विरोध करने पर ब्लैकमेल किया और जान से मारने की धमकी दी। महिला ने हवलदार से शादी करने के नाम पर 10 लाख रुपये वसूले। पीड़ित हवलदार को हकीकत पता चली तो पुलिस से शिकायत की, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। इस पर कोर्ट में अर्जी डाली। कोर्ट के आदेश पर चिनहट पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। मामले की जांच शुरू की है।

बाराबंकी के सफदरगंज स्थित कुड़ी निवासी प्रमोद कुमार के मुताबिक चिनहट इलाके की रहने वाली सीमा से उनकी दोस्ती छह साल पहले सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर हुई। उसने दोस्ती के बाद शादी करने का वायदा किया। प्रमोद के मुताबिक सीमा के कई संदिग्ध लोगों से ताल्लुकात थे। मामला गंभीर होता देख प्रमोद ने थाने में शिकायत की। विभागीय अधिकारी और मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की, पर सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद कोर्ट में वाद दायर किया। इंस्पेक्टर चिनहट अश्वनी कुमार चतुर्वेदी ने बताया सीमा देवी के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज की है।

असम में तैनाती के दौरान हुई थी दोस्ती

प्रमोद कुमार के मुताबिक उसकी सीमा से छह वर्ष पहले सोशल मीडिया पर दोस्ती हुई थी। सीमा की बातों में वह फंस गया। उस समय प्रमोद असम में तैनात था। सीमा चिनहट के मटियारी चौराहे के समीप कोल्ड स्टोरेज के पास किराये के कमरे में रहती थी। सीमा ने बताया था कि वह प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करती है। सीमा से शादी करने को कहता तो टाल-मटोल करती रही। प्रमोद ने बताया सीमा उससे 10 लाख रुपये ले लिया। मई 2019 में प्रमोद का ट्रांसफर सिक्किम हो गया। प्रमोद ने बताया कि जब रुपये देने से मना कर दिया तो उसके खिलाफ बाराबंकी के रामनगर थाने में प्रमोद पर दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज करा दी। पुलिस ने समझौता कराया। इसके बाद शादी कर साथ में जानकीपुरम में रहने लगी। प्रमोद को संदेह हुआ तो उसने चोरी से सीमा का मोबाइल देखा। उसमें संदिग्ध व आपत्तिजनक सामग्री मिली। सीमा दिल्ली में रहने के दौरान वह कई बार मुंबई गई थी। वहीं उसके शादीशुदा होने की पुष्टि हुई।

आर्मी कॉलोनी न ले जाने पर दी जान से मारने की धमकी

प्रमोद का कहना है कि वह उसे ब्लैकमेल कर लगातार रुपये वसूल रही है। दिल्ली की आर्मी कॉलोनी ले चलने का दबाव बना रही थी। नहीं ले जाने पर जान से मारने की धमकी दी। वह प्रमोद से आर्मी के कागजात मांग रही थी। अगस्त में वह लखनऊ आया तो नये ठिकाने की जानकारी हुई। वहां पहुंचा तो पता चला कि मुंबई गयी है। सीमा के दोस्तों ने बताया कि वह विदेशी मुस्लिम मित्रों के साथ अक्सर आती जाती है। दुबई के लोगों के संपर्क में रहती है, बार-बार ठिकाना बदलती रहती है।

12वीं के छात्र का फंदे से लटकता मिला शव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- परीक्षा के तनाव में आत्महत्या करने की आशंका
- मड़ियांव इलाके के भरतनगर का मामला

अमृत विचार: मड़ियांव इलाके में बोर्ड परीक्षा के तनाव में इंटर के छात्र ने फंदा लगाकर जान दे दी। परिजन ने पुलिस को सूचना दिये बिना अंतिम संस्कार कर दिया। पुलिस ने आरोप से इनकार किया है।

थाना अंतर्गत भरत नगर निवासी जया श्रीवास्तव सीतापुर में शिक्षिका हैं। उनका बेटा राज श्रीवास्तव (17) पुत्र विश्वजीत इंटर मीडिएट का छात्र था। बुधवार देर शाम परिजन घर से बाहर थे इसी दौरान उसने चादर का फंदा लगाकर जान दे दी। घर लौटे माता-पिता को दरवाजा बंद मिला। पिता विश्वजीत सीढ़ी लगा अंदर पहुंचे तो राज सीढ़ी की ग्रिल में लटका मिला। विश्वजीत उसे निजी नर्सिंग होम लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परिवार ने पुलिस कार्रवाई से मना कर शव का अंतिम संस्कार कर दिया। इंस्पेक्टर मड़ियांव शिवानन्द मिश्र ने बताया छात्र के जान देने की सूचना परिवार ने पुलिस को नहीं दी थी। कहा आशंका है कि बोर्ड परीक्षा को लेकर तनाव में उसने यह कदम उठाया हो।

मास्टर माइंड महिला समेत आठ गिरफ्तार

ऑनलाइन लोन दिलाने के नाम पर ठगी कर रहा था गिरोह

एसटीएफ की कार्रवाई

- नोएडा में मालिक से रेंट एग्रीमेंट बनवाकर खोला था खुद का आफिस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : यूपी एसटीएफ ने इंडिया बुल्स कंज्यूमर फाइनेंस में ऑनलाइन लोन दिलाने का झांसा देकर ठगी करने वाले गिरोह की मास्टर माइंड महिला समेत आठ लोगों को सी-4 सेक्टर 63 नोएडा से गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से नगदी और मोबाइल समेत अन्य सामान बरामद हुआ है।

एडीजी एसटीएफ अमिताभ यश ने बताया मास्टर माइंड छाया सिंह वर्ष-2020 से शकर शर्मा के ऑफिस में बैकेंड का काम देखती थी। यहीं पर उसकी मुलाकात अंकित, सोनू, प्रिया, आंचल, सुलेखा, अंकिता, शिवानी से हुई। यह लोन लेने के इच्छुक लोगों को इंडिया बुल्स कंज्यूमर फाइनेंस धनी एप के माध्यम से ऑनलाइन लोन का झांसा देकर फर्जी दस्तावेज भेजकर कर फर्जी बैक खातों में रुपये मंगाकर ठगी करते थे। साफ्ट वेयर इंजीनियर रजत जस्ट डायल व अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म से डाटा हासिल कर आरोपियों को देता था। गिरोह के सदस्य छाया सिंह (मास्टरमाइंड) प्रिया शुक्ला, आंचल चौधरी, सुलेखा, अंकित, सोनू उर्फ विजेन्द्र प्रताप सिंह चौहान, अर्चना प्रजापति और शिवानी को गिरफ्तार किया गया है।

एडीजी ने बताया लोन अमाउंट का 18 प्रतिशत जीएसटी पे करने की पेशकश की जाती है। इस कार्य में प्रयोग होने वाले बैक खातों को बैंक कर्मी डीके व सक्षम अपना कमीशन काट कर कैश में निकालकर देते हैं। आरोपियों के कब्जा से 35 मोबाइल फोन और 17 एटीएम और क्रेडिट कार्ड 11,190 रुपए नकद तथा एक स्वीफ्ट डिजायर कार आदि बरामद किया है।

300 लोगों से करोड़ों ठगे

आरोपियों ने छह महीनों में बीस फर्जी किराये के बैक खातों व बीस यूपीआई एकाउंट का प्रयोग कर 300 से अधिक लोगों से करोड़ों की ठगी की है।

घंटेभर सड़क पर तड़पता रहा युवक, लोग बनाते रहे वीडियो

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- हादसे में घायल युवक घंटे भर सड़क पर पड़ा रहा, समय पर इलाज न मिलने से हुई मौत
- शादी में शामिल होकर घर लौटते समय हुसैनगंज क्षेत्र में हुआ हादसा

अमृत विचार : हुसैनगंज थाना क्षेत्र में शादी में शामिल होकर लौट रहे युवक को कांग्रेस कार्यालय से कुछ दूरी पर अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। खून से लथपथ युवक घंटे भर पड़ा रहा, लोग वीडियो बनाते रहे। मौके पर पहुंचा परिचित उसे सिविल ले गया। इलाज में हीला हवाली देख युवक के परिजन ने उप मुख्यमंत्री से फोन कराया। तब डॉक्टर उसे ट्रॉमा ले गये। जहां इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

हुसैनगंज थाना अंतर्गत उदयगंज निवासी अमित (30) पुत्र विजय कुमार निजी संस्थान में काम करते थे। बुधवार रात वह एक परिचित के यहां शादी समारोह में स्कूटी से शामिल होने गये थे। वहां से लौटते समय कांग्रेस कार्यालय से कुछ दूरी पर रात करीब पौने 10 बजे अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गये। पिता विजय का कहना है कि पौने 11 बजे उनके मोहल्ले का युवक घटना स्थल से गुजर रहा था। भीड़ को वीडियो बनाते देख वह पहुंचा तो पुलिस व उन्हें फोन कर घटना की जानकारी दी। युवक आनन-फानन में निजी वाहन से अमित को सिविल अस्पताल ले गया। आरोप है कि काफी देर डॉक्टर इलाज में हीला-हवाली करते रहे। उन्होंने डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक को मामला बताया, तब सिविल के डॉक्टर ने गंभीर हालत देख ट्रामा भेजा। जहां पर इलाज के दौरान अमित की मौत हो गयी। विजय का कहना है कि यदि समय रहते बेटे को इलाज मिल जाता तो जान बच सकती थी। परिजन ने पोस्टमार्टम कराये बिना ही गुरुवार को अंतिम संस्कार कर दिया। इंस्पेक्टर हुसैनगंज ने बताया मामला संज्ञान में है। परिजन की तरफ से तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

अमित कुमार

छत से सड़क पर गिरे मजदूर की ट्रॉमा में मौत

अमृत विचार, लखनऊ : चिनहट इलाके में छत से रोड पर गिरे मजदूर की मौत का मामला सामने आया है। सीतापुर के कमलापुर निवासी लखन (32) मजदूरी करते थे। भाई रामफेर ने बताया लखन चिनहट के जुग्गौर में किराये के मकान में रहकर मल्हौर में एक घर में मजदूरी कर रहे थे। बुधवार सुबह 11 बजे वह दूसरी मंजिल की छत पर टाइल्स की सफाई करते समय संतुलन बिगड़ने से सड़क पर जा गिरे। मकान मालिक कृष्ण कुमार ने उन्हें ट्रामा सेंटर पहुंचाया, जहां मौत हो गई।

भू-माफिया पर गुंडा-गैंगस्टर एक्ट की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- निगरानी के लिए बनाया एंटी भू-माफिया सेल, डीसीआरबी प्रभारी को दी गई जिम्मेदारी

अमृत विचार : राजधानी में भू-माफियाओं पर लगाम लगाने के लिए कमिश्नरेट पुलिस ने गुरुवार को एंटी भू-माफिया सेल का गठन किया। इस सेल में तैनात पुलिसकर्मी जमीन कब्जाने वालों को चिह्नित करेंगे।

संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था उपेंद्र कुमार अग्रवाल के मुताबिक अवैध तरीके से जमीन पर कब्जा करने के कई मामले सामने आ चुके हैं। उनके खिलाफ स्थानीय पुलिस कार्रवाई करती है, तो उस इलाके को छोड़कर किसी दूसरे थाना क्षेत्र में फिर जमीन कब्जा करने लगते हैं। अलग-अलग थाना क्षेत्र में मामला होने के कारण उन लोगों की पहचान नहीं हो पाती है। न उनके खिलाफ गुंडा-गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई हो पाती है। पुलिस आयुक्त एसबी शिरडकर के निर्देश पर सेल का गठन किया गया है। लोगों से अपील है कि ऐसे भू-माफिया जिनके खिलाफ लंबा आपराधिक इतिहास है। उनकी जानकारी सेल में दें।

इन बिंदुओं पर टीम करेगी काम

जमीन से जुड़े मामलों में नए सिरे से चिह्नित कर उनके आपराधिक इतिहास का सत्यापन कर गंडा-गैंगस्टर समेत अन्य कार्रवाई की जाएगी। सीसीटीएनएस की सहायता से जमीन कब्जा करने, लोगों से पैसे हड़पने आदि मुकदमों का डाटा एकत्रित किया जाएगा। जिन मामलों में आरोपितों के खिलाफ आरोप पत्र एक से अधिक है। उनको भी चिह्नित किया जाएगा। तहसीलदार व सहायक पुलिस आयुक्त के कार्यालय से बात कर भू-माफिया होने योग्य प्रकरणों की समीक्षा कर भू-माफिया पोर्टल पर अपडेट कराएंगे। नए सिरे से भू-माफिया भी चिह्नित करने में जनपदीय टास्क फोर्स की सहायता करेंगे। धारा 447/448 के मुकदमों की सूची थानों को भेजी गई है। उस पर थाना प्रभारी से बात की जाएगी। अगर उन आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई है, तो उनके खिलाफ कार्रवाई करवाने के लिए पत्राचार किया जाएगा।

सैन्यकर्मी की बुजुर्ग मां की संदिग्ध हालात में मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मां को जहरीला पदार्थ खिलाने की जताई आशंका

अमृत विचार: पीजीआई थाना क्षेत्र में बुजर्ग महिला की तबीयत बिगड़ गयी। परिजन उसे अस्पताल ले गए, जहां मौत हो गयी। बुजुर्ग महिला का बड़ा बेटा फौज में है और वह छोटे बेटे के संग रहती थीं। बड़े बेटे ने मां को जहरीला पदार्थ खिलाने की आशंका जताई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

थाना क्षेत्र के प्रभातपुरम निवासी विनोद ठाकुर आर्मी के मेडिकल कोर दिल्ली में तैनात हैं। घर पर पत्नी शोभा ठाकुर, बच्चे और मां भागमानी देवी (72), छोटा भाई रजनीकांत, उसकी पत्नी सोनी शर्मा के रहते हैं। विनोद ने बताया कि वह ड्यूटी पर थे, तभी उनकी बेटी ने मां की मौत की सूचना दी। घर पहुंचे, तो पता चला कि मंगलवार को मां की एकाएक तबीयत खराब हुई थी। छोटे भाई मां को अस्पताल ले गए। जहां इलाज के दौरान मौत हो गयी। विनोद का कहना है कि मां स्वस्थ्य थीं। आशंका है कि किसी ने मां को विषैला पदार्थ खिला दिया, जिससे हालत बिगड़ गयी। इंस्पेक्टर ब्राजेश चन्द्र त्रिपाठी ने बताया कि परिजनों ने अभी तक कोई तहरीर नहीं दी है।

स्कूटी से पांच छात्र-छात्राओं के मोबाइल फोन चोरी

अमृत विचार, आलमबाग : आशियाना क्षेत्र में गुरुवार बोर्ड परीक्षा देने आये पांच छात्र-छात्राओं के परीक्षा सेंटर के बाहर खड़ी स्कूटी से मोबाइल फोन चोरी हो गये। पीड़ितों ने आशियाना थाने में शिकायत दर्ज करायी है। आशियाना क्षेत्र के रजनी खंड स्थित अवध पब्लिक स्कूल में गुरुवार से सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा में लखनऊ पब्लिक स्कूल साउथ सिटी शाखा के छात्र-छात्राएं शामिल हुये। इंटर का छात्र तेलीबाग निवासी शुभम, एकता नगर निवासी रवि प्रजापति ने बताया परीक्षा केंद्र में जाने से पहले मोबाइल स्कूटी की डिक्की में रखे थे। जब परीक्षा देकर निकले तो मोबाइल चोरी हो चुके थे। इन दोनों के अलावा सेंटर के बाहर से अन्य परीक्षार्थियों अख्तर, अराध्या एवं वैष्णवी के भी मोबाइल फोन चोरी हुए हैं। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

सार-संक्षेप

तिहरे हत्याकांड के चारों आरोपियों पर गैंगस्टर की कार्रवाई

अमृत विचार, लखनऊ : मलिहाबाद तिहरे हत्याकांड में नामजद चारों आरोपियों पर गुरुवार को गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की गई। जबकि दो दिन पहले पुलिस ने हत्याकांड में शामिल छह आरोपियों के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। पुलिस के अनुसार व्यवासायी फरीद अहमद ने हत्या के मामले में लल्लन उसके बेटे फराज, चालक अशर्फी और फुरकान के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। जांच में शोभित शुक्ला और सिद्धार्थ का नाम सामने आया था। दोनों का कोई अपराध करना नहीं पाया गया। इसके चलते नामजद चारों मुख्य आरोपियों के खिलाफ ही गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की गई है। बता दें कि आरोपियों ने एक फरवरी को ताबड़तोड़ गोलियां चलाकर फरीद की पत्नी फरहीन, बेटे हंजला और रिश्तेदार मुनीर अहमद की हत्या कर दी थी।

एसडीआरएफ मुख्यालय में आपदा प्रबंधन कोर्स का समापन

अमृत विचार, सरोजनीनगर : सरोजनीनगर के नूरनगर भदरसा स्थित राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) मुख्यालय में आयोजित 42 दिवसीय आपदा प्रबंधन कोर्स का गुरुवार को समापन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राज्य आपदा मोचन बल के प्रभारी सेनानायक हरेंद्र प्रताप यादव ने अभ्यास को सफलता का सबसे अहम हथियार बताया। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के कोर्स अधिकारी अनिल कुमार पाल के नेतृत्व में प्रशिक्षित एनडीआरएफ के कुशल तैराक व सभी आपदाओं से निपटने में सक्षम 9 सदस्यीय प्रशिक्षण टीम ने एसडीआरएफ के प्रशिक्षकों को विभिन्न आपदाओं से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार किया। इस प्रशिक्षण में एसडीआरएफ के 59 जवानों को आपदा से निपटने के लिए तैयार किया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षकों को आपदा से पीड़ित आपदाओं के दृश्यों से अवगत करा कर राहत और बचाव के तरीकों का अभ्यास कराया गया। इस मौके पर प्रशिक्षण ले चुके सभी एसडीआरएफ जवानों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए।

संतुलित उर्वरकों के प्रयोग से बढ़ेगा उत्पादन : गजेंद्र

अमृत विचार, बख्शी का तालाब : नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड द्वारा इटौंजा में एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए प्रबन्धक क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ बीके मिश्रा ने कंपनी के विभिन्न उत्पादों के बारे में जानकारी दी। इसके उपरांत चंद्रभानु गुप्त कृषि स्नातकोत्तर महाविद्यालय निदेशक प्रो. योगेश शर्मा द्वारा मृदा में जैविक उर्वरकों एवं बेंटोनाईट सल्फर के प्रयोग से होने वाले लाभों से अवगत कराया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. गजेंद्र सिंह द्वारा गेहूं की फसल मे संतुलित उर्वरकों के उपयोग के बारे में अवगत कराया। महाविद्यालय के कृषि कीट विज्ञान विभाग के सह- आचार्य डॉ. सत्येंद्र कुमार सिंह द्वारा किसानों को मृदा परीक्षण, संतुलित उर्वरकों के उपयोग की महत्ता एवं उन्नत नवीन कृषि पद्धतियों से अवगत कराया। कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला प्रभारी महेश कुमार, कार्यालय लेखा प्रभारी सौरव अग्रवाल, प्रगतिशील किसान सूबेदार सिंह, शैलेंद्र कुमार सिंह, जय नारायण मिश्रा, बृजभान सिंह, राणा प्रताप यादव सहित 73 किसानों ने प्रतिभाग किया।

रास्ते से गाड़ी हटाने को कहा तो कर दिया पथराव

अमृत विचार, काकोरी : काकोरी थाना क्षेत्र में रास्ते से गाड़ी हटाने को लेकर दूसरी गाड़ी पर पथराव कर तोड़ फोड़ का मामला सामने आया है। माल थाना क्षेत्र के ग्राम मनभौना निवासी निर्मल यादव ने बताया बुधवार रात दोस्त अमन के साथ वैगनौर से कुल्हरकट्टा आ रहे थे। काकोरी थाना क्षेत्र के मौंदा गांव के पास कार यूपी 32 डीएफ 2394 रास्ते में खड़ी थी। उसे किनारे करने को कहा तो कुछ लोग गाली गलौज करते हुये असलहे लहराकर मारपीट पर उतारू हो गये। जान बचाने के लिये अमन गाड़ी समेत भागा तो आरोपियों ने पथराव कर दिया। इससे गाड़ी का शीशा टूट गया। पीड़ित ने चार लोगों के खिलाफ काकोरी थाने में नामजद तहरीर दी है। इंस्पेक्टर ने मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

युवती से छेड़छाड़ करने वाले पर रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार, आलमबाग : आलमबाग इलाके में युवती को रास्ते में रोक कर अभद्रता करने वाले के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया है। इंस्पेक्टर प्रभारी शिव शंकर महादेवन ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित मवइया निवासी युवती गुरुवार को मवइया चौराहा स्थित शिव मंदिर की तरफ जा रही थी। इसी दौरान अमित यादव रास्ता रोकर युवती से अभद्रता करने लगा। विरोध करने पर गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता का कहना है कि आरोपी पहले भी उसके संग कई बार अभद्रता कर चुका है। इसकी शिकायत उसने 1090 पर की थी। इसके बाद भी आरोपी धमकी दे रहा था। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू की है।

संस्थान के निदेशक पर रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार, लखनऊ : हुसैनगंज थाना अंतर्गत एवेन्यू रोड स्थित स्टेट मेडिकल कार्यालय की मुख्य प्रशासनिक अधिकारी सुनीता मलिक ने बोर्ड ऑफ मेडिकल हेल्थ साइंस एंड रिसर्च के संचालक व प्रबंधक के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई कर रही है। थाने में दी तहरीर में सुनीता मलिक ने बताया कि उक्त बोर्ड की कई जिलों में शाखाएं हैं। बताया कि शिकायत मिली थी कि बोर्ड के संचालक अपने कई संस्थान में बिना एनओसी के फ्रेंचाइजी व पैरामेडिकल का कोर्स करा रहे हैं। जांच में यह भी सामने आया कि चिकित्सा शिक्षा विभाग की अनापत्ति के बिना नर्सिंग पैरामेडिकल प्रशिक्षणों को संचालित करा रहे हैं। इसके साथ ही अनाधिकृत रूप से संस्थाओं को मान्यता देकर छात्र-छात्राओं से मनमानी फीस वसूली भी की जा रही है। इंस्पेक्टर हुसैनगंज ने बताया मामले की जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

कार में बैठ रहे अधिवक्ता की पिस्टल से चली गोली, घायल

लखनऊ/ सरोजनी नगर

- बिजनौर थाना क्षेत्र में एक परिचित के तिलक समारोह में शामिल होने गये थे

अमृत विचार : बिजनौर थाना क्षेत्र में तिलक समारोह में शामिल होने पहुंचे अधिवक्ता गोली से घायल हो गए। जब वह अपनी कार की सीट पर बैठे रहे थे, उनकी कमर में लगी पिस्टल से चली गोली चल गयी। अधिवक्ता को साथियों ने ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया। जहां हालत सामान्य होने पर घर भेज दिया गया है।

इंस्पेक्टर अरविंद कुमार राणा ने बताया पारा थाना अंतर्गत हंस खेड़ा निवासी अधिवक्ता अनुज यादव मंगलवार रात बिजनौर इलाके के नूर नगर भदरसा में उदयवीर यादव के तिलक समारोह में शामिल होने पहुंचे थे। अधिवक्ता भोजन कर घर जाने के लिए कार की सीट पर बैठने लगे तभी कमर में लगी लाइसेंसी पिस्टल से गोली चल गई। गोली अधिवक्ता के कमर के निचले हिस्से (हिप) में लगी। गोली चलने की आवाज सुनते ही हड़कंप मच गया। घायल अधिवक्ता को साथियों ने ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया। इंस्पेक्टर ने बताया अधिवक्ता अनुज यादव लखनऊ बार एसोसिएशन में पदाधिकारी हैं। मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

सड़क हादसों में घायल दो मजदूरों की मौत

अमृत विचार, लखनऊ : अलग-अलग थाना क्षेत्र में हुये हादसों में घायल दो लोगों की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गयी। गोसाईगंज इलाके में हादसे में घायल मजदूर की इलाज के दौरान मौत हो गयी। रसूलपुर तिकुनिया निवासी दिलशाद अली (40) मजदूरी करते थे। भतीजे आबिद ने बताया 14 फरवरी को वह साइकिल से घर आ रहे थे। रास्ते में गांव के मोड़ के पास बाइक चालक ने उन्हें टक्कर मार दी थी। सूचना पर पहुंचे परिजन ने उन्हें सिविल अस्पताल भर्ती कराया था। जहां बुधवार रात इलाज के दौरान मौत हो गयी। परिवार में पत्नी हासनी बानो व दो बच्चे हैं। उधर, मूलत: उत्तराखंड के रानीखेत निवासी रंजीत सिंह (55) पीजीआई की वृंदावन कॉलोनी के एक घर में काम करते थे। भाई केवल सिंह ने बताया सोमवार को रंजीत घर के मालिक के साथ बाजार गए थे। कृष्णानगर पकरी पुल के पास पैदल लौटते समय एक स्कूटी चालक ने टक्कर मार दी थी।

पार्टनर बनाने का झांसा देकर पांच करोड़ हड़पे

संवाददाता, सरोजनीनगर

- पीड़ित ने बिजनौर थाने में निदेशक समेत अन्य पर दर्ज कराई रिपोर्ट

अमृत विचार : आशियाना स्थित खजाना काम्पलेक्स के निवासी व बिजनौर के चंद्रावल स्थित पिंक पॉइंट इंफ्रा के निदेशक बृजभान सिंह ने हरियाणा की कैथल सिटी स्थित सफायर मीडिया सर्विसेज के निदेशक साहिल मंगला, निदेशक मदनलाल व नवीन कुमार, दिल्ली के सनी साहनी, विशाल शर्मा और भरत सरदाना के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज करायी है।

पीड़ित बृजभान सिंह ने बताया उनकी कम्पनी में सहादतगंज निवासी संजय श्रीवास्तव अकाउंटेंट हैं। उन्होंने बृजभान की मुलाकात साहिल मंगला आदि से करायी थी। आरोपियों ने उसे झांसा दिया कि कम्पनियों से विज्ञापन कराकर लाभांश मिलेगा। बात तय होने पर आरोपियों ने पांच करोड़ सिक्योरिटी मनी के रूप में ऑनलाइन जमा करने को कहा। जिसकी एवज में 15 करोड़ का कार्य सबलेट करके देने को कहा। भरोसे में लेने के लिये ब्रजभान को सफायर मीडिया सर्विसेज के लेटर हेड पर फर्जी तरीके से 200 करोड़ का 9 साल का एग्रीमेन्ट दिखाया गया। लेटर हेड पर 10 नवम्बर 2020 यूपीएसआरसीटी प्राधिकरण पत्र में 100 करोड़ का पांच साल की अवधि का अनुबंध दिखाया गया। पीड़ित ने किसी तरह पांच करोड़ एकत्रित कर आरोपियों के बताये खातों में भेज दिये। जब बृजभान ने काम दिलाने के लिए कहा तो आरोपियों ने विधानसभा चुनाव के बाद में काम दिलाने की बात कही। आरोपियों ने बृजभान को दिल्ली बुलाया और एक अन्य काम में पैसे निवेश करने का प्रस्ताव दिया तो संदेह हुआ। बृजभान ने सीए से सलाह लेकर अकाउंटेंट संजय श्रीवास्तव से पैसा वापस कराने की बात कही। तो आरोपी टाल मटोल करने लगे। स्थानीय पुलिस के सुनवाई नहीं करने पर परेशान बृजभान ने न्यायालय की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर बिजनौर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू की है।

परेशानी | अतिक्रमण से महिला आवंटी नहीं खोल पा रही दुकान

दबंगों ने दुकान के बाहर रास्ते पर कर लिया निर्माण

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ विकास प्राधिकरण से आलमबाग बस अड्डे के पास सिन्डर्स डम्प योजना में आवंटित करायी दुकान संख्या जी 45 के बाहर कुछ दबंग लोगों ने आम रास्ते पर अवैध कब्जा करके निर्माण कर लिया है। जिसके चलते दुकान नहीं खोल पा रही हूं। एलडीए में गुरुवार को आयोजित वरिष्ठ नागरिक दिव्यांगजन समाधान दिवस में शारदा नगर रुचि खंड निवासी नीलम गुप्ता ने मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब से यह शिकायत की। जिस पर मंडलायुक्त ने नगर निगम के अधिकारियों को तत्काल स्थल निरीक्षण करके अवैध कब्जा हटाने के निर्देश दिये।

अलीगंज स्थित नेताजी सुभाष चन्द्र बोस राजकीय महिला विद्यालय के निकट अवैध कब्जे का एक प्रकरण आया। जिसमें विद्यालय के प्रतिनिधियों ने बताया कि कुछ स्थानीय लोग गलत तरीके से जमीन पर मालिकाना हक बताते हुए विद्यालय की बाउन्ड्री नहीं बनने दे रहे हैं। इस पर मंडलायुक्त ने सम्पत्ति व प्रवर्तन के अधिकारियों को निर्देशित किया कि पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम के साथ एक सप्ताह के अंदर स्थल की पैमाइश कराके प्रकरण का निस्तारण करायें। गोमती नगर के विजयंत खण्ड डी-4/244 निवासी वेद प्रकाश जुनेजा ने प्रार्थना पत्र दिया कि उनके मकान के सामने खाली भूखण्ड पर कुछ लोगों ने झुग्गी बनाकर अवैध कब्जा कर लिया है, जहां अराजक तत्वों का जमावड़ा लगता है। उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने अभियंत्रण जोन एक के अधिशासी अभियंता को तीन दिन के अंदर स्थल का निरीक्षण करके अवैध कब्जा हटाने के निर्देश दिये।

सचिव विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि शिविर में प्राप्त 10 प्रार्थना पत्र में दो प्रकरणों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। शेष प्रकरणों में सम्बंधित अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के निर्देश दिये गये हैं।

मोबाइल टावर से क्षेत्रीय निवासी परेशान

खदरा के शिवनगर निवासी सुरेश चन्द ने प्रार्थना पत्र दिया कि अरविंद इंटर कॉलेज के पास 6,00 वर्गफीट के एक मकान में भवन स्वामी ने अवैध रूप से दो मोबाइल टावर लगवा रखे हैं, जिससे क्षेत्रवासियों को समस्या हो रही है। उपाध्यक्ष ने प्रवर्तन जोन चार के जोनल अधिकारी को जांच के बाद नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

रुपयों के विवाद में बाइक कारोबारी पर हमला, गंभीर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- महानगर पुलिस ने 15 के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट

अमृत विचार : महानगर इलाके में मंगलवार को रुपयों के लेन देन के विवाद में बाइक कारोबारी पर आरोपियों ने धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने बुधवार को चार नामजद समेत 15 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना अंतर्गत बादशाह नगर स्टेशन रोड निवासी प्रहलाद कुमार ने बताया भाई मोहित सेकेंड हैंड बाइक खरीदने बेचने का कारोबार करते हैं। बुधवार को मोहित को दोस्त राहुल ने निशातगंज स्थित कुसुम प्लाजा में बुलाया था। मोहित पह

एक नजर

लखनऊ गोल्फ लीग का दूसरा संस्करण 25 से

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ गोल्फ लीग के दूसरे संस्करण की शुरुआत 25 फरवरी से लखनऊ गोल्फ क्लब में होगी। इसमें 14 बेहतरीन टीमें खिताब के लिए जोरआजमाइश करेंगी। लीग के लिए खिलाड़ियों की नीलामी जाने माने कमेंट्रेटर चारू शर्मा ने की। लखनऊ गोल्फ क्लब के कैप्टन आरएस नन्दा ने बताया कि यह लीग का दूसरा संस्करण होगा। खिलड़ियों ने इस लीग के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसमें हिस्सा लेने वाली 14 टीमों को दो ग्रुपों में रखा गया है। एक ग्रुप में सात टीमें होंगी। सभी राउंड रोबिन आधार पर लीग मुकाबले खेलेंगी। इसमें पुरुषों के साथ डॉ. सृष्टि धवन और बबली नन्दा जैसी महिला खिलाड़ी भी खेलती दिखाई देंगी। उन्होंने बताया कि महिलाएं, जूनियर और वेटरन खिलाड़ियों के लिए मुकाबला नौ होलों में होगा। अन्य सभी खिलाड़ी 18 होल में खेलेंगे। लीग में पवन सागर, प्रेम प्रकाश, विजय कुमार सिंह, अशोक बाम्बी, नवीन चरन जैसे खिलाड़ी विभिन्न टीमों की तरफ से खेलते नजर आएंगे।

जूडो में लखनऊ की लड़कियों ने बिखेरा जलवा

उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग के अंतर्गत सीनियर राज्य स्तरीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग, उत्तर प्रदेश की देखरेख में आयोजित की जा रही उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग के अंतर्गत सीनियर राज्य स्तरीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता में दूसरे दिन महिला वर्ग की जूडो स्पर्धा में लखनऊ के खिलाड़ियों ने जलवा बिखेरा। लखनऊ जोन की अंशिका, रोजी और खुशी ने स्वर्ण पदक जीते।

लखनऊ जोन की अंशिका (जनपद बाराबंकी) ने 48 किग्रा भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। 52 किग्रा भार वर्ग में मेरठ जोन की मोहिनी (जनपद संभल) को स्वर्ण पदक मिला। लखनऊ जोन और लखनऊ जनपद की रोजी बानो ने 57 किग्रा भार वर्ग में और खुशी कश्यप ने 63 किग्रा भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। आयोजकों के अनुसार खेल की स्पर्धाएं पीआरडी मैदान, चौक स्टेडियम और केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित की गई। एथलेटिक्स के 800 मीटर दौड़ लखनऊ जोन की आरती विश्वकर्मा (अमेठी) को कांस्य पदक मिला।

आज के मुकाबलों के परिणाम

▸▸ एथलेटिक्स

400 मीटर दौड़ (पुरुष वर्ग)

- मेरठ जोन के अर्जुन सैनी (सहारनपुर)- स्वर्ण
- प्रयागराज जोन के अभिषेक सोनकर (प्रतापगढ़)- रजत
- बरेली जोन के रफाबुल हसन (संभल)- कांस्य

800 मीटर दौड़ (महिला वर्ग)

- मेरठ जोन की तनु तोगड़ (गौतमबुद्ध)- स्वर्ण
- प्रयागराज जोन की कविता (प्रयागराज)- रजत
- लखनऊ जोन की आरती विश्वकर्मा (अमेठी)- कांस्य

1500 मीटर दौड़ (पुरुष वर्ग)

- मेरठ जोन के संदीप भाटी (मेरठ)- स्वर्ण
- लखनऊ जोन के सत्यप्रकाश (अमेठी)- रजत
- बरेली जोन के बंटी कुमार (बिजनौर)- कांस्य

▸▸ ऊंची कूद (पुरुष वर्ग)

- प्रयाग राज जोन के अनिल कुमार यादव (प्रयागराज)- स्वर्ण
- वाराणसी जोन के धर्म देव (मिर्जापुर) -रजत
- आगरा जोन के सौरभ (अलीगढ़)- कांस्य

▸▸ ऊंची कूद (महिला वर्ग)

- मेरठ जोन की निधि (मेरठ)- स्वर्ण,
- आगरा जोन की नीरू (फिरोजाबाद)- रजत
- बरेली जोन की दीपाली चौधरी (बिजनौर) -कांस्य

▸▸ जूडो (पुरुष वर्ग)

- 60 किग्रा भार वर्ग-प्रयागराज जोन के शिवम कुमार (प्रयागराज)-स्वर्ण
- 66 किग्रा भार वर्ग में-मेरठ जोन के अंकित पाल (मुज्फ्फर नगर)- स्वर्ण
- 73 किग्रा भार वर्ग में - मेरठ जोन के अमित (हापुड़)-स्वर्ण
- 81 किग्रा भार वर्ग में - लखनऊ जोन के मो .इमरान (बाराबंकी)-स्वर्ण

▸▸ भारतोलन (पुरुष वर्ग)

- 55 किग्रा भार वर्ग - गोरखपुर जोन के मो. नवाजिस (देवरिया)-स्वर्ण, बरेली जोन के विनोद कुमार (शाहजहांपुर)-रजत
- 61 किग्रा भार वर्ग - बरेली जोन के कन्हैया सैनी (बरेली)-स्वर्ण, मेरठ जोन के इब्राहिम हुसैन (मेरठ)-रजत
- कबड्डी सीनियर महिला वर्ग में मेरठ जोन की टीम ने कानपुर को हरा कर स्वर्ण पदक जीता।
- फुटबॉल सीनियर महिला वर्ग में वाराणसी जोन ने मेरठ जोन को हरा कर स्वर्ण पदक पर कब्जा किया।
- प्रतियोगिता के अंतिम दिन शुक्रवार को खेल की सभी स्पर्धाएं युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल मुख्यालय परिसर में आयोजित की जाएंगी।

फुटबॉल प्रतियोगिता 25 को

अमृत विचार, लखनऊ : जिला फुटबाल एसोसिएशन लखनऊ और मिलानी क्लब, आरडीएसओ मानक नगर की संयुक्त देखरेख में 38वीं एक दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता 25 फरवरी को आयोजित की जाएगी। मानक नगर स्थित इस प्रतियोगिता में 10 टीमें हिस्सा लेंगी।

कार्यालय ग्राम पंचायत हरसायननागापुर, वि0ख0 मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर

पत्रांक–मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2023–24 दिनांक– 23.02.2024

अल्पकालीन निविदा सूचना/कोटेशन

सर्वसाधाण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत हरसायननागापुर, विकासखंड मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर मे राज्यवित्त/पंद्रहवाँ वित्त योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 के क्रम में कराये जाने वाले कार्य पर निम्न विवरण के अनुसार सामग्री की आवश्यकता है। इच्छुक स्थानीय फर्म/भठ्ठा मालिक आपूर्ति के लिए दिनांक–23.02.2024 से 27.02.2024 सायं 03:00 बजे तक निविदा/कोटेशन सचिवालय ग्राम पंचायत हरसायननागापुर, विकास खण्ड मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर में दे सकते हैं। प्राप्त निविदा उसी दिनांक–27.02.2024 को सायं 04:00 बजे ग्राम पंचायत द्वारा गठित समिति के समक्ष खोली जाएगी। समिति द्वारा दिया गया निर्णय अंतिम और सर्वमान्य होगा।

क्रम सं0	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रुपये में)	सामग्री विवरण	शपथ पत्र हेतु स्टाम्प का मूल्य (रुपय में)
1	मेन रोड से हरखाली के शौचालय तक नाली निर्माण कार्य।	1,30,516.73 रुपये	बालू, मोरंग, सीमेन्ट, ईट गिट्टी, ईट आदि सामग्री	100
2	वंशराज के घर से देव सरन के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य।	373760.31 रुपये	इंटरलॉकिंग ईट, बालू, मोरंग, सीमेन्ट, ईट गिट्टी, ईट आदि सामग्री	100
3	हरखाली के शौचालय से मेन रोड तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य।	212079.22 रुपये	इंटरलॉकिंग ईट, बालू, मोरंग, सीमेन्ट, ईट गिट्टी, ईट आदि सामग्री	100
4	रामलौट विश्वकर्मा के घर से तालाब तक नाली निर्माण काय	274404.91 रुपये	बालू, मोरंग, सीमेन्ट, ईट गिट्टी, ईट आदि सामग्री	100

नोट– निविदा से सम्बंधित नियम व शर्ते कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस के निर्धारित समय में देखी जा सकती है।

(ग्राम प्रधान) ग्रा0पं0–हरसायननागापुर वि0ख0–मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर

(सचिव) ग्रा0पं0–हरसायननागापुर वि0ख0–मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर

सीआरपीएफ की माइबाम चनचनबी ने जीता स्वर्ण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : सीआरपीएफ की माइबाम चनचनबी ने प्रथम खेलो इंडिया महिला ताइक्वांडो लीग फेज 2 का पहला स्वर्ण पदक जीता।

केंद्रीय खेल व युवा कल्याण मंत्रालय, खेलो इंडिया और भारतीय खेल प्राधिकरण के संयुक्त देखरेख में ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया और उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन द्वारा केडी सिंह बाबू स्टेडियम के बैडमिंटन हॉल में आयोजित इस चैंपियनशिप में माइबाम चनचनबी शानदार खेल दिखाया। उन्होंने सीनियर वर्ग के अंडर-57 किग्रा भार वर्ग के फाइनल में हरियाणा की मानसी चौधरी को हराकर यह सफलता हासिल की।

खेलो इंडिया महिला ताइक्वांडो लीग फेज 2 प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर के दौरान आबकारी एवं मद्य निषेध मंत्री नितिन अग्रवाल, साथ में अन्य। अमृत विचार

वहीं हार के चलते मानसी चौधरी को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। मध्य प्रदेश की लक्ष्या शर्मा

▸▸ हरियाणा की मानसी को हराकर बनीं विजेता

व उत्तराखंड की ममता पलारिया को संयुक्त कांस्य पदक मिला। इससे पूर्व लीग का उद्घाटन मुख्य अतिथि आबकारी एवं मद्य निषेध मंत्री नितिन अग्रवाल ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया।

अतिथि का स्वागत करते हुए उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन के अध्यक्ष शैलेश कुमार सिंह शैलू ने बताया कि इस लीग में 14 राज्यों की 400 खिलाड़ी भाग ले रही है। यहां के पदक विजेता ओडिशा में 9 से 11 मार्च 2024 तक आयोजित प्रथम खेलो इंडिया महिला ताइक्वांडो लीग नेशनल फेज में प्रतिभाग करेंगे।

उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता करते हुए उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन के सचिव राजकुमार ने बताया कि इसके बाद तृतीय फेज का पुडुचेरी में आयोजन 27 फरवरी से 1 मार्च तक किया जाएगा। इस अवसर पर ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया के उपाध्यक्ष संतोष मोहंती, दीपक पंत (हाई परफार्मेंस मैनेजर, खेलो इंडिया-ताइक्वांडो, भारतीय खेल प्राधिकरण), उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष देवेंद्र सिंह व अन्य लोग मौजूद रहे।

लखनऊ एथलेटिक्स टीम के गठन को ट्रायल आज

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स एसोसिएशन की देखरेख में 58वीं उत्तर प्रदेश राज्य वार्षिक जूनियर (अंडर 20, महिला और पुरुष) एथलेटिक्स चैंपियनशिप आगामी 24 और 25 फरवरी को आयोजित की जाएगी। इस चैंपियनशिप में लखनऊ टीम हिस्सा लेगी। लखनऊ टीम के गठन को सलेक्शन ट्रायल शुक्रवार को मवैया स्थित ऐशबाग रेलवे स्टेडियम में आयोजित किए जाएंगे। ट्रायल सुबह 9:00 से शुरू होंगे। ट्रायल में 20 वर्ष से कम आयु वर्ग के पुरुष और महिला खिलाड़ी हिस्सा ले सकते हैं। लखनऊ एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव बी आर वरुण ने बताया कि जिन खिलाड़ियों का जन्म वर्ष 2005 और 2006 में हुआ है, वह इस चयन ट्रायल में में हिस्सा ले सकते हैं।

कार्यालय नगर पालिका परिषद- राठ (हमीरपुर)

पत्रांक 1656 / न0 पा0 प0– राठ / म्यु0सू0 / 2023–24/ दिनांक 13/02/2024

म्युटेशन सूचना

नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 (क) के अन्तर्गत

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मुहाल मियांपुरा अतरौली वार्ड–9 राठ में स्थित गृह सं0 688 में श्री परमानन्द पुत्र चन्द्रभान, श्री शिवकुमार दीक्षित पुत्र स्व0 प्रतापनारायण दीक्षित का नाम अंकित है। प्रार्थिया श्रीमती रितु देवी पत्नी शिवकुमार ने कार्यालय में एक प्रार्थना पत्र इस आशय का दिया है कि उक्त भवन का जुज भाग रजिस्टर्ड दान पत्र के आधार पर दिनांक 04.01.2024 को प्राप्त कर लिया है। प्रार्थी द्वारा उक्त मकान के जुज भाग पर रजिस्टर्ड दान पत्र के आधार पर अपना नाम अंकित कराने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया है। यदि इस नाम परिवर्तन पर किसी को कोई भी आपत्ति हो तो अपने अभिलेखीय साक्ष्य सहित सूचना के प्रकाशन की नियत तिथि से 30 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। यदि आप द्वारा सूचना प्रकाशन के बाद निर्धारित अवधि के अन्दर कार्यालय में अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत न की तो निर्धारित समय गुजर जाने के बाद कार्यालय में लिखित आपत्ति न आने पर मुहाल मियांपुरा अतरौली वार्ड–9 में स्थित गृह सं 688 में अंकित श्री परमानन्द पुत्र चन्द्रभान, श्री शिवकुमार दीक्षित पुत्र स्व0 प्रतापनारायण दीक्षित के नामों में से श्री शिवकुमार दीक्षित पुत्र स्व0 प्रतापनारायण दीक्षित का नाम निरस्त कर उसी स्थान पर श्रीमती रितु देवी पत्नी शिवकुमार का नाम अंकित कर दिया जाएगा व अन्य नाम पूर्ववत रखा जाएगा। जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व आपका होगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद राठ
हमीरपुर

कार्यालय ग्राम पंचायत बढ़ौनाडीह, वि0ख0 मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर

पत्रांक–मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2023–24 दिनांक– 29.01.2024

अल्पकालीन निविदा/कोटेशन

सर्वसाधाण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बढ़ौनाडीह, विकासखंड मोतिगरपुर जनपद सुलतानपुर एसएलडब्ल्यूएम योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 के क्रम में कराये जाने वाले कार्य पर निम्न विवरण के अनुसार सामग्री की आवश्यकता है। इच्छुक स्थानीय फर्म/भठ्ठा मालिक आपूर्ति के लिए दिनांक–23.02.2024 से 29.02.2024 सायं 03:00 बजे तक निविदा/कोटेशन सचिवालय ग्राम पंचायत बढ़ौनाडीह, विकास खण्ड मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर में दे सकते हैं। प्राप्त निविदा उसी दिनांक–29.02.2024 को सायं 04:00 बजे ग्राम पंचायत द्वारा गठित समिति के समक्ष खोली जाएगी।

क्रम सं0	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रुपये में)	सामग्री विवरण	शपथ पत्र हेतु स्टाम्प का मूल्य (रुपय में)
1	स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज–2 योजना अंतर्गत आरआरसी निर्माण कार्य	2,87,400 रुपये	बालू, मोरंग, पत्थर (20उउ), ईटगिट्टी, सीमेन्ट, ईट, सरिया, लोहे की पाइप, स्टील चद्दर शेड, मिट्टी आदि सामग्री	100
2	स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज–2 योजना अंतर्गत प्राप्त धनराशि के सापेक्ष, ठेला/ई–रिक्शा	1,67,500 रुपये।	ठेला/ई–रिक्शा	100

नोट– शेष नियम व शर्ते लागू होगी। कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

(ग्राम प्रधान) ग्रा0पं0– बढ़ौनाडीह वि0ख0–मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर

(सचिव) ग्रा0पं0– बढ़ौनाडीह वि0ख0–मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर

सार-संक्षेप

खो-खो में लखनऊ जोन को स्वर्ण

अमृत विचार, लखनऊ : पीएसी मध्य जोन के सुनील कुमार साहनी और अभिजीत कुमार ने 100 किमी साइकिलिंग में क्रमश: स्वर्ण और रजत पदक जीता। 71वीं उत्तर प्रदेश पुलिस वार्षिक एथलेटिक्स कलस्टर प्रतियोगिता के चौथे दिन हाई साइकिलिंग प्रतियोगिता में मेरठ जोन के जितेंद्र कुमार को कांस्य पदक मिला। कुर्सी रोड स्थित गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज में आयोजित खो-खो स्पर्धा के महिला वर्ग में लखनऊ जोन की टीम ने दमदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। डेकाथलन में पीएसी पश्चिमी जोन के सचिन कुमार ने स्वर्ण पदक जीता।

वातसल्य की गेंदबाजी से जीता ब्लेज विलो

अमृत विचार, लखनऊ : मैन ऑफ द मैच वातसल्य श्रीवास्तव के हरफनमौला खेल की बदौलत ब्लेज विला अकादमी ने प्रथम एमएल मिश्रा स्मारक क्रिकेट टूर्नामेंट के लीग मुकाबले में मेगा ट्रेंड्स क्रिकेट क्लब को 9 विकेट से हरा दिया। एनडीबजी खेल मैदान पर गुरुवार को खेले गए मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए मेगा ट्रेंड्स ने 8 विकेट खोकर 147 रन बनाए। ब्लेज विलो की ओर से वातसल्य श्रीवास्तव ने सटीक गेंदबाजी की। उन्होंने 6 ओवर में एक मेडन और 16 रन देकर 5 विकेट चटकाए। जवाब में ब्लेज विलो ने एक विकेट खोकर 149 रन बनाए और जीत हासिल की।

भंडारे के दौरान प्रसाद ग्रहण करते बच्चे। अमृत विचार

साईं मंदिर में हवन-पूजन कर अर्जित करें पुण्य

अमृत विचार, लखनऊ : गुरुवार को विभूतिखंड गोमतीनगर होटल हयात के ठीक सामने स्थित साईंधाम मंदिर में आशीष मिश्रा, सनी वर्मा और विवेक सिन्हा ने हवन कर मंदिर प्रांगण मे पढ़ने वाले बच्चों को भंडारा खिलाकर विदा किया। मंदिर के संस्थापक अमित शर्मा ने बताया कि वे वंचित बच्चों को मुफ्त शिक्षा व जलपान रोजाना उपलब्ध कराते हैं और इस तरह के कार्य कर समाज के प्रति अपना उत्तरदायित्व निभाते हुए पुण्य कमाने का कार्य विगत कुछ वर्षों से कर रहे हैं।

सृष्टि के रचयिता को धन्यवाद के लिए है अग्निहोत्र यज्ञ

अमृत विचार, लखनऊ : अवध अग्निहोत्र संघ लखनऊ के तत्वावधान में अग्निहोत्र जयंती के अवसर पर गुरुवार को गोमतीनगर विस्तार स्थित अलकनन्दा अपार्टमेंट में सामूहिक वैदिक यज्ञ अग्निहोत्र का आयोजन किया गया। इस यज्ञ में आगंतुकों और अग्निहोत्र कर्ताओं ने 25 हवन पात्रों में अग्निहोत्र कर इसके महत्व को जाना। इस मौके पर सामूहिक अग्निहोत्र से पहले महामृत्युंजय का पाठ और यज्ञ भी किया गया। यह अभियान 61 साल पहले 22 फरवरी 1963 को बैरागढ़ भोपाल में माधव स्वामी पोतदार ने शुरू किया था। तब से हर 22 फरवरी को अग्निहोत्र यज्ञ का आयोजन किया जाता है।

श्रद्धा से मना सिखों के 7वें गुरु हरिराय का प्रकाश पर्व

अमृत विचार, लखनऊ : सिखों के सातवें गुरु हरिराय का प्रकाश पर्व गुरुवार को गुरु सिंह सभा, ऐतिहासिक गुरुद्वारा गुरु नानक देव नाका हिंडोला में श्रद्धा व सत्कार के साथ मनाया गया। शाम का विशेष दीवान रहिरास साहिब के पाठ से शुरू हुआ जो रात साढ़े नौ बजे तक चला। जिसमें हजूरी रागी जत्था भाई राजिन्दर सिंह ने शबद कीर्तन गायन एवं आई संगत को नाम सिमरन करवाया। ज्ञानी सुखदेव सिंह ने गुरु हरिराय के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु हरिराय का जन्म आज ही के दिन कीरतपुर साहिब में हुआ था। उनके पिता का नाम बाबा गुरदित्ता एवं माता का नाम निहाल कौर था। आप बचपन से ही गुणी व साधु स्वभाव के थे। उनमें सभी गुण देखकर उनके दादा छठे गुरु गुरु हरिगोबिन्द साहिब बहुत प्रसन्न हुए और 14 वर्ष की आयु में उन्हें गुरु गद्दी सौंप दी। रागी जत्था भाई दिनेश सिंह हजूरी रागी गुरुद्वारा आलमबाग वालों ने शबद कीर्तन गायन कर संगत को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का संचालन सरदार सतपाल सिंह मीत ने किया।

महाविद्यालय में स्थापित हुआ पं. श्रीराम शर्मा का सम्पूर्ण साहित्य

अमृत विचार, लखनऊ : गायत्री ज्ञान मंदिर इंदिरानगर के विचार क्रांति अभियान के तहत फ़ैजाबाद रोड स्थित वीर बहादुर सिंह महिला महाविद्यालय के पुस्तकालय में गायत्री परिवार से संस्थापक पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित उनका सम्पूर्ण साहित्य की स्थापना की गई। 79 खंडों में ऋषि वांग्मय की स्थापना का 403वां आयोजन था। गायत्री परिवार की सक्रिय कार्यकत्री सरोज श्रीवास्तव ने अपने मां चन्द्रावती और विद्यावती देवी की स्मृति में यह वांग्मय स्थापित कराया। उन्होंने महाविद्यालय की छात्राओं को अखंड ज्योति पत्रिका भी भेंट की। वांग्मय स्थापना अभियान के मुख्य संयोजक उमानन्द शर्मा ने कहा कि ऋषि साहित्य विद्यार्थियों में नैतिक शिक्षा का विकास करता है। इस मौके पर डॉ. नीलम गुप्ता, सरोज श्रीवास्तव और प्रधानाचार्य डॉ. बीना दुबे ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ लखनऊ ने दर्ज की बड़ी जीत

अमृत विचार, लखनऊ : मैन ऑफ द मैच अजीत वर्मा (40 रन, दो विकेट) के ऑलराउंड खेल की बदौलत क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ लखनऊ ने देवी पाटन चैलेंज अंडर-19 राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में डीसीए बहराइच ब्लू को 42 रन से पराजित कर पूरे अंक हासिल किए।

बहराइच के इंदिरा गांधी स्टेडियम पर क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ लखनऊ ने निर्धारित 25 ओवर के मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए 24.2 ओवर में सभी विकेट गंवाकर 145 रन का मामूली स्कोर बनाया। जवाब में लक्ष्य का पीछा करते हुए डीसीए बहराइच 23 ओवर में 103 रन ही बना सका।

विभिन्न खेल संघों ने की डाइटीशियन की नियुक्ति की मांग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : खेल के स्तर को सुधारने के लिए खेल मंत्री के साथ ही अधिकारियों ने प्रदेश भर के खेल छात्रावासों में डाइटीशियन नियुक्त करने के निर्देश जारी किए थे। नये सत्र के साथ ही इनकी तैनाती होनी थी। छात्रावासों और स्पोर्ट्स कॉलेजों में दाखिलों की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है लेकिन इनके लिए अभी तक डाइटीशियन तैनाती की योजना तैयार नहीं हो सकी है।

प्रदेश भर के विभिन्न खेल संघों ने छात्रावासों में डाइटीशियन को नियुक्त किए जाने की मांग की है। इससे किस खिलाड़ी को कितना प्रोटीन लेना है या दिन भर में उसे क्या खाना है, इसकी तस्वीर साफ हो सके और वह बेहतर परिणाम दे सके।

▸▸ वर्षों पहले बना था छात्रावासों की खुराक का चार्ट

▸▸ आदेश के बाद भी नहीं हो रही है डाइटीशियन की नियुक्ति

विभागीय कर्मचारियों के अनुसार खेल मंत्री गिरीश चंद्र यादव और पूर्व प्रमुख सचिव खेल नवनीत सहगल ने प्रदेश में 16 खेलों के 44 छात्रावासों के साथ ही तीनो स्पोर्ट्स कॉलेज में एक-एक डाइटीशियन नियुक्त करने के निर्देश दिए थे। लेकिन खेल विभाग ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। खेल छात्रावासों में आज भी वही खाना खिलाड़ियों को परोसा जा रहा है, जिसका खाका तकरीबन तीन दशक पूर्व तय किया गया था। खेल विशेषज्ञों के अनुसार, अब खिलाड़ियों की डाइट अलग-अलग होती है। डाइटीशियन होने पर खिलाड़ियों की खुराक बेहतर होगी और वह एनर्जी से भरपूर होंगे। इससे वह बेहतर परिणाम दे सकेंगे।

उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के सचिव आनंदेश्वर पाण्डेय के अनुसार, डाइटीशियन की तैनाती से सिर्फ छात्रावासों के खिलाड़ियों को ही नहीं बल्कि स्टेडियम में संचालित होने वाले लोकल कैंप में अभ्यास को आने वाले खिलाड़ियों को भी फायदा होगा। उन्हें सही खुराक की जानकारी मिल सकेगी।

गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज के प्रधानाचार्य और क्षेत्रीय खेल अधिकारी लखनऊ अजय सेठी के अनुसार, डाइटीशियन के लिए समय-समय पर सम्पर्क कर उनकी सलाह ली जाती है। इसके लिए उनके कैंप आयोजित किए जाते हैं। शासन से आदेश आने के बाद तैनाती की जाएगी।

कार्यालय ग्राम पंचायत बेवली, विकास खण्ड–सांगीपुर–प्रतापगढ़

पत्रांक: 08/ग्रा0पं0/2023–24 दिनांक: 20.02.2024

टेण्डर नोटिस

राज्य वित्त/चौदहवां वित्त/मनरेगा योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत की वर्ष 2023–24 की कार्ययोजना में स्वीकृत निम्नांकित कार्य सम्पादित कराने हेतु निम्नांकित सामग्री आपूर्ति करने हेतु इच्छुक आपूर्तिकर्ताओं से सीलबन्द टेण्डर आमंत्रित किये जाते हैं। जो दिनांक 27.02.2024 को सायं 03.00 बजे अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में प्राप्त किये जायेंगे तथा उसी दिन सायं 04.00 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा टेण्डर दाता अथवा उसके प्रतिनिधि के समक्ष खोले जायेंगे। किसी भी टेण्डर को बिना कारण बताये निरस्त करने कर अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। इच्छुक आपूर्तिकर्ता /टेण्डरदाता को टेण्डर डालने हेतु धरोहर धनराशि नकद/चेक के रूप में ग्राम पंचायत में जमा करनी होगी। जिसकी रसीद टेण्डर के साथ जमा करनी होगी। टेण्डर फार्म नोटिस निर्गत होने की तिथि से टेण्डर प्राप्त करने की तिथि के एक दिन पूर्व तक किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से 100/– रू0 नकद जमा कर अपरान्ह 02.00 बजे से 04.00 बजे के मध्य प्राप्त किये जा सकेंगे।

क्रम सं0	सामग्री का विवरण	आपूर्ति हेतु अवधि	धरोहर धनराशि	आपूर्ति स्थल/ कार्य का नाम
1	ईट, गिट्टी, मौरंग, लोहा, सीमेन्ट आदि	07 दिन	–	उच्च प्राथमिक विद्यालय में बाउन्ड्रीवाल निर्माण
2	ईट, गिट्टी, मौरंग, लोहा, सीमेन्ट आदि	07 दिन	–	प्राथमिक विद्यालय बेवली में बाउण्ड्रीवाल निर्माण

प्रतिबंध/निर्देश– (1) सामग्री की आपूर्ति कार्यस्थल पर करनी होगी। (2) बिल का भुगतान नियमानुसार आयकर की कटौती करके किया जायेगा। (3) सामग्री की आपूर्ति कार्य प्रभारी को कार्य स्थल पर प्राप्त करानी होगी।

प्रधान ग्राम पं0 बेवली, सांगीपुर–प्रतापगढ़ ग्राम विकास अधिकारी

सीएसआईआर ने तैयार किया हर्बल प्रोडक्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : जल्द बाजारों में राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान द्वारा तैयार हर्बल प्रोडक्ट बाजारों में होगा। इसको लेकर संस्थान द्वारा निजी कंपनियों से करार हो गया है।

बता दें कि सीएसआईआर-राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान समय- समय पर शोध करके प्रकृति और संपदा को संरक्षित और सुरक्षित करने का कार्य करता रहा है। इस बार संस्थान ने हर्बल प्रोडेक्ट के पेटेण्ट तैयार कर लिये हैं। इसको लेकर संस्थान द्वारा निजी कंपनियों से समझौता कर लिया गया है। इस क्रम में संस्थान द्वारा तैयार किये गए हर्बल प्रोडेक्ट को निजी कंपनियां बाजारों में लॉच करेगी। ये स्वास्थ्य के प्रति लाभदायक रहेगा। इसमें सौंदर्य प्रसाधन सहित अन्य प्रोडेक्ट शामिल किये गए हैं।

माना जा रहा है कि प्रोडेक्ट सप्लाई का आरंभ इसी माह के अंत तक हो जाएगा। ऐसे में औषधियों आदि से तैयार ये प्रोडेक्ट आमजन के हाथ होंगे।

▸▸ निजी कंपनियों से राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान ने किया समझौता

▸▸ जल्द ही बाजारों में आएगा औषधि और जड़ी बूटियों से तैयार प्रोडेक्ट

अभियान के दौरान कार्यक्रम में प्रतिभाग करते प्रतिभागी। अमृत विचार

स्वास्थ्य जागरूकता अभियान का आयोजन

अमृत विचार, लखनऊ : नवयुग कन्या महाविद्यालय की 19 उत्तर प्रदेश गर्ल्स बटालियन एनसीसी विंग द्वारा कमांडिंग ऑफिसर कर्नल दीपक कुमार के निर्देशानुसार प्राचार्या प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय की अध्यक्षता तथा एनसीसी अधिकारी मेजर (डॉ.) मनमीत कौर सोढ़ी के नेतृत्व में महिला स्वास्थ्य से संबंधित जागरूकता अभियान पिंक टुगेदर, स्ट्रांगर टुगेदर एंड ब्रेकिंग द साइलेंस का आयोजन किया गया। जिसमें सीनियर ऑफिसर कैडेट तनु सारस्वत और अंजली राय ने स्तन कैंसर से संबंधित पावरप्वाइंट प्रस्तुतीकरण करते हुए स्तन कैंसर के लक्षण,बचाव के उपाय तथा उससे जुड़ी भ्रांतियां को स्पष्ट करने का प्रयास किया। एक अन्य प्रस्तुतीकरण में दीपांशी निगम तथा प्रियंका यादव ने माहवारी से संबंधित पावर पॉइंट प्रस्तुतीकरण से प्रक्रिया तथा माहवारी के दौरान रखने वाली सावधानियों से अवगत कराया। प्राचार्या ने कहा कि महिलाओं का शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ होना अत्यंत आवश्यक है क्योंकि वह समाज में दोहरी भूमिका निभाती हैं।

कार्यालय ग्राम पंचायत डड़वाकला, वि0ख0 मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर

पत्रांक–मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2023–24 दिनांक– 22.02.2024

अल्पकालीन निविदा सूचना/कोटेशन

सर्वसाधाण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत डड़वाकला, विकासखंड मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर मे मनरेगा योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 के क्रम में कराये जाने वाले कार्य पर निम्न विवरण के अनुसार सामग्री की आवश्यकता है। इच्छुक स्थानीय फर्म/भठ्ठा मालिक आपूर्ति के लिए दिनांक–23.02.2024 से 27.02.2024 सायं 03:00 बजे तक निविदा/कोटेशन सचिवालय ग्राम पंचायत डड़वाकला, विकास खण्ड मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर में दे सकते हैं। प्राप्त निविदा उसी दिनांक–27.02.2024 को सायं 04:00 बजे ग्राम पंचायत द्वारा गठित समिति के समक्ष खोली जाएगी। समिति द्वारा दिया गया निर्णय अंतिम और सर्वमान्य होगा।

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | अ

एक नजर

सरयू सिंह ट्रस्ट ने भंडारे का किया आयोजन

अमृत विचार, लखनऊ : अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा शुभ उपलक्ष्य में सरयू सिंह ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी एवं युवजन कल्याण समिति अध्यक्ष बीजेपी नेता रणविजय सिंह द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि बीजेपी के नेता सुरेंद्र तिवारी उपस्थित रहे। समाज सेवी और स्वतंत्र पत्रकार मोहन सिंह बिष्ट, एमपी सिंह चेयरमैन लोयला स्कूल महानगर, युवजन समाज कल्याण समिति के संस्थापक राकेश बादल, ट्रांसगोमती प्रभारी लखनऊ वितरक विकास मंच आरके सिंह, सुनील थापा, अनिल सिंह चौहान, ओम प्रकाश वर्मा को राम नाम पटिका अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया थे।

चयन के बाद नियुक्ति के लिए भटक रहे अभ्यर्थी

अमृत विचार, लखनऊ : माध्यमिक शिक्षा निदेशालय में सैकड़ों अभ्यर्थियों ने नियुक्ति की मांग को लेकर धरना-प्रदर्शन एवं ज्ञापन दिया। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा एल टी ग्रेड 2018 की अवशेष श्रेष्ठता सूची का परिणाम 28 जून को घोषित किया था। जिसमें 914 अभ्यर्थी सफल घोषित हुए थे। आयोग द्वारा इनका अभिलेख सत्यापन 24 जुलाई को पूरा करके लगभग 450 सफल अभ्यर्थियों की फाइलों को नियुक्ति की संस्तुति के साथ माध्यमिक शिक्षा निदेशालय को भेज दी थी। लगभग 8 माह बीतने के बाद भी अभ्यर्थी नियुक्ति इंतजार में भटक रहे हैं।

दो पक्षों में मारपीट 25 पर रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार, निगोहां : ब्रह्मदासपुर गांव निवासी राहुल शुक्ला की कार हरवंशखेड़ा नर्सरी के पास सड़क किनारे खड़ी थी। दूसरे पक्ष के जितेंद्र ने सड़क से कार हटाने को कहा तो मारपीट शुरू हो गई। आरोप है कि जितेंद्र 20-25 साथियों के साथ आ धमके और राहुल शुक्ला की कार में तोड़ फोड़ कर। मारपीट में जितेंद्र और दूसरे पक्ष के राहुल चोटिल हो गए। तहरीर पर पुलिस ने 25 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की है।

राज्यसभा चुनाव : छोटे दलों की खुशामद में भाजपा-सपा

सपा को अपने तीसरे तो भाजपा को आठवें प्रत्याशी को जिताने के लिए एड़ी-चोटी का लगाना होगा जोर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- वोटों की गुणा गणित में एक सीट पर पेंच फंसा, राजा भैया की भूमिका पर सभी की नजर

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश में राज्यसभा चुनाव को लेकर भाजपा और सपा छोटे दलों की खुशामद में जुटी हैं। चुनाव के लिए 27 फरवरी को मतदान होगा। कुल 10 सीटों के लिए हो रहे चुनाव में कुल 11 प्रत्याशी (सपा से 3 और भाजपा से 8) सामने हैं। चुनाव आयोग के अनुसार 27 फरवरी को सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक वोटिंग होनी है।

दरअसल, सपा को अपने तीसरे तो वहीं भाजपा को अपने आठवें प्रत्याशी को जिताने के लिए एड़ी-चोटी एक करनी पड़ रही है। वोटों की गुणा गणित में एक सीट पर पेंच फंसा है। ऐसे में रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया की भूमिका पर सभी की नजर है। उनके जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के दो विधायक हैं। जिनका समर्थन हासिल करने को दोनों दल प्रयासरत हैं।

10 सीटों पर हो रहा राज्यसभा चुनाव

राज्यसभा चुनाव के लिए सपा की ओर से जया बच्चन, रामजी लाल सुमन और आलोक रंजन ने नामांकन किया है। वहीं भाजपा की तरफ से आरपीएन सिंह, सुधांशु त्रिवेदी, तेजवीर सिंह, साधना सिंह, अमरपाल मौर्य, संगीता, नवीन जैन ने पर्चा दाखिल किया। इन सभी की आसान जीत तय थी लेकिन नामांकन के आखिरी दिन संजय सेठ ने पर्चा दाखिल कर तय करा दिया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलने पहुंचे ओमप्रकाश राजभर, साथ में अन्य। अमृत विचार

उम्मीदवार जिताने को यह है वोटों की गणित

विधायकों की संख्या के हिसाब से राज्यसभा की एक सीट के लिए 37 वोटों की जरूरत है। भाजपा के पास 252 वोट हैं। इसके अलावा उसके सहयोगी अपना दल के 13 वोट हैं, 6-6 वोट सुभासपा और निषाद पार्टी के हैं। वहीं रालोद भी अब एनडीए के पाले में है और उसके 9 वोट भी हैं। ये कुल मिलाकर 286 हुए। भाजपा के 7 उम्मीदवारों को 259 वोट मिलने हैं, जो जीत आसान कर सकते हैं। लेकिन आठवें उम्मीदवार के लिए उसके पास सिर्फ 27 वोट रह जाते हैं। जो 37 की संख्या से 10 कम पड़ेंगे। भाजपा को अपना 8वां प्रत्याशी जिताने के लिए इसी दस की गणित साधनी है।

वहीं, सपा की गणित समझें तो उसके पास कुल 108 वोट हैं। कांग्रेस के साथ गठबंधन की घोषणा हो जाने से 2 वोट उसके मान लें। एसे में सपा को अपने तीनों उम्मीदवारों को जिताने के लिए सिर्फ एक और वोट की जरूरत है। हालांकि नाराज चल रहीं पल्लवी पटेल ने अब एक वोट करने की बात कही है। फिर भी अगर उनके वोट को इस गणित से अलग कर दें तो सपा को दो वोट की जरूरत होगी। वहीं दो विधायक जेल में है। अगर उन्हें अनुमति नहीं मिलती है तो आवश्यकता चार वोट की हो जाती है। इस बीच जयंत चौधरी के एनडीए खेमे में आ जाने के बावजूद उनके 9 में से 4 विधायक सपा के ही हैं। ये वो हैं जो विधानसभा चुनाव में सपा गठबंधन के तहत रालोद के टिकट पर चुनाव जीते थे।

एनडीए प्रत्याशियों को वोट करेंगे सुभासपा विधायक

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से गुरुवार को सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने अपने पांच विधायकों के साथ मुलाकात की। इसके बाद राज्यसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों को सुभासपा का समर्थन मिलना भी साफ हो गया। मुलाकात के बाद अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स से सुभासपा अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने साफ कर दिया किया कि हमारे दल के सभी विधायकों ने राज्यसभा चुनाव में एकजुट होकर एनडीए प्रत्याशी को जिताने का निर्णय लिया।

भारतीय संस्कृति की महत्ता संस्कृत जाने बिना नहीं समझी जा सकती : कांति कुमार

अमृत विचार, लखनऊ: रामाधीन सिंह डिग्री कालेज में उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान और आसरा वेल्फेयर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में संस्कृत साहित्य में महिला साहित्यकारों के योगदान विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता वेदाचार्य इंजीनियर कांति कुमार ने कहा कि संसार की प्राचीनतम भाषाओं में संस्कृत का सर्वोच्च स्थान है। विश्व साहित्य की पहली पुस्तक ऋग्वेद संस्कृत में ही रची गई। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति की महत्ता को संस्कृत जाने बिना नहीं समझा जा सकता। अखिल भारतीय साहित्य परिषद अवध प्रान्त के अध्यक्ष विजय त्रिपाठी ने कहा कि संस्कृत साहित्य की परम्परा बहुत पुरानी है। प्राचीन काल से ही भारतीय स्त्रियों ने साहित्य के विभिन्न क्षेत्रों में अपना अतुलनीय योगदान दिया। संस्कृत साहित्य की बात करें तो इस क्षेत्र में स्त्रियों ने प्राचीन काल से ही अपना विशिष्ट योगदान दिया।डॉ. अमिता खन्ना ने कहा कि आधुनिक साहित्य में संस्कृत ने एक बार फिर अपनी सामर्थ्य स्थापित कर दी है। उन्होंने कहा कि आधुनिक काल में स्त्रियों ने अपनी सामर्थ्य, शक्ति और बुद्धि के बल पर आगे निकलकर अपनी विजय पताका फहराई है।

धान खरीद लक्ष्य से 2 फीसद दूर पीसीएफ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 16 केंद्रों पर 7053 मीट्रिक टन खरीद, बाकी में सन्नाटा
- 96 प्रतिशत तक किया उठान 28 फरवरी अंतिम तारीख

अमृत विचार : जिले में धान खरीद अंतिम चरण पर है तो पीसीएफ केंद्रों पर बिक्री की होड़ है। जबकि अन्य में सन्नाटा है। पीसीएफ ने लक्ष्य के सापेक्ष 98 प्रतिशत खरीद की है और लक्ष्य पूर्ति का प्रयास है।

जिले में धान खरीद के लिए कुल 29 केंद्र खोले गए थे। हालांकि अन्य जिलों से यहां खरीद का प्रतिशत ठीक है। इसमें 16 केंद्र पीसीएफ के हैं। जो बराबर किसानों से धान खरीद रहे हैं। जबकि खरीद का अंतिम चरण हैं। शाखा विपणन और एफसीआई के केंद्रों में सन्नाटा है। वहीं, पीसीएफ ने 7500 एमटी में 7346 एमटी धान खरीदा है। जो लक्ष्य का 98 प्रतिशत है। उठान भी 7053 एमटी (96 प्रतिशत) कर गोदामों पर भंडारण कर दिया है। पीसीएफ ने अब तक 1211 किसानों से धान खरीदा है। एआर को-आपरेटिव शैल कुमारी ने बताया कि 28 फरवरी तक खरीद की जाएगी। केंद्रों पर लक्ष्य पूर्ति का प्रयास है। इससे कि सभी किसान सरकारी खरीद से लाभान्वित हो सकें।

29 केंद्रों पर गेहूं खरीदेगा पीसीएफ

इधर, धान खरीद के साथ पीसीएफ ने गेहूं खरीद की तैयारी शुरू कर दी है। जो 15 मार्च से की जाएगी। पीसीएफ 29 केंद्र खोलेगा। इसमें 25 समितियों के व चार कृषक सेवा केंद्र संचालित किए जाएंगे। हालांकि अभी क्रय नीति व लक्ष्य आदि नहीं जारी हुआ है।

18 पीपीएस अफसरों का तबादला, एक निरस्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : राज्य सरकार ने गुरुवार को 18 पीपीएस अफसरों का तबादला कर दिया, जबकि एक का तबादला निरस्त कर दिया गया है।

बलरामपुर के पुलिस उपाधीक्षक दरवेश कुमार को सिद्दार्थनगर का पुलिस उपाधीक्षक बनाया गया है। रामपुर के पुलिस उपाधीक्षक अरुण कुमार सिंह चतुर्थ को बरेली में पुलिस उपाधीक्षक बनाया गया है। उन्नाव के पुलिस उपाधीक्षक विजय आनंद को सहारनपुर का पुलिस उपाधीक्षक बनाया गया है। चित्रकूट के पुलिस उपाधीक्षक हर्ष पांडेय को सोनभद्र का पुलिस उपाधीक्षक बनाया गया है। बलिया के पुलिस उपाधीक्षक एसएन वैभव पांडेय को सहारनपुर में पुलिस उपाधीक्षक बनाया गया है। जौनपुर के पुलिस उपाधीक्षक गौरव कुमार शर्मा को बलिया का पुलिस उपाधीक्षक बनाया गया है।

इसी तरह, संजय वर्मा पुलिस उपाधीक्षक एटीएस लखनऊ से इसी पद पर कानपुर देहात, अनुज मिश्रा पुलिस उपाधीक्षक एलआईयू चित्रकूट से इसी पद पर हरदोई, जियाउद्दीन अहमद पुलिस उपाधीक्षक बांदा से सहायक पुलिस आयुक्त गाजियाबाद और परशुराम त्रिपाठी सहायक पुलिस आयुक्त आगरा से इसी पद पर एलआईयू कानपुर नगर स्थानांतरित किये गये हैं। इसके अलावा शेष मणि उपाध्याय पुलिस उपाधीक्षक रायबरेली से सहायक पुलिस आयुक्त आगरा भेजा गया है।

अर्पित कपूर का पुलिस उपाधीक्षक मुरादाबाद से संभल किया गया स्थानांतरण निरंस्त कर दिया गया है। गणेश कुमार पुलिस उपाधीक्षक मुरादाबाद को इसी पद संभल भेजा गया है, वहीं सत्येंद्र प्रसाद तिवारी सहायक पुलिस आयुक्त प्रयागराज से पुलिस उपाधीक्षक कौशांबी बनाये गये हैं। सुबोध कुमार जायसवाल पुलिस उपाधीक्षक खीरी को सहायक पुलिस आयुक्त के पद पर लखनऊ लाया गया है। अंशु जैन पुलिस उपाधीक्षक भ्रष्टाचार निवारण संगठन मुख्यालय लखनऊ से सहायक पुलिस आयुक्त को लखनऊ में सहायक पुलिस आयुक्त बनाया गया है। जयेंद्र नाथ अस्थाना पुलिस उपाधीक्षक बाराबंकी को भी सहायक पुलिस आयुक्त लखनऊ बनाया गया है। राजीव प्रताप सिंह पुलिस उपाधीक्षक चुनाव प्रकोष्ठ-नियंत्रण कक्ष मुख्लालय पुलिस महानिदेशक को बांदा भेजा गया है। शोभित कुमार पुलिस उपाधीक्षक सीतापुर को इसी पद पर बुलंदशहर बनाया गया है।

कांग्रेस जल्द घोषित करेगी लोस प्रत्याशी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: इंडिया गठबंधन में समझौते में मिली 17 सीटों पर प्रदेश कांग्रेस जल्द प्रत्याशियों की घोषणा करेगी। प्रत्याशियों के चयन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने यह जानकारी दी।

बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि सभी सीटों पर पार्टी जिताऊ व कर्मठ नेताओं को चुनाव मैदान में उतारेगी। रायबरेली, अमेठी व वाराणसी सीटों पर प्रत्याशी पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि पार्टी का नेतृत्व इसे तय करेगा। हालांकि, उन्होंने अमेठी व रायबरेली सीटों पर गांधी परिवार के लोगों व वाराणसी से खुद के चुनाव लड़ने का संकेत दिया। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन मजबूत हो रहा है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से बातचीत कर दौर चल रहा है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में प्रदेश में चल रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा में सपा प्रमुख अखिलेश यादव शामिल होंगे।

सपा महासचिव राजेन्द्र चौधरी को निमंत्रण पत्र देते कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय साथ में पूर्व सांसद पीएल पुनिया व अन्य। अमृत विचार

निमंत्रण देने पहुंचे अजय राय

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष शाम के वक्त सपा कार्यालय में भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने के लिए निमंत्रण देने पहुंचे। उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की ओर से सपा प्रमुख को लिखा गया पत्र सौंपा। उनके साथ पूर्व सांसद पीएल पुनिया भी मौजूद रहे।

इस साल खोजे जाएंगे 6.50 लाख टीबी मरीज

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

- बीते साल में 6.32 लाख टीबी मरीजों का बना था रिकार्ड

अमृत विचार: टीबी मुक्त उप्र बनाने के लिए साल 2024 में 6.50 लाख टीबी मरीजों के नोटिफिकेशन का लक्ष्य रखा गया है। इसमें सरकारी क्षेत्र में 4.30 लाख और निजी क्षेत्र में 2.20 लाख टीबी मरीजों के चिन्हित किये जायेंगे। टीबी की पुष्टि होते ही रोगी को नजदीकी अस्पताल में इलाज दिया जायेगा ताकि संक्रमण को फैलने से रोका जा सके।

स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. ब्रजेश राठौर ने गुरुवार को बताया कि सभी सीएमओ और जिला क्षय रोग अधिकारियों को पत्र भेजकर लक्ष्य को निर्धारित समय से पहले ही पूरा करने के निर्देश दिये गये हैं। स्वास्थ्य केन्द्रों पर जहां हर माह की 15 तारीख को एकीकृत निःक्षय दिवस का आयोजन किया जा रहा हैं। वहीं समय-समय पर एक्टिव केस फाइंडिंग अभियान और दस्तक अभियान चलाकर भी टीबी मरीजों की पहचान की जा रही है।

निदेशक राष्ट्रीय कार्यक्रम डॉ. रतन पाल सिंह सुमन और राज्य क्षय रोग अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र भटनागर ने बताया कि पिछले साल 5.50 लाख टीबी मरीजों के लक्ष्य के सापेक्ष 6.33 टीबी मरीज चिन्हित किये गये थे। इस बार बढ़े हुए लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए टीमें सक्रिय हैं। उन्होंने बताया कि टीबी मरीज के पहचान होते ही हर माह पांच सौ रुपये सीधे बैंक खाते में मिलने लगते हैं, निक्षय मित्र और टीबी चैम्पियन से जोड़कर उनके पोषाहार और मानसिक संबल प्रदान करने की भी व्यवस्था की जाती है।

प्रेमी से शादी नहीं कराने पर जहर खाने की धमकी देकर युवती लापता

अमृत विचार, लखनऊ : मदेयगंज इलाके में प्रेमी से शादी नहीं कराने पर जहर खाकर जान देने की धमकी देने वाली युवती लापता हो गयी। पीड़ित परिजन ने आरोपी युवक के खिलाफ अपहरण की रिपोर्ट दर्ज करायी है। पीड़ित मां ने पुलिस को दी तहरीर में बताया उसकी बेटी को मदेयगंज निवासी अनुराग नामक युवक ने मोहक बातें कर फंसा लिया था। इसके बाद से बेटी उसके प्रेमी से शादी नहीं कराने पर जहर खाकर जान देने की धमकी दे रही थी। बुधवार सुबह वह स्कूल जाने की बात बोलकर घर से निकली थी। इसके बाद से लापता है। पुलिस आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

सार-संक्षेप

अयोध्या व गाजियाबाद के नए अस्पतालों में डॉक्टर और पैरामेडिकल के पद सृजित

राज्य ब्यूरो,अमृत विचार : बहुत जल्दी ही अयोध्या व गाजियाबाद में नवनिर्मित 50 बिस्तर वाले अस्पताल में मरीजों को गुणवत्ता युक्त इलाज की सुविधा मिलने लगेगी। अयोध्या में देवगांव स्थित अस्पताल में सुविधाएं बढ़ने पर श्रद्धालुओं के इलाज के लिए पृथक व्यवस्था नहीं करनी पड़ेगी। इसके लिए शासन द्वारा दोनो ही अस्पतालों लिए 34 विशेषज्ञ डाक्टर समेत 101 स्वास्थ्य कर्मियों के पद सृजित कर दिये हैं। स्वास्थ्य विभाग के आदेश में अयोध्या में राममंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए देवगांव मिल्कीपुर में नवनिर्मित संयुक्त अस्पताल में इलाज कार्य देने के लिए तीन इमरजेंसी मेडिकल ऑफिसर(ईएमओ) समेत कुल 15 विशेषज्ञ डॉक्टरों के पद और 17 पैरामेडिकल स्टाफ सहित अन्य श्रेणी के कर्मचारियों के 11 पद सृजित हुये हैं। वहीं दूसरी तरफ गाजियाबाद में भी नए अस्पताल में स्त्री रोग विभाग भी संचालित होगा। इसके लिए अस्पताल छह स्त्री रोग विशेषज्ञ और विभिन्न विभागों के कुल 14 डॉक्टरों के पद सृजित किये गये हैं। साथ ही पैरामेडिकल के 20 पद और चतुर्थ श्रेणी के 18 पद स्वीकृत किये गये हैं। मिलना आसान हो जायेगा। स्वास्थ्य विभाग के निदेशक प्रशासन डॉ.राजा गणपति ने बताया कि अयोध्या में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए वैकल्पिक व्यवस्था 15 मार्च तक बढ़ाई गईं हैं। इसके बाद शासन के निर्देशानुसार चिकित्सकीय सेवाएं उपलब्ध कराई जायेंगी। इसके अलावा जरूरत को ध्यान में रखकर दोनो ही नवनिर्मित अस्पतालों में शासन की अनुमति लेकर डॉक्टर्स समेत स्टाफ की तैनाती की जा चुकी है। मरीजों को इलाज मिल रहा है। स्वीकृत रिक्त पदों पर तैनाती कर दी जायेगी ताकि चिकित्सकीय सेवाओं में बढ़ोत्तरी हो सके।

पंजीकरण कराकर दे रहे योजनाओं का लाभ

अमृत विचार, लखनऊ : केंद्र सरकार की ओर से संचालित योजनाओं का लाभ पंजीकरण कराकर जरूरतमंदों को दिया जा रहा है। मोदी की गारंटी वाली गाड़ी आपके द्वार आ रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान के तहत बाबू कुंज बिहारी वार्ड में आयोजित कार्यक्रम के तहत उक्त बात समाज सेविका नम्रता पाठक ने कही। कहा गाड़ी में 13 से अधिक विभागों की योजनाओं से संबंधित स्टाल लगाए गए हैं, जिसका लाभ लिया जा सकता है। कार्यक्रम में स्टेट नोडल अधिकारी अजय तिवारी ने कहा कि अभियान के तहत सरकार की योजना से संबंधित जानकारी एक छत के नीचे दी जा रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान के तहत लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना में स्वीकृत आवास की चाभी, उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों में को गैस कनेक्शन, प्रधानमंत्री मुद्रा लोन के तहत लाभार्थी को चेक और विश्वकर्म योजना के तहत लाभार्थियों को टूल किट दी गई। इस दौरान कार्यक्रम संयोजक अभिषेक खरे, पार्षद रिचा मिश्रा, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा, कैंट विधानसभा संयोजक अमित गोयल आदि मौजूद रहे।

ट्रांसगोमती के कई इलाकों में आज बाधित रहेगी बिजली आपूर्ति

अमृत विचार, लखनऊ : आरडीएसएस योजना के अन्तर्गत वितरण खण्ड रहीम नगर लेसा ट्रांस गोमती के मे 33/11 केवी उपकेंद्र पर शुक्रवार को कार्य किया जायेगा। जिसके चलते सेक्टर आई जानकीपुरम से निर्गत 11 केवी प्रभात चौराहा से पोषक जर्जर एचटी लाइनों के तारों को बदलने का कार्य होगा। इसके लिए प्रभात चौराहा पोषक की बिजली आपूर्ति को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आपूर्ति बंद रहेगी। इससे युनाईटेड सिटी,शिव बिहार,जानकी बिहार,निगम तिराहा,प्रभात चौराहा,यशोदापुरम इससे प्रभावित रहेंगे।

कथा रंग ने सजाई अमृत लाल नागर के नाम एक शाम

अमृत विचार, लखनऊ : प्रख्यात लेखक अमृतलाल नागर की पुण्यतिथि की पूर्व संध्या पर गोमतीनगर स्थित पारुल्स ग्रामोफोन में कथा रंग फाउंडेशन और संचित स्मृति न्यास ने विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में पद्मश्री डॉ. विद्या बिंदु सिंह और विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. राकेश तिवारी मौजूद रहे। मुख्य वक्ता डॉ. राकेश तिवारी से कथारंग की अध्यक्ष नूतन वशिष्ठ ने अमृतलाल नागर के व्यक्तित्व पर बातचीत की। मुख्य अतिथि डॉ. विद्या बिंदु सिंह से डॉ. अपूर्वा अवस्थी ने नागर जी के कृतित्व पर बात की। कार्यक्रम में नरेन्द्र कुमार वर्मा की पुस्तक अंजुरी भर धरोहर का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में अमिता पाण्डेय ने अमृतलाल नागर की कहानी नन्हे खरगोश का वाचन किया। पुनीता अवस्थी ने नागर जी का संस्मरण आईने के सामने प्रस्तुत किया, सोम गांगुली व अनुपमा शरद ने सात वर्ष के फिल्मी अनुभव पर प्रकाश डाला। कनिका अशोक ने शरद के साथ बिताया कुछ समय नामक संस्मरण प्रस्तुत किया। कथा रंग की सचिव अनुपमा शरद ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ अवधी लेखक राम बहादुर मिशिर, वरिष्ठ पत्रकार राजनीकांत वशिष्ठ, अशोक बनर्जी, मुकुल मिश्रा, जयश्री कुलभास्कर, सीमा, अमरेंद्र सहाय, स्नेहलता, कहानी लेखक अलका प्रमोद, पप्पू अवस्थी, डॉ. सुमन मिश्र, पारुल शर्मा, अर्चना मिश्रा, सोम गांगुली, उषा बनर्जी, अनमोल मिश्रा, द्वारिका नाथ पांडेय और कौंतेय जय आदि उपस्थित रहे।

महेश द्विवेदी की पुण्य तिथि पर लविवि में शोक सभा

अमृत विचार, लखनऊ : छात्र नेता महेश द्विवेदी की पुण्यतिथि पर लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्र संघ भवन में शोक सभा का आयोजन हुआ। आयोजित सभा में डॉ. महेन्द्र अग्निहोत्री, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष प्रमोद तिवारी, पूर्व छात्र संघ उपाध्यक्ष डॉ. अल्पना बाजपेई, पूर्व महामंत्री अरविंद सिंह गोप, पूर्व महामंत्री अरविंद सिंह वीरू, छात्र नेता विजय सिंह टीटू, प्रदीप सिंह, अनुराग तिवारी, संजय कात्याल, ओपी सिंह, आशीष सिंह, अनूप श्रीवास्तव सहित अन्य उपस्थित रहे।

आबकारी सिपाही पर हमला करने वाले को भेजा जेल

अमृत विचार, लखनऊ: मड़ियांव पुलिस ने आबकारी विभाग के सिपाही मनोज कुमार पर हमला करने के आरोपी मजदूर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आईआईएम रोड निवासी सिपाही मनोज कुमार ने बाथरूम में कमोड लगवाने सीतापुर निवासी मजदूर वेद को बुलाया था। मंगलवार रात वेद उनके घर रुका था। तड़के उसने मनोज से घर छुड़वाने को कहा, तो उन्होंने परिचित को बुला कर उसे छोड़ने की बात कही इस पर मजदूर विवाद करने लगा और आबकारी सिपाही पर हमला कर दिया। सिपाही की चीख सुन पत्नी दौड़ पड़ी और पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी। इंस्पेक्टर शिवानंद मिश्र ने बताया कि सिपाही की तहरीर पर वेद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी।

नीयत अच्छी हो तो आते हैं अच्छे परिणाम

- मुख्यमंत्री ने गीडा को 1040 करोड़ रुपये की 20 परियोजनाएं सौंपीं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में डबल इंजन की सरकार का लक्ष्य विकसित भारत बनाने का है। विकसित भारत के इस संकल्प को पूरा करने के लिए उप्र. को विकसित बनाना होगा और इसके लिए गोरखपुर को विकसित करना होगा। विकसित देश, प्रदेश और जिले के इस संकल्प को पूरा करने के लिए औद्योगिक निवेश भी आवश्यक है।

योगी गुरुवार को गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) क्षेत्र को 1040 करोड़ रुपये की 20 परियोजनाएं सौंपने के बाद गीडा के सेक्टर 13 में आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर उन्होंने गीडा की 650 करोड़ रुपये की अनुमानित आय वाली कालेसर आवासीय टाउनशिप योजना को लांच करने के साथ 300 करोड़ रुपये के निवेश वाली एसडी इंटरनेशनल की प्लास्टिक रिसाइक्लिंग एवं फूड पैकेजिंग कंटेनर यूनिट का शिलान्यास एवं 90 करोड़ रुपये के 18 विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास किया। योगी ने राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (नाइलिट) के स्किल ट्रेनिंग सेंटर के पांच छात्रों को नामांकन प्रमाण पत्र भी वितरित किए।

निवेश का प्रदेश बना दिया: रवि किशन

विकास परियोजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास समारोह में सांसद रविकिशन शुक्ल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उप्र. को बीमारू और माफियागिरी की छवि से निकाल कर सुरक्षा और निवेश का प्रदेश बना दिया है। इस मौके पर महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, विधायक प्रदीप शुक्ल, विपिन सिंह, फतेह बहादुर सिंह, श्रीराम चौहान महेंद्रपाल सिंह, एमएलसी डॉ. धर्मेंद्र सिंह, भाजपा के जिलाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह, वरिष्ठ नेता रमेश सिंह आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

प्रधानमंत्री का जताया आभार

अमृत विचार, लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सीजन 2024-25 के लिए गन्ने के फेयर एंड रेमुनेरेटिव प्राइस (एफआरपी) में वृद्धि पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया है।

दुग्ध इकाई के लिए नहीं जोड़ पाए पशु पालक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : पशु पालन के साथ दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री स्वदेशी गो-संवर्धन योजना के आवेदन मंडलीय जनपद आगरा, आजमगढ़, गोरखपुर व बस्ती लक्ष्य के सापेक्ष नहीं करा पाए हैं। यह दो देशी गाय की इकाई लगाने की योजना है। इसमें 18 मंडलीय जिलों को कुल 1250 इकाई लगाने के लिए पशु पालकों का आवेदन लेकर चयन करना था। इसमें 1196 इकाइयों का ही चयन हो पाया है। 50 प्रतिशत महिला पशु पालकों को चयन में वरीयता दी गई है। जबकि 629 महिला पशु पालक ही चयनित हुई हैं। अब शेष 54 इकाइयों की पूर्ति 100 प्रतशित लक्ष्य हासिल करने वाले जिले लखनऊ, अयोध्या, वाराणसी, मिर्जापुर, प्रयागराज, कानपुर नगर, बांदा, झांसी, अलीगढ़, मेरठ, सहारनपुर, मुरादाबाद करेंगे। इनका लक्ष्य बढ़ाया गया है।

पिछले वर्ष लिए गए थे आवेदन

योजना दुग्धशाला विकास विभाग की पिछले वर्ष संचालित हुई थी। इसमें सरकार की तरफ से दो लाख रुपये दो देशी गाय खरीदकर इकाई लगाने के लिए मिलते हैं। गाय पंजाब, हरियाणा से साहीवाल व थारपारकर नस्ल की खरीदनी है। इस पर 80 हजार रुपये का अनुदान है। चयन ई-लॉटरी से होता है। 17 अक्टूबर 2023 तक आवेदन लिए गए थे। इससे पहले भी समय दिया गया था। नंद बाबा दुग्ध मिशन के मिशन निदेशक शशि भूषण लाल सुशील ने उप दुग्धशाला विकास अधिकारियों को पत्र जारी कर लक्ष्य पूर्ति के निर्देश दिए हैं।

फसलों का सर्वे शुरू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मंगलवार रात हुई बारिश से फसलों में नुकसान की आशंका
- तीन दिनों में जिला कृषि अधिकारी ने मांगी ब्लाकों से रिपोर्ट

अमृत विचार : जिले में मंगलवार रात हुई बारिश से फसलों के नुकसान का कृषि विभाग ने सर्वे शुरू कर दिया है। गुरुवार को जिला कृषि अधिकारी तेग बहादुर सिंह ने सभी विकास खंड पर अधिकारी व कर्मचारियों की टीम बनाकर लगाई है और तीन दिनों में फोटो समेत रिपोर्ट मांगी है। जो कृषि निदेशालय के माध्यम से शासन को भेजी जाएगी। बीकेटी, माल समेत कई क्षेत्रों में तेज हवा से गेहूं, सरसों समेत अन्य फसलें जमीन में बिछ गई हैं तो कहीं बारिश के पानी से जड़ों को नुकसान की संभावना है। जो सर्वे में आकलन कर तय किया जाएगा।

विभाग की मानें तो फसलों को नुकसान नहीं पहुंचा है। क्योंकि जिले में तेज बारिश और ओलावृष्टि न होना बताया गया है। जो बारिश हुई वह रबी फसलों के लिए फायदेमंद बताई जा रही है। गेहूं व सरसों की जो फसलें हवा से बिछी हैं, उनकी जड़ों को नुकसान नहीं हुआ है। जहां फसलों की उस दौरान सिंचाई की गई है तो वहां नुकसान की संभावना है।

आयुष के शिक्षण-प्रशिक्षण व उत्पादन बढ़ाने को ईको सिस्टम तैयार

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

- चार दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय आरोग्य मेले का केन्द्रीय आयुष मंत्री ने किया उद्घाटन
- आयुष मंत्री डॉ.दया शंकर मिश्र समेत कई अधिकारी रहे मौजूद

अमृत विचार : केन्द्रीय आयुष मंत्री सर्बानंद सोनवाल ने कहा कि आयुष हमारी प्राचीनतम उच्च चिकित्सा पद्धति है। देश में आयुष के विकास के लिए शिक्षण, प्रशिक्षण और उत्पादन का एक अच्छा ईको सिस्टम तैयार किया है। यह बात उन्होंने गुरुवार को राजधानी स्थित अवध शिल्पग्राम में चार दिवसीय तीसरे अंतर्राष्ट्रीय आरोग्य-2024 का उद्घाटन करते हुए कही।

केन्द्रीय आयुष मंत्री ने कहा कि आयुष में उपयोगी संसाधन हमारे देश में स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हैं। हम वोकल फार लोकल से ग्लोबल की ओर अग्रसर हो रहे हैं। आयुष की जीवनशैली को वैश्विक पहचान दिलाने में सफल होंगे। उन्होंने बताया कि आयुष पद्धति को विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) भी मान्यता दे चुका है। केन्द्रीय आयु

एक नजर

श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ 26 से

लखनऊ, अमृत विचार : सदर बाजार कैंट स्थित श्री दुर्गा देवी मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन 26 फरवरी से किया जाएगा। कथा के पहले दिन दुर्गा मंदिर परिसर से सुबह 9 बजे कलश यात्रा निकाली जाएगी। कथावाचक पं. शिवराज कृष्ण महाराज श्रद्धालुओं को शाम 5 से रात 9 बजे तक श्रीमद्भागवत कथा सुनाएंगे। 4 मार्च को कथा की पूर्णाहुति होगी। उसी दिन दोपहर 12 बजे से भंडारा होगा। यह जानकारी आयोजक पं. हरिमोहन शुक्ल ने दी।

ट्रेन के सामने कूदकर अधेड़ ने दी जान

रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार : बुढ़वल आ रही बांद्रा एक्सप्रेस के सामने कूदकर बुधवार की रात एक अधेड़ ने अपनी जान दे दी। सूचना पर मौके पर पहुंची रामनगर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस शव की शिनाख्त के प्रयास कर रही है। मामला रामनगर के केसरीपुर रेलवे क्रासिंग के समीप का है। रेलवे पुलिस के मुताबिक बुधवार की रात बांद्रा एक्सप्रेस के चालक राजेंद्र ने लिखित रूप से दी गयी सूचना में बताया कि केसरीपुर रेलवे क्रासिंग के पास अचानक एक अधेड ट्रेन के सामने कूद गया। इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को कंट्रोल किया जाता तब तक चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना की सूचना स्टेशन मास्टर ने रामनगर पुलिस को दी। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक रत्नेश पाण्डेय ने बताया कि रेलवे लाइन पर मिले शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। शव की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं।

युवक ने फंदा लगा दी जान

सुबेहा, बाराबंकी, अमृत विचार : आदर्श नगर पंचायत सुबेहा के गढ़ी वार्ड में एक युवक ने अपने कमरें में तार का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। संतोष यादव (29) पुत्र स्व. लालता प्रसाद यादव ने अपने घर पर अपने कमरे मे बिजली के तार का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बाराबंकी से बस्ती के लिए मई से फर्राटा भरेंगी ट्रेनें

सुविधा

- हर दो ब्लॉक के बीच बनाया जा रहा है एक हट
- सिग्नल के इंतजार में ट्रेनों के रुकने से यात्रियों का बचेगा समय

रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी

अमृत विचार : पूर्वोत्तर रेलवे के बाराबंकी से बस्ती स्टेशन के बीच मई से ट्रेनें दौड़ने लगेंगी। इसके लिए ऑटोमेटिक सिग्नल सिस्टम का काम अप्रैल में पूरा हो जाएगा। इस व्यवस्था के लागू होने से ट्रेनों की सुरक्षा के साथ-साथ औसत गति में भी सुधार आएगा। इससे यात्रियों की मुश्किलें भी कम होंगी। वहीं रामनगरी अयोध्या के चलते नजदीकी बाराबंकी रेलवे स्टेशन भी एक अलग रंग व रूप में दिखेगा।

अभी रेल खंडों पर एब्सोल्यूट ब्लॉक सिग्नल सिस्टम चल रहा है। इसके तहत एक ब्लॉक सेक्शन में ट्रेन के अगले स्टेशन पर पहुंचने के बाद पीछे से आने वाली ट्रेन को हरा सिग्नल दिया जाता है।

दो ट्रेनों के बीच आठ से दस किलोमीटर की दूरी होती है। इस वजह से पीछे से आने वाली ट्रेनें देरी की शिकार होती हैं। सिग्नल के इंतजार में ट्रेनें खड़ी कर दी जाती हैं, इससे यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है लेकिन अब इस सिस्टम में सुधार कर ऑटोमेटिक ब्लॉक सिग्नलिंग सिस्टम के तहत ट्रेनों का संचालन होना है। वहीं, ऑटोमेटिक ब्लॉक सिग्नलिंग सिस्टम के तहत प्रत्येक एक किलोमीटर पर एक ब्लॉक बनेगा। ट्रेन जब एक ब्लॉक पार करेगी तो उसके पीछे की ट्रेन को ग्रीन सिग्नल मिल जाएगा।

इस तरह से एक के पीछे एक ट्रेन चलाई जा सकेगी। इस सिस्टम में सिग्नल भी बढ़ जाएगा। पहले लाल फिर डबल, पीला फिर हरा सिग्नल दिखेगा। हर दो ब्लॉक के बीच एक हट बनाया जाएगा। हट में सिग्नल से जुड़े संयंत्र रखे जाएंगे, ताकि सिग्नल में कोई फॉल्ट आए तो उसे तत्काल ठीक कर लिया जाए।

लगाया जा रहा है ऑटोमेटिक ब्लॉक सिग्नलिंग सिस्टम

चीफ पब्लिक रिलेशन आफिसर एनईआर पंकज कुमार सिंह बताते हैं कि पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य मार्ग बाराबंकी से छपरा के मध्य ऑटोमैटिक ब्लॉक सिग्नलिंग सिस्टम लगाने का कार्य तेजी से चल रहा है। बाराबंकी से बस्ती के बीच का कार्य इसी वित्तीय वर्ष में पूरा कर लिया जाएगा। उम्मीद है कि मई में इस सिस्टम के अनुसार ट्रेनों का संचालन शुरू हो जाएगा। इनके चालू होने से लाइन की क्षमता में वृद्धि के साथ-साथ ट्रेनों की औसत गति में भी सुधार आएगा।

दूसरे चरण में छपरा से प्रयागराज तक लगेंगे उपकरण

ऑटोमेटिक ब्लॉक सिग्नलिंग सिस्टम को पूर्वोत्तर रेलवे के सभी रूटों पर लगाया जाना है। पहले चरण में बाराबंकी से छपरा तक कार्य पूरा होना है। इसके बाद छपरा से वाराणसी होते हुए प्रयागराज और उसके बाद बहराइच से सीतापुर रोड पर इस सिस्टम को अपडेट किया जाएगा। इस सिस्टम के शुरू होने पर पूर्वोत्तर रेलवे में ट्रेनों की औसत स्पीड बढ़ेगी।

बहराइच में लापता बालिका का गन्ने के खेत में मिला शव

कैसरगंज, बहराइच अमृत विचार : कैसरगंज कोतवाली क्षेत्र की एक गांव निवासिनी 6 वर्षीया बालिका बुधवार की दोपहर रहस्यमय हालात में लापता हो गई। उसका शव गुरुवार को एक खेत से बरामद हुआ। पुलिस ने हत्या के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है जबकि उसका बड़ा भाई फरार है।

कैसरगंज कोतवाली क्षेत्र की एक गांव निवासिनी बालिका अपने पड़ोसी कल्लू पुत्र पृथ्वी के यहां आया-जाया करती थी। बुधवार सुबह भी वह पड़ोसी कल्लू के घर गई थी। वह काफी देर तक घर नहीं नहीं लौटी तो परिवार के लोगों ने उसकी तलाश शुरू की। बालिका का कहीं पता न चलने पर परिजनों ने पुलिस को बालिका के लापता होने की सूचना दी। गुरुवार को दिन में लगभग 12 बजे गांव निवासी किसान बाबू वर्मा के खेत में बालिका का शव पड़ा मिला। कैसरगंज कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानंद कुशवाहा ने बताया कि बालिका पड़ोसी कल्लू के यहां जाती थी। कल्लू व उसके भाई राजेश उर्फ लाला के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है। राजेश को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसने हत्या की बात स्वीकार की है।

जमीन की खातिर बेटे ने काटा पिता का गला, मौत

सीतापुर में मां की तेरहवीं के दिन दिया वारदात को अंजाम

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

अमृत विचार। महमूदाबाद कोतवाली इलाके में गुरुवार सुबह बेटे ने पिता की गला काटकर हत्या कर दी। मां की तेरहवीं के दिन ही बेटे ने पिता को मौत के घाट उतार दिया। हत्या के पीछे 18 बीघा जमीन का विवाद बताया जा रहा है। बहन के नाम जमीन होने की आशंका के चलते बेटे ने वारदात को अंजाम दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजकर फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए हैं।

क्षेत्र के ग्राम सायपुर निवासी अवध राम यादव गुरुवार को पत्नी की तेहरवीं संस्कार के चलते खेतों की तरफ गए थे। इस दौरान बेटे सजीवन (45) ने बांके से चकमार्ग पर ही गला काटकर हत्या कर दी। काफी देर तक जब अवध राम घर नही पहुंचे तो बेटी नीतू पिता को देखने के लिए गई। सड़क पर खून से लथपथ शव देख उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस और फॉरेसिंक टीम ने साक्ष्य जुटाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा। नीतू ने बताया कि 18 बीघा जमीन के लालच में ही भाई ने पिता की हत्या करने के बाद से भाई और भाभी घर से गायब है। नीतू ने आरोपी भाई और उसकी पत्नी पर आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर आरोपियो की तलाश शुरू कर दी है। बेटी नीतू ने बताया कि मां की मौत से पहले भी भाई कई बार 18 बीघा जमीन को अपने नाम करवाने के लिए पिता और मां से लड़ाई-झगड़ा करता रहता था।

वारदात से पहले पांच साल के बेटे को नानी के घर छोड़ा

मां की तेरहवीं पर हुई पिता की हत्या के बाद घर में मातमी सन्नाटा पसरा था। अवध राम की बेटी नीतू ने बताया कि आशंका है कि भाई ने पिता की हत्या की योजना पहले ही बना ली थी। ऐसा इसलिए है क्योंकि वारदात से एक दिन पहले ही भाई ने अपने 5 साल के बेटे को अपनी ससुराल (नानी) के घर छोड़कर आया था।

लेडी डॉक्टर के बंगले की भूमि से अतिक्रमण हटाने का कार्य शुरू

बाराबंकी, अमृत विचार : शहर के मध्य स्थित बेशकीमती लेडी डॉक्टर के बंगले की जमीन को खाली कराने का अभियान गुरुवार को प्रारंभ हुआ। इस जमीन पर दो दर्जन से अधिक लोग अस्थायी निर्माण कर व्यावसायिक प्रतिष्ठान चला रहे थे। आरोप है कि इस जमीन का भू-माफिया ने बैनामा भी कर दिया था। कुछ लोगों से चार करोड़ रुपए अग्रिम भी ले रखे थे। गुरुवार को जब नगर पालिका के अधिकारी बुलडोजर के साथ जमीन पर अतिक्रमण हटाने पहुंचे तो हड़कंप मच गया। अतिक्रमणकर्ताओं ने खुद ही अपना सामान हटाना शुरू कर दिया। लेकिन बुलडोजर थमा नहीं। खाली हो रही जमीन की साफ-सफाई का काम भी शुरू किया गया। झाड़ झंखाड़ साफ किये गए। नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी संजय शुक्ला ने बताया कि फिलहाल किसी तरफ से कोई प्रतिरोध नहीं किया गया है। उन्होंने खुद बैठकर अतिक्रमण हटवाया। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने यह जमीन नगर पालिका को हस्तांतरित कर दी थी। अब इस पर मल्टी लेवल पार्किंग बनाने का प्रस्ताव है। अतिक्रमणकर्ताओं पर कोई मुकदमा दर्ज करने की आवश्यकता महसूस नहीं की जा रही है।

समय से पूरी करें मेले की तैयारी : डीएम

निर्देश

- 28 फरवरी से 9 मार्च तक आयोजित किया जाएगा मेला
- मेला स्थल की सभी दिशाओं में की जाए पार्किंग की व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

महादेवा मेले की तैयारी बैठक को संबोधित करते जिला अधिकारी सत्येंद्र कुमार।

अमृत विचार : ज़िलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने कहा कि महाशिवरात्रि के अवसर पर 28 फरवरी से 9 मार्च तक आयोजित होने वाले लोधेश्वर महादेवा मेले की समस्त व्यवस्थाएं प्रत्येक दशा में निर्धारित समय पर पूर्ण कर ली जाएं। साफ-सफाई, पेयजल, आवागमन तथा सुरक्षा जैसे मामलों की व्यवस्था एकदम चुस्त-दुरुस्त होनी चाहिए। इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।

ज़िलाधिकारी गुरुवार को लोक सभागार में तैयारियों से सम्बंधित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मेला अवधि के दौरान मेला क्षेत्र एवं उससे जुड़े रास्तों पर गन्ने से लदे ट्रक एवं ट्रॉलियों के आवागमन के डायवर्जन पर सम्बंधित अधिकारी विचार कर उन्हें अवगत कराएं। बोहनिया और अभरन तालाबों की साफ-सफाई के साथ ही जल स्तर की निगरानी के कार्य के लिए भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मोबाइल टॉयलेट, वाटर टैंकर की समुचित व्यवस्था कराई जाए। बैरिकेडिंग, टेंट, पार्किंग और लाइट की व्यवस्था पहले से अधिक व्यवस्थित हो। साथ ही मेला स्थल के सभी दिशाओं में पार्किंग की व्यवस्था होनी चाहिए। डीएम ने एसडीएम, सीओ की संयुक्त समिति गठित करने के निर्देश देते हुए कहा कि यह समिति जांच कर पता लगाए कि मेला परिसर में लगने वाली दुकानों से वसूली जाने वाली तहबाजारी आदि का कितना अंश मेले की व्यवस्था में उपयोग किया जाता है अथवा नहीं। उन्होंने कहा कि मेले को और अधिक सुव्यवस्थित करने के लिए मेले की दुकानों से होने वाली आय के कुछ हिस्से का उपयोग किया जा सकता है। डीएम ने आगे कहा कि बोहनिया तालाब के पास पुलिस चौकी बनती है तो वहीं पर कांवड़ियों से प्राप्त सामान आदि को रखने की व्यवस्था कर ली जाए। प्रकाश व्यवस्था भी अच्छी होनी चाहिए, जनरेटर एवं इन्वर्टर की व्यवस्था हो। एक हेल्थ कैम्प और खोया पाया केंद्र 24 घंटे कार्य करेगा।

रायबरेली में दुष्कर्म पीड़िता ने एसपी ऑफिस में खाया जहर

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। 7 साल से भटक रही दुराचार पीड़िता के सब्र का बांध गुरुवार को उस समय टूट गया, जब वह एसपी कार्यालय पहुंची। यहां मौजूद अधिकारियों की बेरूखी से आहत होकर पीड़िता ने कार्यालय में जहर खा लिया। महिला की हालत गंभीर होते देख पुलिस के हाथ-पैर फूल गए। आनन-फानन में पुलिसकर्मियों ने महिला को जिला अस्पताल पहुंचाया जहां पर उसका इलाज चल रहा है।

महिला की हालत नाजुक बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने तत्काल आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। लालगंज थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली दुष्कर्म पीड़िता करीब 7 साल से न्याय मांगने के लिए थाने और पुलिस अधीक्षक कार्यालय के चक्कर लगा-लगाकर थक चुकी थी। गुरुवार को एक बार फिर न्याय की गुहार लगाने के लिए वह पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची। हर बार की तरह इस बार भी किसी ने उसकी गुहार पर ध्यान नहीं दिया। महिला जिम्मेदारों की बेरुखी से इतनी आहत हो गई कि उसने एसपी कार्यालय में ही जहर खा लिया। वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने जब उसे तड़पता देखा तो होश उड़ गए। महिला सिपाहियों को बुलाकर पीड़िता को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। महिला का आरोप है कि खीरों थाना क्षेत्र के भीतरी गांव के रहने वाला श्यामू सिंह ब्लैकमेल कर लगातार 7 साल से दुष्कर्म कर रहा है। इसकी शिकायत पुलिस से की लेकिन कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है। लालगंज कोतवाल शिवशंकर सिंह ने बताया कि रेप पीड़िता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।

> महिला अपना प्रार्थना पत्र लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय आई थी। महिला ने बताया 2017 से मेरा शोषण हो रहा है। इन्हीं सब बातों को लेकर महिला के प्रार्थना पत्र के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया जा रहा है। मुकदमा पंजीकृत कर तथ्यों के आधार पर जांच की जाएगी साक्ष्य संकलित कर अग्रिम विधिक कार्रवाई भी की जाएगी। महिला की हालत अब सामान्य है। **-नवीन कुमार सिंह,** अपर पुलिस अधीक्षक, रायबरेली

परीक्षा देकर लौट रही छात्रा अगवा

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। हाईस्कूल की परीक्षा देकर वापस जा रही छात्रा को कार सवार युवकों ने अगवा कर लिया। हड़बड़ाहट में चालक ने कार से नियंत्रण खो बैठा जिससे हाईवे पर जा रही एक महिला कार की चपेट में आ गई। इससे घटनास्थल पर लोगो की भीड़ लग गई। सूचना पर पुलिस सक्रिय हुई और कार सवारों का पीछा करते हुए दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया। उनकी निशानदेही पर दो अन्य को बाद में गिरफ्तार किया गया।

हरचंदपुर थाना क्षेत्र के बालापुर स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में रहकर पढ़ाई कर रही छात्रा कस्बे के जनपद इंटर कॉलेज में हाईस्कूल की परीक्षा प्रथम पाली में देने गई थी। वह ई रिक्शा से सहेलियों के साथ वापस स्कूल जा रही थी तभी विद्यालय से दो सौ मीटर पहले प्यारेपुर स्थित नैया नाले के पास आई एक ऑल्टो कार ने ई-रिक्शा रोक लिया और छात्रा को जबरन अपनी कार में बैठा लिया। छात्रा को लेकर कार सवार युवक बछरावा हाईवे की तरफ भागने लगे तभी वह हड़बड़ाहट में सामने से आ रही लुकवा खेड़ा गांव की गीता पत्नी कन्हैया को जोरदार टक्कर मार दी जिसके बाद वहां लोगो ने कार को घेर लिया। अगवा कर भाग रही कार का पीछा कर रही हरचंदपुर पुलिस भी पहुंच गई। मौके पर दो युवकों को दबोच लिया। दो अन्य को पुलिस ने बाद में दबोचा। पकड़े गए अमन सिंह निवासी हरनी, कोमल सिंह निवासी मवैयाखेड़ा, विकास सिंह बरई व विकास पूरे गुलाब सिंह गुनावर थाना हरचंदपुर को गिरफ्तार कर लिया है।

डीसीएम की टक्कर से ट्रैक्टर चालक की मौत

बाराबंकी, अमृत विचार : लखनऊ-अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर डीसीएम की टक्कर से ट्रैक्टर चालक की मौत हो गई। हादसा गुरुवार की दोपहर सफदरगंज थाना क्षेत्र के दादरा चौराहे पर हुआ। करमुल्लापुर निवासी राजू दादरा स्थित कृष्णा ट्रेडर्स पर ट्रैक्टर से रसौली से गिट्टी-मौरंग उतारकर ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर दुकान लौट था। दुकान के सामने अयोध्या की ओर जा रही डीसीएम ने ट्रैक्टर में टककर मार दी। हादसे में ट्रैक्टर चालक नीचे गिरकर पहिये के नीचे आ गया। घायल राजू को गंभीर दशा में दुकानदार दिनेश वर्मा ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान राजू की मौत हो गई।

मजबूती से चुनाव लड़ेगी कांग्रेस : पुनिया

बाराबंकीद्व अमृत विचार : पूर्व सांसद डॉ. पीएल पुनिया ने बाराबंकी की संसदीय सीट कांग्रेस के लिए छोड़ने पर पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के प्रति आभार जताया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस घटक दलों के साथ मिलकर मजबूती से चुनाव लड़ेगी और विजय हासिल करेगी।

पुनिया कांग्रेस के लिए सीट छोड़ने पर बधाई देने आए कार्यकर्ताओं और विभिन्न घटकदलों के कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। पूर्व सांसद ने कहा कि 2024 के आम चुनाव के बाद अगर देश में इण्डिया गठबन्धन की सरकार बनी तो हम देश के अन्नदाता को एमएसपी देंगे। इस अवसर पर सपा की महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश सचिव तरन्नुम निशां, नगर अध्यक्ष शादाब खानम, शबाना खातून, सभासद एवं अखिल भारतीय यादव महासभा के जिलाध्यक्ष रविशंकर उर्फ लल्ला यादव सहित दर्जनो समाजवादी पार्टी के नेताओं कार्यकर्ताओ ने बधाई दी और एक साथ मिलकर चुनाव लड़ने और कांग्रेस प्रत्याशी को भारी बहुमत से जितवाने का विश्वास दिलाया। बाराबंकी के संभावित कांग्रेस प्रत्याशी तनुज पुनिया, जिलाध्यक्ष मो. मोहसिन मौजूद थे।

वर्ग पहेली-351

बाएं से दाएं

1.1. किसी तीर्थ स्थान के अंदर पड़ने वाले मुख्य देवस्थलों की यात्रा 2. किसी तीर्थ की परिक्रमा।

4.1. चमकना, प्रकाश बिखेरना 2. क्रीड़ा, आमोद-प्रमोद।

5.1. एक प्रकार की पालकी 2. योग साधना में एक प्रकार का आसन।

7.1. आवेश में आना 2. बुरा लगना, नाराज़ होना 3. चिड़चिड़ाना, चिढ़ना।

ऊपर से नीचे

1.1. सूर्य की किरणों का समूह 2. सूर्य और चंद्रमा के चारों ओर का वलय या घेरा 3. सूर्यमंडल, चंद्रमंडल।

2. एक वृक्ष जिसके फूल, फल और पत्तियां सभी दवा बनाने के काम आते हैं।

3. नयापन, नूतनता।

5. अच्छे या शुभ दिन।

6. ख़ाला अर्थात मौसी का पति, मौसा।



वर्ग पहेली - 350 का हल

	1 ए		2 पे	
3 शि	ला	रो	प	ण
	ने		र	
	जं		4 बे	ठ	5 क
	6 ग	डु	क		ल
					हि
7 भो	ग		8 चु	स	नी

सुडोकू-68

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

		9	3	2				7
				9			4	
	8		5			9		
7		5			9	1		
								5
		2	7			4		9
		7		5	6		9	
5	6			7				
				4	8	7		

सुडोकू - 67 का हल

3	4	6	2	8	9	5	1	7
5	2	7	1	3	6	8	4	9
9	8	1	4	5	7	3	6	2
7	9	8	3	2	1	4	5	6
6	5	2	7	4	8	9	3	1
4	1	3	6	9	5	7	2	8
1	3	4	9	7	2	6	8	5
2	7	5	8	6	4	1	9	3
8	6	9	5	1	3	2	7	4

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 23 फरवरी, शुक्रवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-चतुर्दशी 15.33 तक तत्पश्चात पूर्णिमा।

आज का पंचांग



दिशाशूल- पश्चिम। **ऋतु**-वसंत। चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-आश्लेषा 19.25 तक तत्पश्चात मघा।

मेष — आज बोलचाल में अपशब्दों का प्रयोग न करें। विद्यार्थी करियर को लेकर लापरवाह हो सकते हैं। जीवनसाथी के साथ अपने संबंध मधुर रखें। आप काफी व्यस्त रहने वाले हैं। दूसरों की सहायता करके आपको आत्मसंतुष्टि महसूस होगी।

वृष — आज आपको शुभ सूचना मिल सकती है। भौतिक भोग-विलास का आनंद लेंगे। किसी कार्य को औपचारिकता में न करें। आलस्य के कारण अपना नुकसान करा सकते हैं। आपको सहयोगियों का साथ मिलेगा।

मिथुन — आज अपनी जिम्मेदारियों को समझें। विरोधी सक्रिय हो सकते हैं। नए संबंधों को लेकर सावधान रहें। भोजन में शुद्धता का ध्यान रखें। आपका स्वास्थ्य कमजोर हो सकता है। आपकी जीवनशैली अस्त-व्यस्त हो सकती है।

कर्क — आज नए व्यापारिक अनुबंध कर सकते हैं। रुका हुआ धन वापस मिलेगा। कारोबार में सब कुछ आपके अनुकूल रहेगा। आर्थिक मामलों में भाग्यशाली रहेंगे। पति-पत्नी के बीच आपसी समझ और सामंजस्य में वृद्धि होगी।

सिंह — आज महिलाओं को स्वास्थ्य समस्या हो सकती है। पेट में जलन जैसी समस्या हो सकती है। ऑफिस में कार्यभार की अधिकता रहेगी। अनैतिक कार्यों में रुचि ले सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्यों को एक-दो दिन के लिए टालना हितकर होगा।

कन्या — आज फाइनेंस से जुड़े मामलों के लिए दिन बहुत अच्छा है। विवादों में आपकी विजय हो सकती है। किसी बीमा पॉलिसी में धन निवेश कर सकते हैं। स्वास्थ्य को लेकर काफी सचेत रहने वाले हैं। सोशल मीडिया में आप काफी सक्रिय रहेंगे।

तुला — आज अपरिचित लोगों से ज्यादा तालमेल न बढ़ाएं। रिश्तेदारों के काम से कहीं बाहर जाना पड़ सकता है। सहकर्मियों की बातें आपको बुरी लग सकती है। रुचि पूर्ण कार्य करने से आपको लाभ होगा। धीमी गति से आपके काम बनते प्रतीत होंगे।

वृश्चिक — आज मित्रों के साथ पार्टनरशिप में कारोबार शुरू कर सकते हैं। बौद्धिक चर्चाओं में सम्मिलित होने के योग बन रहे हैं। शरीर में ताजगी और उत्साह रहेगा। अनचाही यात्रा करनी पड़ सकती है। बच्चे पढ़ाई के बजाय दूसरे कार्यों में समय ज्यादा खर्च करेंगे।

धनु — आज दर्शन और योग में आपकी स्वाभाविक रुचि हो सकती है। बिना मांगे किसी को सलाह न दें। पुराने विवाद दोबारा उठ खड़े हो सकते हैं। किसी भी आर्थिक गारंटी न लें वरना नुकसान हो सकता है। नशे और गरिष्ठ खानपान से परहेज करें।

मकर — आज आपके सामाजिक संपर्क मधुर होंगे। विशेषज्ञ लोगों से मार्गदर्शन प्राप्त होगा। कई आवश्यक कार्य समय से पहले पूर्ण हो जाएंगे। तनाव के बावजूद आपका प्रदर्शन अच्छा रहेगा। प्रेम संबंध काफी मधुर रहने वाले हैं।

कुंभ — आज कार्यक्षेत्र में गुप्त शत्रु आपके विरुद्ध चुगली कर सकते हैं। एक साथ कई काम संभालने पड़ेंगे। मन में नकारात्मक भाव न आने दें। पैतृक संपत्ति के मामलों में जल्दबाजी न करें। वकालत की पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों को अच्छे अवसर मिल सकते हैं।

मीन — आज ऑनलाइन मार्केटिंग का काफी अच्छा उपयोग करेंगे। बच्चे बड़े-बुजुर्गों का सानिध्य पसंद करेंगे। प्रेमी जन के साथ गंभीर विषयों पर वार्तालाप हो सकती है। अपनी रोग-प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए खानपान और योग पर ध्यान दें।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- बादशाह — सुबह : 10.00
- धड़कन — रात : 07.00

SONY SMAX
- स्टाइल — सुबह : 09.00
- कैथी — शाम : 06.00

SONY PIX
- हेलबॉय — सुबह : 10.20
- लाइफ — रात : 09.00

ZEE CINEMA
- बोस- द फॉरगेटेन हीरो — सुबह : 10.30
- फितूर — रात : 07.30

colors CINEPLEX
- हम तुम पे मरते हैं — दोपहर : 12.06
- असुर — रात : 08.49

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात-07.30 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पति- अगर मुझे लाटरी लगी तो तुम क्या करोगी?
पत्नी- आधे पैसे लेकर हमेशा के लिए मायके चली जाउंगी। मैं भी खुश और आप भी खुश।
पति- 100 रुपये की लगी है, ये ले 50 और निकल ले।

चंपकलाल दारू पीकर अपने घर गया और दरवाजा खटखटाया। पत्नी ने दरवाजा खोला। चंपकलाल ने पूछा- तू कौन है और मेरे घर में क्या कर रही है?
पत्नी ने कहा - मुझे ही भूल गए?
चंपकलाल बोला - दारू पीकर आदमी हर गम भूल जाता है।

ते पुत्रा ये पितुर्भक्ता : स : पिता यस्तु पोषक : ।
तन्मित्रं यत्र विश्वास : सा भार्या या निवृति : ॥

संतान वही है जो अपने पिता की सेवा करे। पिता वही है जो अपने पूरे परिवार का लालन-पालन कर सकें। मित्र वही है जिस पर विश्वास किया जा सके और पत्नी वही है, जो आपको हमेशा खुश रखें।

संपादकीय

नई हरित क्रांति की जरूरत

बढ़ती आबादी के साथ खाद्यान्न की तेज होती मांग और कृषि उत्पादन बढ़ाने का दबाव सरकार पर है। आजादी के समय खाद्य सुरक्षा की समस्या देश को विरासत में मिली थी। पहली हरित क्रांति ने जहां एक तरफ देश को खाद्य सुरक्षा की समस्या से काफी हद तक निजात दिलाई और देश को एक खाद्यान्न आयातक देश से खाद्यान्न निर्यातक देश में बदल दिया परन्तु जैसे-जैसे हरित क्रांति आगे बढ़ती गई, ठीक उसी प्रकार उत्पादकता में ठहराव आता गया। ऐसे में भारत को दालों और खाद्य तेल जैसी कम पानी की खपत वाली फसलों की खेती को बढ़ावा देने के लिए द्वितीय हरित क्रांति की शुरुआत करने की जरूरत महसूस की गई। देश में हरित क्रांति की शुरुआत 1966-67 में हुई थी। खाद्यान्न उत्पादकता बढ़ाने के उद्देश्य से सरकार ने दो वर्ष पहले पूर्वी भारत में ब्रिगिंग ग्रीन रिवोल्यूशन इन ईस्टर्न इंडिया (बीजीआरईआई) कार्यक्रम शुरू किया था। यह कार्यक्रम सात राज्यों-असम, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, बिहार, झारखंड, पूर्वी उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ में चलाया जा रहा है। वर्ष 2000 के आसपास द्वितीय हरित क्रांति की चर्चा शुरू हो गई। 1998 में अटल बिहारी बाजपेयी ने सबसे पहले द्वितीय हरित क्रांति का उल्लेख किया। वर्ष 2000 में घोषित राष्ट्रीय कृषि नीति में भी द्वितीय हरित क्रांति शुरू करने पर बल दिया गया था। 2002 में एपीजे अब्दुल कलाम के राष्ट्रपति बनने पर इसे एक नया आयाम मिला परन्तु मई 2004 में सत्ता परिवर्तन होने पर द्वितीय हरित क्रांति ठंडे बस्ते में चली गई। परन्तु यूपीए सरकार के दूसरे कार्यकाल में पुनः एक बार द्वितीय हरित क्रांति पर फोकस किया गया और इसकी शुरुआत पूर्वी भारत से हुई जिसे आशा और संभावनाओं दोनों ही दृष्टियों से देखा जा रहा है।

आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने गुरुवार को कृषि क्षेत्र के लिए मुफ्त बिजली को हतोत्साहित करने की बात कही। जीटीआरआई की रिपोर्ट में कहा गया है, दलहन, तिलहन और सब्जियों जैसी कम पानी वाली फसलों को बढ़ावा देने की जरूरत है, जो पानी की मांग को काफी कम कर सकती हैं और सरकार इन फसलों पर एमएसपी की गारंटी दे सकती है। ये सिफारिशें महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि कुछ राज्यों में किसान अपनी मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं जिसमें फसलों के लिए एमएसपी की कानूनी गारंटी और कृषि ऋण माफी शामिल है। ध्यान रहे छठे दशक में हरित कांति के दौरान पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश फले-फूले, वहीं दूसरी ओर इन तीनों राज्यों में क्षमता से अधिक दोहन के चलते जल संसाधनों की स्थिति खराब हुई है। हरित क्रांति द्वितीय का स्वागत किया जाना चाहिए, लेकिन हमें कुछ अहम पहलुओं का ध्यान रखना होगा। सावधानी बरतनी होगी कि नई हरित क्रांति हमारे संसाधनों को नुकसान न पहुंचाए, बल्कि उनमें सुधार लाए।

न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना का गणित

अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

लागत आयोग के आंकड़ों के अनुसार पंजाब में सी 2+50 प्रतिशत फॉर्मूला लागू करने पर गेहूं की उत्पादन लागत 1503 रुपये प्रति क्विंटल आती है। इसके विपरीत बिहार या पश्चिम बंगाल में गेहूं की उत्पादन लागत क्रमशः 1745 रुपये प्रति क्विंटल और 2003 रुपये आती है।

किसानों के आंदोलन से न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का मसला एक बार फिर से चर्चा में आ गया है। वास्तव में अपनी उपज का न्यूनतम समर्थन मूल्य तो किसानों का अधिकार है और यह उसे मिलना ही चाहिए। वस्तुतः एमएसपी किसानों को बाजार के उतार चढ़ाव और व्यापारियों-बिचौलियों के शोषण से बचाने की गारंटी देता है। किसानों ने अपनी खेती में जो भी लागत लगाई है, जैसे बीज, खाद, पेस्टीसाइड, श्रम, खेत का किराया, चाहे अपनी है या किराये की है, उसका उसे प्रतिफल तो मिलना ही चाहिए, परंतु अभी यह उनका अधिकार नहीं है। खेती को जब तक मात्र आजीविका का साधन बनाए रखा जाएगा, तब तक उसे लोग दिल से नहीं अपनाएंगे। ये अलग बात है कि खेती कभी व्हाइट कॉलर जॉब तो नहीं बन सकता, परंतु इसे एक सुरक्षित व्यवसाय के रुप मे परिवर्तित कराना ही सरकार और स्वयं किसानों का उद्देश्य होना चाहिए। यदि सभी किसान सिर्फ अपने और अपने परिवार के खाने के लायक मात्रा में ही खेतों से उत्पादन करने लगेगा तो बाकी तीस - चालीस प्रतिशत जनसंख्या क्या खाएगी? अब प्रश्न यह है कि जब खेती किसानी इतनी महत्वपूर्ण है तो सरकार एमएसपी को एक विधिक दर्जा देकर कानून क्यों नहीं बना देती जिससे जो कोई भी एमएसपी से कम मूल्य पर किसानों की उपज खरीदें तो उसके विरुद्ध विधिक कार्यवाही कराई जा सके, किसानों का शोषण रोका जा सके। वस्तुतः राज्य सरकारों द्वारा निर्गत धान या गेहूं क्रय नीति में पहले से ही उल्लिखित होता है कि किसानों द्वारा लाए गए गेहूं या धान की मंडियों में पहले बोली लगाई जाएगी जिसमें मंडी, सरकारी क्रय केंद्र प्रभारी, आढ़तिया और किसान उपस्थित रहेंगे। यदि एफएक्यू (फेयर एवरेज क्वालिटी) धान/गेहूं की बोली न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम लगती है तो इसे सरकारी क्रय केंद्रों पर खरीदा जाएगा और किसानों को एमएसपी प्रदान किया जाएगा। इतना ही नहीं एमएसपी से कम बिकने पर उसे डिस्ट्रेस सेल मानते हुए संबंधित सरकारी कर्मचारियों/व्यापारियों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही भी की जाएगी। स्पष्ट है कि सरकार इसके लिए पहले से ही कृत संकल्पित है, सिर्फ इसका कड़ाई से अनुपालन कराना वांछित है।

सभी किसानों को एमएसपी का लाभ नहीं मिल पाने में एक बड़ी बाधा एफएक्यू अर्थात् फेयर एवरेज क्वालिटी और खाद्यान्न की निर्धारित गुण विर्निष्टियों के अंतर्गत खरीद है। हालांकि सभी क्रय केंद्रों पर किसानों की उपज को मानक के अनुसार बनाने के लिए साफ सफाई हेतु उपकरण उपलब्ध हैं, परंतु मानक के अनुसार बनाना टेढ़ी खीर है।

एमएसपी एक प्रकार से किसानों को उनकी फसल बिक्री के लिए गारंटीशुदा कीमत है। भारत सरकार ने किसानों की फसलों को उनका उचित मूल्य प्रदान करने के उद्देश्य से वर्ष 1965 में कृषि मूल्य आयोग का गठन किया था, जिसे सन् 1985 में कृषि मूल्य और लागत आयोग बना दिया गया। इस आयोग की अनुशंसा पर पहली बार 1966-67 में धान और गेहूं के एमएसपी की घोषणा की गई थी। यह आयोग किसी भी फसल की लागत से कम से कम 1.5 गुना के स्तर पर फसलों की एमएसपी तय करता है यानि किसानों को जो लागत आती है, उस पर कम से कम 50 प्रतिशत लाभ जोड़कर एमएसपी तय की जाती है। एमएसपी कीमत निर्धारित करने से पूर्व फसल की मांग और आपूर्ति, उत्पादन की लागत, घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में कीमत, आंतरिक फसल कीमत मानक, कृषि और गैर कृषि के बीच व्यापार की शर्तें, फसल कीमत से उपभोक्ता पर संभावित प्रभावों का आंकलन करती है, परंतु सरकार इसे मानने के लिए कानूनी रूप से बाध्य नहीं है और यही किसानों का भय है कि सरकार कभी भी फसल की एमएसपी दर घटा या बढ़ा सकती है या हटा भी सकती है। किसानों की मांग है कि संसद को एमएसपी पर एक कानून बनाना चाहिए ताकि कोई भी व्यापारी किसानों की फसल को एक निश्चित दर से नीचे न खरीद सके और ऐसा करने वाले को दंडित किया जाना चाहिए और किसानों को फसल बोने से पहले सूचित किया जाना चाहिए कि उनकी फसल किस दर पर बेची जाएगी। एक रिपोर्ट के अनुसार में देश में केवल छह प्रतिशत किसानों को उनकी फसलों के लिए एमएसपी मिल पाता है और यह सोचनीय स्थिति है। अतः प्रथम उद्देश्य यह होना चाहिए कि इसका विस्तार अधिकतम किसानों तक हो और अधिकतम किसान इसका लाभ उठाएं। पंजाब और हरियाणा में अधिकांश किसान इस व्यवस्था से लाभान्वित हैं और यही कारण है कि आंदोलन में इन्हीं दो राज्यों के किसानों की बहुलता भी है। अन्य राज्यों में इस योजना के वास्तविक विस्तार होने से किसानों में सुरक्षा और व्यावसायिक दृष्टिकोण से खेती करने की भावना विकसित होगी।

लागत आयोग के आंकड़ों के अनुसार पंजाब में सी 2+50 प्रतिशत फॉर्मूला लागू करने पर गेंहू की उत्पादन लागत 1503 रुपये प्रति क्विंटल आती है। इसके विपरीत बिहार या पश्चिम बंगाल में गेहूं की उत्पादन लागत क्रमशः 1745 रुपये प्रति क्विंटल और 2003 रुपये आती है। इस वर्ष सरकार ने गेहूं की एमएसपी 2275 रुपए प्रति कुंतल घोषित किया है तो स्पष्ट है कि बिहार-पश्चिम बंगाल आदि राज्यों में एमएसपी इनके लागत मूल्य से कम मिल रहा है और पंजाब-हरियाणा में ज्यादा। स्पष्ट है कि एमएसपी की गारंटी के साथ-साथ खरीद की व्यवस्था को मजबूत बनाना होगा। इसके लिए सरकार को खरीद केंद्रों की संख्या बढ़ानी होगी, भुगतान की प्रक्रिया को तेज करना होगा और किसानों को ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन और ट्रैकिंग की सुविधा देनी होगी। हाल के वर्षों में उत्तर प्रदेश ने एमएसपी योजना में अपनी खरीद बढ़ाने, अधिकाधिक किसानों तक पहुंचने, त्वरित भुगतान करने और ऑनलाइन पारदर्शी व्यवस्था बनाने में तेजी से प्रगति की है। बायोमेट्रिक पद्धति से खरीद, आधार लिंक और पीएफएमएस प्रक्रिया से भुगतान ने इस योजना का किसानों में विश्वास और विस्तार बढ़ाया है। छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में भी इस दिशा में प्रगति हुई है।

सभी किसानों को एमएसपी का लाभ नहीं मिल पाने में एक बड़ी बाधा एफएक्यू अर्थात् फेयर एवरेज क्वालिटी और खाद्यान्न की निर्धारित गुण विर्निष्टियों के अंतर्गत खरीद है। हालांकि सभी क्रय केंद्रों पर किसानों की उपज को मानक के अनुसार बनाने के लिए साफ सफाई हेतु उपकरण उपलब्ध हैं, परंतु मानक के अनुसार बनाना टेढ़ी खीर है। यह नियम विश्व खाद्य संगठन और विश्व स्वास्थ्य संगठन के विभिन्न निर्देशों के क्रम में केंद्रीय खाद्य मंत्रालय के अनुमोदन से भारतीय खाद्य निगम निर्धारित करती है कि किस क्वालिटी का धान-गेहूं या अन्य फसल खरीदा जाएगा, जो मानवीय खाने के योग्य हो। पीएफए अर्थात् प्रिवेंशन ऑफ फूड अल्टरेशन के अंतर्गत किसी खाद्य पदार्थ को मानव के खाने हेतु योग्य या अयोग्य घोषित किया जाता है, लेकिन इसके मानकों को जांचने का तरीका अभी तक मैन्युअल हैं, जिसे मशीनीकृत या पारदर्शी बनाने की आवश्यकता है। दूसरा यह कि सरकारी क्रय केंद्रों पर तो यह मानक व्यवस्था लागू कराई जा सकती है, परंतु निजी व्यापारियों के खरीद पर कैसे लगाया जा सकेगा, यह एक गंभीर चुनौती है। बाजार के खरीद का मूल्य बाजार में मांग-आपूर्ति और उनके लाभ पर निर्भर करता है। यदि वो भी सभी क्वालिटी के खाद्यान्न को एमएसपी पर खरीदना शुरू करें तो फाइनल प्रोडक्ट काफी महंगा हो जाएगा और महंगाई काफी बढ़ जाएगी। सरकार लोक कल्याणकारी है और वह घाटा उठाकर या सब्सिडी देकर खराब या मानकों से इतर खाद्यान्न एमएसपी पर खरीद कर मुफ्त में बांट सकती है, परंतु निजी आढ़तियों से हम इसकी अपेक्षा नहीं कर सकते। अब सरकार खरीद के लिए मानक निर्धारित न करें तो क्या करें? मार्केट में अच्छे-बुरे सभी सामान का उसकी गुणवत्ता के आधार पर मूल्य निर्धारित होता है तो क्या इसी मानक के आधार पर किसानों से खरीद में भी मूल्य तय किए जाएं? तराई क्षेत्रों में शुरुआत में धान में अत्यधिक नमी के कारण सरकारी मानक के अंतर्गत न आने के चलते उन्हें मजबूरी में आढ़तियों के हाथों कम दामों में बेचना पड़ता है। किसानों का ये मानना है कि सरकार यदि नमी की मात्रा के आधार पर मूल्य तय कर ले तो किसानों को लाभ मिल जाए, लेकिन क्या ज्यादा नमी वाले खाद्यान्न को ज्यादा दिनों तक एफसीआई के मानकों के अंतर्गत संरक्षित रखा जा सकेगा? आज सरकार उतनी ही मात्रा में खरीद का लक्ष्य रखती है, जो वह सार्वजनिक वितरण प्रणाली मे वितरित करती है और एक निश्चित मात्रा आपातकाल के लिए बफर गोदाम मे संरक्षित करती है। इससे अधिक खरीदकर उसे भंडारित और संरक्षित करना भी एक दुरुह कार्य है।

प्रसंगवश

स्वच्छता आंदोलन के महामानव

मणेन्द्र मिश्रा 'मशाल'
पूर्व अतिथि प्रवक्ता
इलाहाबाद विश्वविद्यालय

भारतीय सामाजिक परिवर्तन का केंद्र रहे महाराष्ट्र से अनेक ऐसी विभूतियों ने जन्म लिया है, जिन्होंने अपने जीवन दर्शन से समूची मानवता को संदेश दिया है। अठारवीं शताब्दी में जन्मे देश के नायक महात्मा गांधी और बाबा साहब भीमराव आंबेडकर के साथ ही बाबा गाडगे का जन्म हुआ। भारत में स्वच्छता को आंदोलन के रूप में प्रेरित करने वाले महान संत गाडगे को स्वच्छता आंदोलन का जनक कहा जाता है। महाराष्ट्र के अमरावती जिले के अकोला में पैदा हुए संत गाडगे धोबी समाज से जुड़े थे। युवावस्था में ही अंधविश्वास, रूढ़ियों और मूर्ति पूजा के विरोध में उन्होंने जन जागरुकता शुरू की। उनके पास एक मिट्टी के मटके जैसा पात्र था इसी में वे खाना-पीना खाते थे। महाराष्ट्र में मटके के टुकड़े को गाडगा कहते हैं यही उनका प्रचलित नाम बन गया।

संत गाडगे गांव-गांव घूमकर दलित और गरीब बस्तियों में लोगों को कीर्तन के माध्यम से शिक्षा पर जोर देने के लिए प्रेरित करते थे। कीर्तन में उनके प्रमुख संदेश थे मेरी जहां मृत्यु हो जाए वहीं मेरा अंतिम संस्कार कर देना, मेरी मूर्ति, मेरी समाधि, मेरा स्मारक, मंदिर नहीं बनाना, मैंने जो कार्य किया है वही मेरा सच्चा स्मारक है। पैसे की तंगी हो तो खाने के बर्तन बेच दो, लेकिन अपने बच्चों की शिक्षा के बिना मत रखो। संत गाडगे के समय का तत्कालीन भारतीय समाज जहां एक ओर जातीय जकड़न और शोषण का शिकार था, वहीं दूसरी ओर आदर्शवादी बातें एवं सम्मान पर भी कुछ समूहों का वर्चस्व था। ऐसे में अपनी सादगी, वैचारिकी और समाज के एक बड़े उपेक्षित समूह का जीवन स्तर बेहतर करने की प्रतिबद्धता के लिए पूरा जीवन समर्पित कर देना अकल्पनीय है। संत गाडगे का जीवन दर्शन समाज कल्याण एवं परोपकार का जीवंत उदाहरण है। वंचित समाज में उनकी लोकप्रियता और प्रभाव का सम्मान करते हुए सामाजिक परिवर्तन के अनेक मुद्दों पर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर उनके अनुभव के आधार पर नीतियां बनाते थे।

आज जहां पूरी दुनिया में साफ-सफाई को लेकर व्यापक अभियान चलाने पर उसका अपेक्षित परिणाम नहीं निकल पा रहा है। ऐसे में संत गाडगे के स्वच्छता आंदोलन विषयक अभियान का संदेश बेहद प्रासंगिक है। उन्होंने हमेशा इस बात पर जोर दिया कि साफ-सफाई के कार्य को किसी जाति विशेष से जोड़कर अपमानित नहीं करना चाहिए, बल्कि जो लोग इस कार्य को करते हैं उनका सार्वजनिक अभिनंदन किया जाना चाहिए। सफाई से जुड़े समूहों के प्रति समाज के कुलीन वर्ग द्वारा किए जाने वाले तिरस्कार के संत गाडगे बेहद खिलाफ थे। यही भेदभाव और अपमानजनक व्यवहार के कारण वे धार्मिक पाखंड और कुरीतियों पर हमला करते रहते थे।

जीवन के अंतिम समय में संत गाडगे की ख्याति महाराष्ट्र से पूरे भारत में फैलने लगी थी। पूरे देश में गाडगे बाबा के जीवित रहते अनेक संस्थाओं ने उनके विचार पर कार्य करना शुरू कर दिया था। 1956 में 6 दिसंबर को बाबा साहब के महापरिनिर्वाण होने पर संत गाडगे बेहद दुखी हो गए। इस घटना से वह व्यथित हुए उसी शोक में बीमार होने के कारण उसी दिसंबर के महीने में 20 तारीख को उनका भी देहावसान हो गया, लेकिन जीवनभर जिस विचार को उन्होंने फैलाया वह आज भी पूरी प्रखरता से गतिमान है। उनकी विशिष्ट सेवाओं का सम्मान करते हुए अमरावती में संत गाडगे बाबा अमरावती यूनिवर्सिटी नाम दिया गया। साथ ही उनके नाम पर अनेक सम्मान/पुरस्कार भी घोषित है।

आजादी के पचहत्तर साल बाद भी सामाजिक संरचना में बड़ा बदलाव नहीं हो पाया है। स्वच्छता को आज भी एक वर्ग विशेष से जोड़कर देखा जा रहा है। यह सभ्य समाज के लिए उचित नहीं है। लोकतांत्रिक समाज में प्रत्येक नागरिक को गरिमापूर्ण जीवन जीने का संवैधानिक अधिकार प्राप्त है। साथ ही समानता और बंधुत्व इसके मूल में है। इन सभी लक्ष्यों को संत गाडगे के बताए रास्ते पर चलकर पाया जा सकता है। 23 फरवरी उनकी जयंती है उस महामानव संत गाडगे को स्मरण करने का दिन है जिन्होंने स्वच्छता के संदेश के माध्यम से हमें मनुष्य बने रहने के बुनियादी सिद्धांतों से परिचय कराया।

सनातन परंपरा के संवाहक संत रविदास

प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

भक्त रैदास की ख्याति दूर-दूर तक फैल रही थी तभी चित्तौड़ के मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा के लिए राणा ने भक्त रैदास को बुलाया। अनेक ब्राह्मणों द्वारा विरोध करने के बावजूद राणा ने संत रैदास का सम्मान किया, पादपूजा की।

रविदास ऐसे संत कवि थे जिनके भीतर पल-पल परमात्मा को पाने की भारी तड़प थी। बाहरी जीवन के बजाय भीतरी यात्रा में सतत् सावधान महात्मा रविदास ने 'प्रभुजी तुम चंदन हम पानी, जाके अंग अंग बास समानी' की रट लगा वैष्णव भक्ति धारा का अप्रतिम प्रसार किया। संसार में रहते हुए भी विराग को जीवन बनाकर संत रैदास ने भक्तिभाव की ऐसी अलख जगाई, जो सदियां बीत जाने के बाद आज भी असंख्य लोगों के लिए आकर्षण एवं प्रेरणा का केंद्र बनी हुई है।

पंचगंगा घाट के प्रसिद्ध संत स्वामी रामानंद का शिष्य बनने की इच्छा भक्त रैदास के मन में जागी तो स्वामी रामानंद ने इसे तुरंत स्वीकार कर लिया। भक्त रैदास ने कहा हम चमार हैं तो स्वामी रामानंद ने कहा, प्रभु के यहां कोई छोटा-बड़ा नहीं होता। स्वामी रामानंद ने रैदास को प्रभु राम की भक्ति करने तथा भजन लिखने का आग्रह किया। भक्तिभाव से पद लिखना भक्तों के मध्य गाना, किंतु जूते बनाने का अपना व्यवसाय भी करते रहना, यही उनकी दिनचर्या हो गई।

भक्त रैदास कहते हैं कि सभी का प्रभु एक है तो यह जातिभेद जन्म से क्यों आ गया? यह मिथ्या है-'जाति एक जामें एकहि चिन्हा, देह अवयव कोई नहीं भिन्ना।/ कर्म प्रधान ऋषि-मुनि गावें, यथा कर्म फल तैसहि पावें। जीव वै जाति वरन कुल नाहीं, जाति भेद है जग मूरखाई।/ नीति-स्मृति-शास्त्र सब गावें, जाति भेद शठ मूढ़ बतावें।/संतन के मन होत है, सब के हित की बात।/ घट-घट देखें अलख को, पूछें जात न पात।। संत रैदास ने जातिगत भेदभाव की व्यवस्था को अपनी वाणियों में बहुत ही सहज ढंग से व्यक्त किया और लोगों को समझाया कि जन्मना कोई श्रेष्ठ या नीच नहीं होता। उनके विचार से जन्मना कोई ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र नहीं है। ऊंची जाति का व्यक्ति वही है जिसके कर्म अच्छे हैं। संत रविदास कहते हैं कि तुम्हारी जाति कोई भी क्यों न हो भगवद्भक्ति सभी का उद्धार करने में सक्षम है।

संत रैदास को जिस जातिगत घृणा से लड़ना है वह हिंदू समाज की अपनी ही हीनता तथा जातिभेद में से उपजी हुई अमानवीय क्रूरता की नियति है। संत रैदास अधम कही जाने वाली जातियों के अंदर पैदा हो रही क्रांतिकारी चेतना के आग्रही-जुझारू तथा स्वाभिमानी पथ-प्रदर्शक बन जाते हैं और अपनी इन जातियों में आत्मसम्मान के लिए भगवद्भक्ति को आधार बनाकर संघर्ष करते हैं। भक्त रैदास ने अपने जीवन में यह सिद्ध कर दिया कि त्याग, समर्पण और भगवद्भक्ति से व्यक्ति ऊंचा उठता-चलता है और फिर उसकी जाति महत्वहीन हो जाती है। भक्त रैदास का भक्तिभाव देखकर काशी नरेश उनके शिष्य बन गए। चित्तौड़ के महाराणा उदय सिंह की पत्नी झाली रानी संत रैदास की शिष्या हो गईं। ऐश्वर्य, शक्तिसंपन्न चित्तौड़ की कुलवधू मेड़तणी मीरा ने भी भक्त रैदास को ही अपना गुरु स्वीकार किया। कृष्णभक्ति में आकंठ डूबी मीरा अनेक प्रकार का विरोध सहन करती हुई भक्त रैदास की शरण में आ गईं। उन्हीं से मीरा ने आशीर्वाद पाया और भक्ति में लीन हो गईं। मीरा और भक्त रैदास का मिलन सगुण और निर्गुण भक्ति धाराओं का मिलन तो है ही साथ ही साथ जातिगत आधार पर भेद मानने वालों को एक सुंदर अनुकरणीय सीख भी है।

भक्त रैदास की ख्याति दूर-दूर तक फैल रही थी तभी चित्तौड़ के मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा के लिए राणा ने भक्त रैदास को बुलाया। अनेक ब्राह्मणों द्वारा विरोध करने के बावजूद राणा ने संत रैदास का सम्मान किया, पादपूजा की। भक्त रैदास को संपूर्ण देश में सम्मान मिला तथा उन के 41 पद श्रीगुरुग्रंथ साहिब में प्रतिष्ठा पाए। भक्त रैदास के साथ पूरी चर्मकार जाति भी प्रतिष्ठित हुई। 'रैदास' नाम एक उपाधि की तरह बन गया। हजारों सवर्ण कहे जाने वाले लोग संत रैदास के भक्त हो गए। भक्त रैदास ने ही कहा था कि ''जाति से कोई पद नहीं पहुंचा।

रविदास की भक्ति साधना में भावुकता, विनम्रता और प्रेम की प्रधानता है। आचरण की पवित्रता पर विशेष बल है। संत रविदास गुरु महिमा और सत्संग के समर्थक हैं। वह मानते हैं कि सत्संगति के बिना भगवान के प्रति प्रेम नहीं हो सकता और भगवत्प्रेम के बिना मुक्ति नहीं हो सकती। उनके दर्शन के अनुसार जीव परमात्मा का अंश है। जीव के अंतःकरण में प्राण स्वरूप परमात्मा का निवास है। संसार की नश्वरता और शरीर की क्षणभंगुरता के विषय में रविदास जी कहते हैं कि इहु तनु ऐसा जैसे घास की टाटी/ जलि गइयो घासु रलि गइयो माटी।

सोशल फोरम

इतिहास का दुहराव

तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

हमारा इतिहास गवाह है कि हमने मुगलों और अंग्रेजों से बहुत सी लड़ाइयां लड़ी। कहीं मराठे, कहीं सिख, कहीं टीपू, कहीं झांसी की रानी तो कहीं बहादुर शाह जफर, सबने अपनी क्षमता भर इनका विरोध किया, लेकिन समस्या यही रही कि हमने कभी एकजुट होकर विरोध नहीं किया। हमारी इसी एक गलती ने हमें 600 साल तक गुलाम बनाए रखा। इस अकेली कमजोरी ने हमारी आजादी को हमसे सालों दूर रखा।

10 मई 1857 को मेरठ से शुरू हुए सैनिक विद्रोह को भारत का प्रथम स्वतंत्रता संग्राम कहा जाता है। मध्य भारत और गंगा के मैदानी इलाकों से आगे ये विद्रोह नहीं बढ़ पाया। इस संग्राम में अगर कहीं पूरे देश ने आहुति दी होती तो शायद हमारी आजादी की तारीख 90 साल पहले आ गई रहती।

हमारे छोटे-छोटे स्वार्थ हमें कभी एक भारतीय के रूप में सोचने ही नहीं देते। हम पहले भी बंटे हुए थे हम आज भी बंटे हुए हैं। मैंने एक कार्टून फिल्म देखी थी। उसमें करीब 30 लोग एक विशाल चट्टान को धक्का देकर हटा रहे हैं। विशाल पत्थर बड़ी मुश्किल से इंच-इंच कर खिसक रहा है। शाम की छुट्टी के बाद सब लोग चले जाते हैं और केवल दस लोग उसे धक्का देने के काम लगे रहते हैं। इस पर एक आदमी पूछता है कि ये क्या हो रहा है तो उसे बताया जाता है कि ये दस लोग ओवरटाइम कर रहे हैं। मेरा ख्याल है कि ओवरटाइम का दिखावा कर फायदा उठाने वाले यहां ज्यादा है। आगे बढ़कर सच में हाथ लगाने वाले कम।

पौराणिक कहानियों में भी एक कहानी है कि देवी दुर्गा का महिषासुर के साथ बहुत बार युद्ध हुआ, लेकिन उसे विजय नहीं मिली। फिर सभी देवताओं ने देवी दुर्गा को अपने अपने शस्त्र दिए। तब जाकर देवी दुर्गा को सफलता मिली।

आज की परिस्थितियां भी कुछ अलग नहीं हैं। आज भी ये राजनीतिक दल अपने-अपने क्षत्रपों की चिंता में ही लगे हुए हैं। ये बंटे हुए लोग हैं। जबकि इन सबका प्रतिद्वंद्वी साझा ही है, लेकिन इसके बावजूद इनके स्वार्थ इन्हें एक नहीं होने दे रहे। ये एक-एक कर मिट जाने को, गुलाम होने को तैयार हैं, लेकिन एक होकर मुकाबला करने को नहीं। इतिहास फिर दोहराया जा रहा है।

-फेसबुक वॉल से

एक ट्रिलियन अर्थव्यवस्था की ओर उत्तर प्रदेश

अनिल कुमार
वरिष्ठ पत्रकार

आज उत्तर प्रदेश के सभी इलाकों में छोटे-बड़े उद्योग लग रहे हैं। निवेशक प्रदेश के पूर्वांचल, मध्य यूपी और बुंदेलखंड की तरफ भी बढ़ रहे हैं। 10 लाख करोड़ की निवेश परियोजनाओं में पूर्वांचल को 29 फीसदी, मध्य यूपी को 14 फीसदी तथा बुंदेलखंड को पांच फीसदी की हिस्सेदारी मिली है।

बदलते भारत का नया उत्तर प्रदेश बनने की राह इतनी आसान नहीं रही है। मानव एवं प्राकृतिक संसाधन की प्रचुरता के बावजूद अगर उत्तर प्रदेश पिछड़ा और गरीब राज्य की श्रेणी में गिना जाता रहा है तो उसका एकमात्र कारण मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति का अभाव रहा है। वर्ष 2017 से पहले भी उत्तर प्रदेश के पास पर्याप्त भूमि, सर्वाधिक जनसंख्या और भरपूर पूंजी थी, बस कमी थी तो एक ईमानदार शासकीय नीयत की। इसी नीयत के चलते उत्तर प्रदेश प्रचुर संसाधन होने के बावजूद देश की सातवीं अर्थव्यवस्था बनकर पिछड़ेपन और गरीबी का दंश झेलने को मजबूर था।

आज उत्तर प्रदेश के सभी इलाकों में छोटे-बड़े उद्योग लग रहे हैं। निवेशक प्रदेश के पूर्वांचल, मध्य यूपी और बुंदेलखंड की तरफ भी बढ़ रहे हैं। 10 लाख करोड़ की निवेश परियोजनाओं में पूर्वांचल को 29 फीसदी, मध्य यूपी को 14 फीसदी तथा बुंदेलखंड को पांच फीसदी की हिस्सेदारी मिली है। यह आगाज है, उम्मीद की जा सकती है कि अंजाम और बेहतर होगा। आर्थिक सुधारों एवं निवेश की बदौलत बीते सात वर्षों में उत्तर प्रदेश बड़ी छलांग लगाते हुए महाराष्ट्र के बाद देश का दूसरा सबसे ज्यादा जीडीपी वाला राज्य बन गया है। उत्तर प्रदेश देश की जीडीपी में 9.2 फीसदी हिस्सेदारी दे रहा है। उत्तर प्रदेश अपनी इकोनॉमी का साइज बढ़ाने के लिए केवल निवेश पर ही खुद को निर्भर नहीं रखना चाहती है। सरकारी तंत्र राज्य के इंफ्रास्ट्रक्चर को भी मजबूत कर रहा है। उत्तर प्रदेश 12 एक्सप्रेस-वे वाला एकलौता राज्य होने जा रहा है। सड़क के साथ राज्य में एयर एवं रेल कनेक्टिविटी का भी तेजी से विस्तार हो रहा है। उत्तर प्रदेश में 21 एयरपोर्ट शीघ्र अपना ऑपरेशन शुरू कर देंगे जिनमें पांच इंटरनेशनल एयरपोर्ट होंगे। जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के शुरू होते ही उत्तर प्रदेश की निर्यात क्षमता में भी वृद्धि होगी। पर्यटन भी उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था में बड़ी भूमिका निभाने को तैयार है। अयोध्या में राम मंदिर निर्माण एवं काशी-मथुरा में देवालयों के जीर्णोद्धार से राज्य में धार्मिक पर्यटन तेजी से बढ़ा है।

बीते साल 32 करोड़ से ज्यादा लोग उत्तर प्रदेश घूमने आए जिनमें काशी, मथुरा और अयोध्या सबसे ऊपर रहा। फिल्म सिटी के निर्माण के बाद फिल्मी गतिविधियां भी उत्तर प्रदेश की तिजोरी को भरने में बड़ा योगदान देंगी। 96 लाख से ज्यादा एमएसएमई प्रोजेक्ट वाला यह राज्य एक ट्रिलियन इकोनॉमी वाला राज्य बन जाए तो आश्चर्य नहीं होना चाहिए। उत्तर प्रदेश में एयर कनेक्टिविटी तेजी से बढ़ा है। 21 एयरपोर्ट संचालित होने जा रहे हैं। जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट तथा फिल्म सिटी का निर्माण पूरा होने के बाद उत्तर प्रदेश की तस्वीर और तेजी से बदलेगी। डेडिकेटेड रेल फ्रेट कॉरिडोर के पूरब-पश्चिम और उत्तर-दक्षिण का जंक्शन उत्तर प्रदेश में है। 96 लाख से ज्यादा एमएसएमई प्रोजेक्ट भी इसी यूपी में संचालित हैं।

न्यायिक निर्णयों के अनुपालन में विलंब

सुधाकर आशावादी
मेरठ

न्यायपालिका यदि जन समस्याओं के समाधान हेतु स्वतः संज्ञान लेकर त्वरित न्याय करना चाहे, तो उसे भला कौन रोक सकता है। अनेक प्रसंगों में न्यायपालिका ऐसा कर भी चुकी है। देश में बड़े-बड़े अराजक प्रदर्शनों में न्यायपालिका अनुशासन के अनुपालन की सलाह भी दे चुकी है, मगर उसके निर्णयों का कितनी गंभीरता से अनुपालन होता है, यह किसी से छिपा नहीं है।

हाईवे पर कृषि उपकरणों को लाया जाना, कृषि उपज को ढोने वाले संसाधनों का सवारी ढोने या राजमार्गों को जाम करने में प्रयोग करना अनुचित बताए जाने पर एवं यातायात नियमों के उल्लंघन पर भी व्यवस्था का खामोश रहना कहीं न कहीं कानून व्यवस्था की कमजोरी सिद्ध करता है। कौन नहीं जानता कि यदि कानून का अनुपालन सही तरीके से हो जाए, तो अनेक समस्याएं स्वतः ही समाप्त हो सकती हैं। चंडीगढ़ के मेयर पद चुनाव में धांधली पर माननीय उच्चतम न्यायालय का निर्

कांग्रेस के पास मुझे कोसने के अलावा कोई एजेंडा नहीं : मोदी

एजेंसी, नवसारी

▸▸ कांग्रेस जितनी गालियां देगी उतना ही हमारा 400 सीटें जितने का संकल्प मजबूत होगा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी जाति के बारे में की गई टिप्पणियों को लेकर गुरुवार को कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि विपक्षी दल के पास उन्हें गाली देने के अलावा कोई एजेंडा नहीं है।

प्रधानमंत्री ने दक्षिण गुजरात के नवसारी में एक सार्वजनिक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आपने देखा कि कैसे कांग्रेस के लोग मोदी की जाति को गाली देते हैं। लेकिन, कांग्रेस के लोग यह भूल जाते हैं कि वे जितनी अधिक गालियां देंगे, आगामी चुनाव में लोकसभा की 400 से अधिक सीट जीतने का हमारा संकल्प उतना ही मजबूत होगा। मोदी ने कहा कि कांग्रेस के पास देश के लिए कोई एजेंडा नहीं है और उसका एकमात्र लक्ष्य उन्हें गाली देना है। उन्होंने भाजपा के अपने दम पर 370 लोकसभा सीट जीतने के लक्ष्य का जिक्र करते हुए कहा कि वे जितना अधिक कीचड़ उछालेंगे, उतने ही शानदार ढंग से 370 कमल खिलेंगे। मोदी को गाली देने के अलावा कांग्रेस के पास देश के भविष्य के लिए कोई दूसरा एजेंडा नहीं है। प्रधानमंत्री ने नवसारी में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि जब कोई पार्टी भाई-भतीजावाद की चपेट में आ जाती है तो उसमें परिवार से ऊपर कोई नहीं होता। मोदी ने कहा कि जब भाई-भतीजावाद, तुष्टीकरण और भ्रष्टाचार राजनीति का लक्ष्य बन जाता है, तो देश की विरासत को संरक्षित करने पर ध्यान नहीं दिया जाता है।

हल्द्वानी से मुनस्यारी, पिथौरागढ़ व चंपावत के लिए हेली सेवा शुरू

सुविधा : देहरादून से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हेलीकॉप्टर सेवा का वर्चुअल रूप से की शुरूआत

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : हल्द्वानी से तीन स्थानों के लिए हवाई सेवा गुरुवार से शुरू हो गई। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वर्चुअल रूप से हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि हेली सेवा से पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ ही आपदा के समय राहत व बचाव कार्यों में भी मदद मिलेगी।

राज्य में लंबे समय से हेली सेवा की मांग चल रही थी। गौलापार स्थित हेलीपैड से 7 सीटर हेलीकॉप्टर प्रतिदिन 2-2 उड़ानें हल्द्वानी से चंपावत, पिथौरागढ़ व मुनस्यारी को चलाई गई हैं। हेरिटेज एविएशन कंपनी ने इसका किराया भी तय किया है। हल्द्वानी से चंपावत 2500 रुपये, हल्द्वानी से पिथौरागढ़ 3000 रुपये व हल्द्वानी से मुनस्यारी 3500 रुपये का टिकट है।

वर्चुअल संबोधन में मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस हवाई सेवा की लंबे समय से प्रतीक्षा थी। उन्होंने

कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों को परस्पर जोड़ने व लोगों को आवागमन के लिए सुविधा प्रदान करने में यह सेवा सक्षम होगी। आपात समय में राहत व बचाव कार्यों में भी प्रभावी होगी। विभिन्न पर्यटन क्षेत्रों के दर्शन

● आवागमन सुविधा के साथ ही राहत और बचाव कार्यों में भी मिलेगी सहायता

के साथ लोगों को आवागमन में भी काफी सुविधा होगी।

दिल्ली से वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए केंद्रीय रक्षा व पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट ने कहा कि क्षेत्रीय पर्यटन व हवाई संपर्क को बढ़ावा देने के लिए उड़ान योजना (उड़े देश का हर नागरिक) के तहत हवाई सेवा शुरू की गई थी। इस सेवा से पर्यटन, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि को काफी लाभ होगा। बताया कि पिथौरागढ़ व चंपावत के विकास के लिए केंद्र ने 140 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की है। कार्यक्रम को विधायक विशन सिंह चुफ़ाल, अपर सचिव नागरिक उड्डयन सी रवि शंकर के साथ ही मुनस्यारी, पिथौरागढ़, चंपावत तथा हल्द्वानी से जुड़े जन प्रतिनिधियों ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर विधायक लालकुआं मोहन सिंह बिष्ट, पूर्व मेयर जोगिंदर सिंह रौतेला, गिरीश जोशी, गणेश भंडारी, दीपिका बोरा, धन सिंह, प्रदीप रावत आदि मौजूद रहे।

नौकरी के बहाने रूस ले जाकर युवक को बनाया सैनिक

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

▸▸ रूस और यूक्रेन की सीमा पर किया तैनात, युद्ध के दौरान हुआ घायल

अमृत विचार : विदेश में लाखों रुपये के मानदेय पर हेल्पर की नौकरी दिलाने के नाम पर एजेंट उसे रूस ले गया। परिजनों से तीन लाख 80 हजार रुपये भी ले लिए और रूस ले जाकर वहां जबरन सेना में भर्ती करा दिया। रूस सरकार ने उसे यूक्रेन की सीमा पर तैनात कर दिया। वहां युद्ध के दौरान वह घायल हो गया। इधर उसका वीजा पासपोर्ट भी रूस सरकार द्वारा जब्त करने का आरोप है। परिजनों ने देश के प्रधानमंत्री से गुहार लगाई है कि उनके लाडले को वापस भारत लाया जाए।

कासगंज के गंजडुंडवारा कस्बे के रहने वाले अशरफ हुसैन का बेटा अरबाब हुसैन पिछले वर्ष 11 नवंबर को बाबा ब्लॉग नाम की एजेंसी के संपर्क में आया। एजेंसी ने अच्छे मानदेय पर रूस में हेल्पर की नौकरी का झांसा दिया। एजेंट के साथ वह रूस के शहर मॉस्को गया था, लेकिन कुछ माह पूर्व अरबाब हुसैन का फोन आया तो उसने बताया कि उसे वहां हेल्पर की नौकरी न देकर सेना में भर्ती कर दिया है। जब इस बात का विरोध किया तो पासपोर्ट और वीजा छीन लिया गया। राशिया भाषा में लिखे के किसी कागज पर उसके दस्तखत करा लिए। इसके बाद से परिजन लगातार उससे संपर्क करने की कोशिश करते रहे, लेकिन रूस सरकार ने उससे संपर्क नहीं होने दिया है। इसको लेकर परिवार के लोगों का बुरा हाल है।

यूट्यूब के जरिए एजेंट के संपर्क में आया था अरबाब

यूट्यूब के माध्यम से अरबाब मुंबई निवासी सुफियान और दुबई निवासी फैसल के संपर्क में आया था। इन एजेंटों ने उसे लालच दिया। धनराशि भी ले ली और रूस ले गए। पिछले दिनों किसी तरह जब उसने अपने परिजनों से बात की तो उसने यह भी बताया कि वह एजेंट जम्मू कश्मीर और हैदराबाद के दो युवकों को भी अपने साथ लाए थे। इसके बाद से परिजनों का अरबाब से कोई संपर्क नहीं हो पा रहा है। परिजनों के अनुसार वीजा पासपोर्ट जब्त हैं। रूस यूक्रेन के युद्ध में घायल होने के बाद लाडला परेशान है।

बैंक से लोन लेकर बेटे को भेजा विदेश

युवक के पिता अशरफ हुसैन ने बताया कि बेटे को रूस भेजने के लिए उसने बैंक से 3 लाख का लोन भी लिया था। बेटे ने 3 लाख 80 हजार रुपए बाबा ब्लॉक एजेंसी को दिए थे। उन्होंने कहा था कि तुम्हारी नौकरी रूस में हेल्पर के लिए लगेगी। इसका मोटा रुपया मिलेगा, लेकिन उसके बेटे को रूस का सैनिक बना दिया है। बताया जा रहा है कि रूस की आर्मी जिसका नाम वेगनर है उसी में सैनिक बना दिया है। बीजा और पासपोर्ट जब्त कर लिया है। बेटे से कई दिनों से बात नहीं हो पा रही है। जिसकी वजह से भाई और बहन का रो-रोकर बुरा हाल है। पिता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र भेजकर बेटे को वतन वापस लाने की गुहार लगाई है।

मोबाइल से फोटो खींचकर दी जा रही एक्स-रे रिपोर्ट

बरेली, अमृत विचार : छह महीने से तीन सौ बेड अस्पताल की एक्स-रे यूनिट में फिल्म उपलब्ध नहीं है। इस वजह से मरीजों को परेशानी हो रही है। एक्स-रे टेक्नीशियन की ओर से कई बार अफसरों को पत्र लिखा जा चुका है, मगर इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। शुरुआत में मरीजों को जांच के बाद फिल्म के माध्यम से रिपोर्ट दी जाती थी, लेकिन फिल्म न होने से मरीजों को रिपोर्ट नहीं मिल पा रही है। बताते हैं कि जिन मरीजों की जांच होती है, उन्हें मोबाइल से फोटो खींचकर एक्स-रे रिपोर्ट दी जाती है। कई बुजुर्ग ऐसे होते हैं, जिनके पास कैमरे वाला मोबाइल नहीं होता है। उन्हें परेशानी होती है। इस वजह से कई बार मरीजों की टेक्नीशियन से नोकझोंक हो चुकी है, मगर इसके बाद भी एक्स-रे फिल्म उपलब्ध नहीं कराई जा रही है।

25 मई को खुलेंगे हेमकुंड साहिब के कपाट

देहरादून। गुरुद्वारा श्री हेमकुंड साहिब के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए इस वर्ष 25 मई को खोले जाएंगे तथा 10 अक्टूबर को कपाट बंद किए जाएंगे।

यह जानकारी गुरुद्वारा मैनेजमेंट ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेंद्रजीत सिंह बिंद्रा ने मुख्य सचिव राधा रतूड़ी को गुरुवार को सचिवालय में मुलाकात के दौरान दी। बिंद्रा ने मुख्य सचिव को बताया कि गुरुद्वारा ट्रस्ट द्वारा घोषित की गई तिथियों को राज्य सरकार द्वारा सहमति दे दी गई है। मुख्य सचिव ने कहा कि शासन-प्रशासन की ओर से हेमकुंड साहिब की यात्रा के लिए पूर्ण सहयोग दिया जाएगा।

एक नजर

श्रीकृष्ण जन्मभूमि विवाद पर सुनवाई आज भी होगी

प्रयागराज, अमृत विचार : इलाहाबाद हाई कोर्ट में मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह मस्जिद विवाद को लेकर दाखिल अर्जियों पर गुरुवार को सुनवाई हुई। गुरुवार सुबह 11:30 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक मुस्लिम पक्ष की ओर से अधिवक्ता तसलीम अहमदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से बहस की। दोपहर 2:00 बजे से 3:30 बजे तक दोबारा मुस्लिम पक्ष ने अपने तर्क प्रस्तुत किए। हिंदू पक्ष की ओर से दाखिल अर्जियों की पोषणीयता को आदेश 7 नियम 11 के तहत चुनौती दी गई है। गुरुवार की सुनवाई में विवादित परिसर का अमीन सर्वे कराए जाने की मांग को लेकर दाखिल अर्जी पर सुनवाई नहीं हो सकी है। कोर्ट ने गुरुवार को सुनवाई पूरी न होने की वजह से शुक्रवार को सुनवाई करने के लिए कहा है।

तीन राज्यों में साथ चुनाव लड़ेंगे कांग्रेस और आप

नई दिल्ली। कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) आगामी लोकसभा चुनाव दिल्ली, गुजरात और हरियाणा में मिलकर लड़ने की तैयारी में हैं और दोनों दल जल्द ही सीट बंटवारे को लेकर घोषणा कर सकते हैं। सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि दोनों दलों के बीच दिल्ली और कुछ अन्य राज्यों में सीट बंटवारे को लेकर बातचीत अंतिम चरण में है और दोनों दल जल्द ही इस बारे में घोषणा कर सकते हैं।

मुठभेड़ के बाद नक्सल शिविर ध्वस्त, सामान बरामद

बीजापुर : छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में अलग-अलग स्थानों पर नक्सलियों के साथ मुठभेड़ के बाद सुरक्षाबलों ने माओवादी शिविर को ध्वस्त कर दिया तथा बड़ी संख्या में नक्सली सामान बरामद किया। पुलिस अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

सुरंग से पानी निकालने का काम टाला गया

▸▸ फिलहाल सिलक्यारा सुरंग से पानी निकालना जोखिम भरा

एजेंसी, उत्तरकाशी

उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में निर्माणाधीन सिलक्यारा सुरंग के भीतर से पानी निकालने का काम सुरक्षा कारणों से टाल दिया गया है। राष्ट्रीय राजमार्ग और अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड (एनएचआईडीसीएल) के अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि सिलक्यारा सुरंग के अंदर डी-वाटरिंग (सुरंग से पानी निकालने का कार्य) का काम इस सप्ताह शुरू होना था, जिसे सुरक्षा कारणों से स्थगित कर दिया गया है। पिछले साल 12 नवंबर को सुरंग के आंशिक रूप से ढह जाने के बाद 41 श्रमिक 17 दिन तक अंदर फंसे रहे थे। एनएचआईडीसीएल के महाप्रबंधक कर्नल दीपक पाटिल ने कहा कि राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) कर्मियों और एनएचआईडीसीएल इंजीनियर द्वारा सुरंग के अंदर एक छद्म अभ्यास आयोजित किया गया था ताकि यह आकलन किया जा सके कि पानी निकालने का काम किया जा सकता है या नहीं, लेकिन उन्हें लगा कि यह जोखिम भरा हो सकता है। उन्होंने कहा कि ऐसी आशंका है कि सुरंग के टूटे हुए हिस्से को ठीक किये बिना पानी निकालने का काम शुरू करने से भूस्खलन हो सकता है और लोगों की जान खतरे में पड़ सकती है। अधिकारी ने बताया कि सुरंग के टूटे हुए हिस्से के निकट सुरंग की छत पर दरारें देखी गई हैं।

कार्यालय चिकित्सा अधीक्षक, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मियागंज जनपद – उन्नाव

पत्रांक :– सी.एच.सी./लकड़ी नीलामी/निविदा सूचना 243 दिनांक– 22/02/2024

नीलामी सूचना

सर्व साधारण को सूचित करना है कि कार्यालय प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी वन विभाग जनपद उन्नाव के पत्रांक संख्या/ 22–3 के दिनांक फरवरी 19–2024 एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी महोदय उन्नाव के आदेश दिनांक 21/02/2024 के क्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मियागंज के कैंपस में पड़ी शीशम एवं अशोक कि लकड़ी की नीलामी दिनांक 24/02/2024 कार्यालय चिकित्सा अधीक्षक, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मियागंज में की जाएगी। जो भी लकड़ी क्रेता उक्त नीलामी में भाग लेना चाहे ले सकता है।

चिकित्सा अधीक्षक
सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मियागंज
उन्नाव

कार्यालय, नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा अम्बेडकरनगर।

पत्रांक 286/न0पं0कि0/टैक्सी स्टैण्ड नीलामी/2023–24 दिनांक 20.2.2024

बसखारी टैक्सी स्टैण्ड / किछौछा टैक्सी स्टैण्ड, उर्स एवं अगहनिया मेला/ पड़ाव की नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि बसखारी टैक्सी स्टैण्ड / किछौछा टैक्सी स्टैण्ड, उर्स एवं अगहनिया मेला / पड़ाव की वसूली का ठेका वर्ष 2024–25 (01.04.2024 से 31.03.2025) तक के लिए नीलामी दिनांक–28.02.2024 को समय 1:00 बजे नगर पंचायत कार्यालय में की जायेगी, यदि किसी कारणवश दिनांक 28.02.2024 को नीलामी पूर्ण नहीं पायी तो ऐसी स्थिति में पुनः दिनांक–29.02.2024 को की 1:00 बजे की जायेगी। उक्त दिनांक को नीलामी पूर्ण न हो पाने के कारण दिनांक 01.03.2024 को अपरान्ह 01:00 बजे तक नीलामी पूर्ण होने तक की जायेगी। इसके लिए अलग से कोई अन्य विज्ञापन प्रकाशित नहीं किया जायेगा। इच्छुक व्यक्ति को नीलामी में भाग लेने से पूर्व नीलामी निर्धारित तिथि को नीलामी प्रारम्भ होने के 02 घण्टा पूर्व जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित रू0=60,00,000=00 (रूपये साठ लाख मात्र) का हैसियत प्रमाण पत्र एवं चरित्र प्रमाण पत्र, जीएसटी, आधार कार्ड, पैन कार्ड कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा, तथा रू0 5,00,000=00 (रूपये पांच लाख मात्र) नगद जमानत के रूप में जमा करना अनिवार्य होगा। नीलामी में भाग लेने वाला व्यक्ति हैसियत एवं चरित्र प्रमाण–पत्र के जो उपरोक्त में निर्धारित है, के पॉवर ऑफ अटार्नी (पंजीकृत ही मान्य है, यदि पंजीकृत नहीं है तो बोली में भाग नहीं ले सकता है) पर ही नीलामी में भाग ले सकता है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा नीलामी की स्वीकृति पश्चात नियमानुसार भारतीय स्टाम्प देय (बी) अधिनियम की धारा 2(16) अनुसूची 1 की अनुच्छेद 35 के तहत स्टाम्प देय (बी) अनुच्छेद 23 के अनुसार स्टाम्प / सहायक महानिरीक्षक निबन्धन अम्बेडकरनगर द्वारा स्टाम्प शुल्क निर्धारित किया जायेगा। उतनी ही धनराशि का स्टाम्प शुल्क अधिकतम बोलीदाता को अपने नाम से खरीदकर एक सप्ताह के भीतर कार्यालय में प्रस्तुत कर अनुबन्ध करना होगा। नीलामी में कोई भी नीलामी बोलीदाता एक बार में 50 हजार से अधिक एवं 20 हजार से कम के अन्तर की धनराशि की बोली नहीं बोल सकता। तथा सभी बोली दाताओं द्वारा निकाय द्वारा निर्धारित सरकारी बोली से कम की बोली स्वीकार नहीं की जायेगी। बोली प्राप्तकर्ता व्यक्ति इस नीलामी की शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन वसूली का अधिकार प्राप्तकर्ता को होगा, वह किसी भी दशा में इन शर्तों एवं प्रतिबन्धों का उल्लंघन नहीं कर सकता।

टैक्सी स्टैण्ड / पड़ाव नीलामी शर्त / प्रतिबन्ध

1– अधिकतम बोलीदाता की अग्रिम जमा जमानत धनराशि रोककर शेष ठेकेदारों की धनराशि वापस कर दी जायेगी।

2– यह कि नीलामी की धनराशि का 1/2 धनराशि एक सप्ताह के भीतर जमा करना होगा। अवशेष धनराशि इस प्रकार किस्तों में जमा करना होगा, कि जनवरी 2025 तक समस्त धनराशि नगर पंचायत कोष में ठेकेदार द्वारा जमा कर दी जाय। यदि इसका उल्लघंन किया जाता है तो ठेका निरस्त कर भू–राजस्व की भाति बकाया वसूल करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।

3– यह कि ठेकेदार द्वारा शर्तो का पालन और देय स्टाम्प पर अनुबन्ध जब तक नहीं करता है उस अवधि में नगर पंचायत अपने कर्मचारियों द्वारा वसूल की गयी धनराशि जो भी हो, वह ठेकेदार की नीलामी धनराशि में समायोजन नहीं की जायेगी।

4– अनुबन्ध पत्र प्रस्तुत करने के बाद नियमानुसार ठेकेदार को वसूल करने की अनुमति प्रदान की जायेगी। वाहनों से वसूली कार्यालय द्वारा निर्धारित दरों के अनुसार ही की जायेगी। इसमें किसी प्रकार का विचलन पाये जाने पर कठोर कार्यवाही की जायेगी।

5–नीलामी में वहीं ठेकेदार भाग लेगा जो नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा का बकायेदार नहीं है।

6– नीलामी में वही ठेकेदार भाग लेगा जिसे नगर पंचायत एवं शासन द्वारा समय–समय पर दिये गये आदेश/निर्देश का पालन करना स्वीकार होगा।

7– ठेकेदारों द्वारा यदि वसूली में किसी प्रकार की अनियमितता करते पाई गयी तो उसका ठेका निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।

8– ठेकेदारों द्वारा वाहनों को निकाय द्वारा निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही खड़ा कराया जायेगा, उसमें प्रकाश, पेयजल, सेड, शौचालय की व्यवस्था निकाय द्वारा अपने संसाधान से कराया जायेगा। पार्किंग स्थलों के अतिरिक्त अन्यत्र स्थलों पर वाहनों को खड़ा कर वसूली करने पर विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

9– यह कि ठेकेदार को ठेका स्वीकृति होने के बाद जिन कर्मचारियों को वसूली हेतु लगाया जायेगा। उनका फोटो के साथ आधार कार्ड की छायाप्रति जमा कराना अनिवार्य होगा।

10–ठेके की स्वीकृति अथवा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।

11– यह कि नीलामी में भाग लेने वाला व्यक्ति नीलामी के समय तक नीलामी कक्ष से बाहर नहीं जायेगा एवं नीलामी एवं अवधि में बोलीदाताओं द्वारा मोबाइल का प्रयोग नहीं किया जायेगा, जिसका पालन बोलीदाता को करना अनिवार्य होगा। यदि धारा 11 का उल्लंघन किसी भी बोलीदाता द्वारा किया गया तो, नीलामीकक्ष से बाहर जाने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।

12–शासन द्वारा टैक्सी स्टैण्ड के सम्बन्ध में समय समय पर जारी आदेश ठेकदार को मानना अनिवार्य होगा।

13–किसी प्रकार की प्राकृतिक आपदा में सरकार द्वारा दिये गये आदेश का पालन करना अनिवार्य होगा।

14–नीलामी के विषय में विस्तृत जानकारी नगर पंचायत कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। अन्य शर्ते एवं शासन के जो भी निर्देश होंगे उसे ठेकेदार को मानना अनिवार्य होगा।

लिपिक
नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा
अम्बेडकरनगर

अधिशाषी अधिकारी
नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा
अम्बेडकरनगर

अध्यक्ष
नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा
अम्बेडकरनगर

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 975 फ्लैग 1095 डीएमओ 860 बोल्ड 1130, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1135 बोल्ड 1160 डीएमओ 910।

लखनऊ मंडी

अनाज प्रति कुन्तल

गेहूं (आरआर 21)	2360-2800
गेहूं (के 65)	3500-3800
बाजरा	2200-2300
मक्का	2700-2800
जौ	2900-3000

चावल प्रति कुन्तल

चावल सेल्हा	2800-3100
चावल बासमती	7000-8000
चावल मोटा	2800-3000
चावल मन्सूरी	3200-3500
चावल शक्कर चीनी	4800-5200
चावल गोल्डन सेल्हा	5600-8600
चावल राजरानी	7000-7500

दाल दलहन

चना देसी	6800-7000
चना फार्मी	7200-7500
चना काबली	14500-17000
मटर हरा	6000-6200
मटर सफेद	6100-6500
दाल चना	8000-8400
दाल मटर	6400-6500
उड़द हरा	12000-12500
उड़द काला	9000-9500
दाल उड़द हरी	15500-16000
दाल उड़द काली	10500-11000
दाल उड़द धोवा	12000-12500
मूंग खड़ा	10000-10500
मूंग दाल	10500-11000
मूंग धोवा	12000-13000
मसूर	8800-9000
मलका	9000-9500
दाल अरहर फूल	16000-17000
दाल स्पेशल	13000-14000
राजमा सफेद	13000-14000
राजमा काला	11500-12500
आटा	2700-2900
मूंगफली का दाना	11000-12000
चीनी (एम 30)	4250
चीनी (एस 30)	4100
गुड़ पंसेरा	5000
गुड लड्डू	5200।

महंगाई को काबू में लाने का काम अभी खत्म नहीं हुआ : आरबीआई गवर्नर

मुंबई, एजेंसी

- **दास ने कहा- रेपो रेट पर लिया गया फैसला महंगाई कम करने में मिली सफलता को करेगा कमजोर**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा है कि मुद्रास्फीति को काबू में लाने का काम अभी खत्म नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि नीतिगत मोर्चे पर जल्दबाजी में उठाया गया कोई भी कदम कीमत के मोर्चे पर अब तक जो सफलता हासिल की गई है, उस पर प्रतिकूल असर डाल सकता है।

केंद्रीय बैंक ने गुरुवार को मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक का ब्योरा जारी किया। इसके अनुसार, दास ने कहा था, 'इस समय मौद्रिक नीति का रुख सतर्क होना चाहिए और यह नहीं मानना चाहिए कि मुद्रास्फीति के मोर्चे पर

हमारा काम खत्म हो गया है।' उन्होंने कहा कि एमपीसी को मुद्रास्फीति को नीचे लाने के 'अंतिम छोर' को सफलतापूर्वक पार करने के लिए प्रतिबद्ध रहना चाहिए।

दास ने प्रमुख नीतिगत दर रेपो को 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखने के पक्ष में मतदान करते समय यह टिप्पणी की। ब्योरे के अनुसार, गवर्नर ने कहा कि बाजार नीतिगत दर में कटौती की उम्मीद को लेकर आगे है, लेकिन इस समय जल्दबाजी में उठाया गया कोई भी कदम अबतक हासिल की गई सफलता को कमजोर कर सकता है। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक उच्च वृद्धि को बनाए रखने के लिए मूल्य और वित्तीय स्थिरता जरूरी है। मौद्रिक नीति का उद्देश्य वृद्धि के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए दीर्घकालीन आधार पर मुद्रास्फीति को चार प्रतिशत पर लाने के लक्ष्य को प्राप्त करने पर बने रहना है। एमपीसी के छह सदस्यों में से पांच ने रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर बनाए रखने के लिए मतदान किया था। समिति में बाह्य सदस्य जयंत आर वर्मा ने रेपो दर में 0.25 प्रतिशत तक कम करने और रुख को तटस्थ में बदलने के पक्ष में दलील दी थी। उन्होंने कहा कि राजकोषीय मजबूती की प्रक्रिया 2024-25 में जारी रहने का अनुमान है, इससे मुद्रास्फीति बढ़ने के जोखिम के बिना मौद्रिक नीति के स्तर पर नरमी की गुंजाइश बनती है।

वर्मा ने कहा, 'मेरे विचार में, एमपीसी के लिए एक स्पष्ट संकेत देने का समय आ गया है कि वह मुद्रास्फीति को काबू में लाने और वृद्धि को गति देने की अपनी दोहरी जिम्मेदारी को गंभीरता से लेती है और यह वास्तविक ब्याज दर को उस स्तर पर बनाये नहीं रखेगी, जो कि इसके लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आवश्यकता से काफी अधिक है।'

बांग्लादेश, मॉरीशस और भूटान को प्याज निर्यात की मंजूरी

नई दिल्ली। सरकार ने व्यापारियों को 31 मार्च तक बांग्लादेश, मॉरीशस, बहरीन और भूटान को 54,760 टन प्याज निर्यात करने की गुरुवार को अनुमति दे दी। उपभोक्ता मामलों के सचिव रोहित कुमार सिंह ने कहा, 'हमने तत्काल प्रभाव से बांग्लादेश को 50,000 टन, मॉरीशस को 1,200 टन, बहरीन को 3,000 टन और भूटान को 560 टन प्याज के निर्यात की अनुमति दी है।' उन्होंने कहा कि व्यापारियों को 31 मार्च तक इतनी मात्रा का निर्यात करने की अनुमति है। इसके तौर-तरीकों पर काम जारी है। सिंह ने कहा कि यह निर्णय विदेश मंत्रालय की सिफारिश के बाद लिया गया है। घरेलू आपूर्ति को बढ़ावा देने और मूल्यवृद्धि को रोकने के लिए सरकार ने 8 दिसंबर, 2023 को प्याज के निर्यात पर 31 मार्च तक के लिए प्रतिबंध लगा दिया था।

इफको फिर दुनिया की शीर्ष 300 सहकारिताओं में अव्वल

नई दिल्ली, एजेंसी

इंडियन फारमर्स फर्टिलाइजर कोआपरेटिव लिमिटेड (इफको) को देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में योगदान के अनुपात के आधार पर एक बार फिर दुनिया की शीर्ष 300 सहकारिताओं में पहला स्थान मिला है। भारत में उर्वरकों का उत्पादन करने वाली सहकारी क्षेत्र की यह विशाल कंपनी कारोबार के हिसाब से दुनिया की 72वीं सबसे बड़ी सहकारी इकाई बन गई है।

इफको के अनुसार इंटरनेशनल कोआपरेटिव एलायंस (आईसीए) और यूरोपियन रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑन कोऑपरेटिव एंड सोशल एंटरप्राइजेज के तत्वाधान में प्रकाशित वर्ल्ड कोऑपरेटिव मॉनिटर के 2023 संस्करण में इफको को 300 प्रमुख सहकारी संगठनों की सूची में पुनः पहले स्थान पर रखा गया है। यह रैंकिंग संगठन के देश के प्रति व्यक्ति जीडीपी और उसके कारोबार के अनुपात पर आधारित है।

इफको ने कहा है कि यह रैंकिंग दर्शाती है कि भारत के जीडीपी और आर्थिक वृद्धि में उसका महत्वपूर्ण योगदान है। कुल कारोबार के हिसाब से इफको वैश्विक सूची में पिछले वित्तीय वर्ष के 97वें पायदान से ऊपर उठकर 72वें स्थान पर पहुंच गया है। इफको के साथ कुल 35,500 सहकारी समितियों जुड़ी हैं, जिनमें 25,000 प्राथमिक कृषि सहकारी समितियां (पैक्स) हैं।

सर्राफा

कानपुर

चांदी 999 (प्रति किलो)	72,900
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	63,970
गिन्नी (प्रति नग)	47,650-47,850

लखनऊ

सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	64,000
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	63,850
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	73,700
चांदी तैयार	73,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000

बरेली

सोना जेवरात पक्के	63,850
सोना जेवरात गिन्नी	62,850
चांदी पक्की	722 (अनुमानित)

मुरादाबाद

सोना 24 कैरेट	64,100
चांदी आभूषण	73,000।

हीरानंदानी समूह के परिसरों पर प्रवर्तन निदेशालय की छापेमारी

मुंबई, एजेंसी

- **फेमा उल्लंघन के सिलसिले में जांच एजेंसी की कार्रवाई**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के उल्लंघन के आरोपों की जांच के सिलसिले में प्रतिष्ठित रियल एस्टेट समूह हीरानंदानी के मुंबई में और उसके आसपास स्थित चार से पांच परिसरों पर गुरुवार को छापे मारे।

सूत्रों ने बताया कि यह जांच फेमा के उल्लंघन से जुड़ी है। यह तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता महुआ मोइत्रा के खिलाफ फेमा से जुड़ी जांच के एक अन्य मामले से संबद्ध नहीं है। मोइत्रा को हाल में लोकसभा से निष्कासित किया गया था। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने मोइत्रा पर कारोबारी दर्शन हीरानंदानी से मिले तोहफों के बदले में अडाणी समूह और प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधते हुए लोकसभा में सवाल पूछने का आरोप लगाया था। दर्शन हीरानंदानी रियल एस्टेट दिग्गज और हीरानंदानी समूह के प्रवर्तक निरंजन हीरानंदानी के बेटे हैं। दुबे ने मोइत्रा पर वित्तीय लाभ के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता करने का भी आरोप लगाया था। मोइत्रा ने इन आरोपों से इनकार किया था।

बिहार ईओयू का पटना जीपीओ पार्सल गृह में छापा

पटना। बिहार आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) की एक टीम ने आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मादक पदार्थ एवं मनोत्तेजक पदार्थों के पार्सल के माध्यम से संभावित तस्करी की रोकथाम के लिए पटना जीपीओ पार्सल गृह में गुरुवार को छापामारी की। ईओयू के अपर पुलिस महानिदेशक नय्यर हसनैन खान ने बताया कि लोकसभा चुनाव 2024 से पूर्व आसूचना एवं बरामदगी के लिए आर्थिक अपराध इकाई मादक द्रव्यों एवं मनोत्तेजक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम के लिए सतत प्रयत्नयशील है। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार के नेतृत्व में ईओयू के दल ने छापेमारी की।

धार्मिक पर्यटन में 2 लाख रोजगार पैदा होंगे

मुंबई, एजेंसी

- **एक रिपोर्ट के मुताबिक, अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद मिलेगा और बढ़ावा**

देश में धार्मिक पर्यटन से जुड़ी गतिविधियों के जोर पकड़ने से अगले चार-पांच वर्षों में करीब दो लाख रोजगार अवसर पैदा होने की उम्मीद है। वैश्विक प्रौद्योगिकी एवं डिजिटल प्रतिभा समाधान प्रदाता एनएलबी सर्विसेज के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सचिन अलुग ने यह अनुमान जताया है। उन्होंने कहा कि भारत में धार्मिक पर्यटन के वर्ष 2023 से 2030 के बीच सालाना 16 प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद है।

अलुग ने कहा कि घरेलू पर्यटन में धार्मिक पर्यटन की हिस्सेदारी

इस समय 60 प्रतिशत है, लेकिन आने वाले समय में यह अनुपात बढ़ने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि हाल ही में अयोध्या में भव्य राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होने के बाद धार्मिक पर्यटन को और भी बढ़ावा मिल सकता है। अलुग ने कहा, 'अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन से आतिथ्य एवं यात्रा सेवाओं से जुड़ी करीब 25,000 नौकरियां बढ़ने की उम्मीद है।' उन्होंने कहा, 'अगले चार-पांच वर्षों में धार्मिक पर्यटन से दो लाख रोजगार अवसर पैदा होने का अनुमान है। वर्ष 2028 तक 60 अरब डॉलर के अनुमानित राजस्व के साथ धार्मिक पर्यटन अस्थायी और स्थायी दोनों तरह के कामगारों के लिए रोजगार के रास्ते खोलेगा।'

उन्होंने उद्योग रिपोर्टों का हवाला देते हुए कहा कि कोविड महामारी के बाद तीर्थयात्रा के लिए होने वाली रात्रिकालीन यात्राएं बढ़ गईं और वर्ष 2021-2022 में दान राशि में भी 14 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

राष्ट्रीय

आगामी चुनाव तय करेगा देश का भविष्य

गृहमंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ से की लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार की शुरुआत

जांजगीर, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले से लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार की शुरुआत की और कहा कि आगामी आम चुनाव देश का भविष्य तय करेगा। शाह ने यहां विजय संकल्प शंखनाद रैली को संबोधित करते हुए कहा, ''मैं लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आज यहां छत्तीसगढ़ में विजय संकल्प रैली में आया हूं। आने वाला चुनाव देश का भविष्य तय करने वाला चुनाव है। आने वाला चुनाव देश को पूर्ण विकसित और भारत माता को विश्व गुरु बनाने के लिए महत्वपूर्ण चुनाव है।''

शाह ने कहा, ''मैं छत्तीसगढ़ की जनता का हृदय से धन्यवाद करना

चाहता हूं। 2014 में आपने 11 में से 10 सीट भाजपा को जिताईं। 2019 में 11 में से नौ सीट पर भाजपा को जिताया। हाल ही में (पिछले साल) विधानसभा चुनाव में आपने छत्तीसगढ़ में सबसे ज्यादा बहुमत से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनवाई।" उन्होंने कहा, "एक नाकारा सरकार (पिछली कांग्रेस सरकार) जिसने न नक्सलवाद पर लगाम कसी और न छत्तीसगढ़ के लोगों को न्याय दिया, जिसने लाखों करोड़ रुपए का भ्रष्टाचार कर छत्तीसगढ़ की गरीब जनता के साथ अन्याय करने का काम किया, उसको भी आपने हटा दिया। छत्तीसगढ़ के लोगों ने (मुख्यमंत्री) विष्णु देव साय जी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार बनाने का काम किया है।''

उन्होंने राज्य में सरकार बनाने के लिए महिलाओं को धन्यवाद दिया। शाह ने कहा, 'मैं विशेष रूप से राज्य की माताओं और बहनों को प्रणाम कर आभार प्रकट करता हूं।' केंद्रीय गृह मंत्री ने इस दौरान मोदी की सरकार के 10 वर्ष में किए गए कामों को जनता के सामने रखा। उन्होंने कहा, ''मोदी सरकार ने 10 साल में देश के 60 करोड़ गरीबों का कल्याण किया है। इन 10 साल में मोदी जी ने देश के 60 करोड़ गरीबों को घर में नल से जल देने का काम किया। सिर्फ छत्तीसगढ़ में 38 लाख से ज्यादा घरों में पीने का पानी आजादी के 75 साल बाद पहली बार पहुंचा है। देश के 60 करोड़ लोगों का पांच लाख रुपए तक उपचार का खर्च नरेंद्र मोदी सरकार उठा रही है।'

गृहमंत्री अमित शाह ने कहा, 'मोदी जी ने देश की अर्थव्यवस्था को आगे ले जाने का काम किया है। हमारा देश दुनिया की अर्थ तंत्र तालिका में 11वें नंबर पर था आज पांचवें नंबर पर है। मोदी जी के एक बार फिर प्रधानमंत्री बनने पर हम दुनिया की तीसरे नंबर की आर्थिक ताकत बन जाएंगे।'

महुआ मोइत्रा की याचिका पर हाईकोर्ट का आदेश आज

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने गुरुवार को कहा कि वह विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत पूर्व सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ जांच के संबंध में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा 'गोपनीय' सूचना मीडिया को कथित तौर पर लीक किए जाने के विरुद्ध तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता की याचिका पर 23 फरवरी को आदेश पारित करेगा। पूर्व सांसद की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता रेबेका जॉन ने दावा किया कि उनकी मुवक्किल को परेशान किया जा रहा है और एजेंसी द्वारा उन्हें समन जारी किए जाने की सूचना, उन्हें समन मिलने से पहले ही मीडिया ने प्रकाशित कर दी। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने मौखिक रूप से कहा कि अभी तक ऐसा कुछ नहीं है, क्योंकि संबंधित समाचार रिपोर्ट में तथ्यात्मक दावे किए गए हैं।

पटियाला। फसलों का एमएसपी बढ़ाए जाने समेत कई मांगों को लेकर आंदोलित किसानों ने शुक्रवार को पंजाब-हरियाणा के शंभू बॉर्डर हाईवे पर ट्रैक्टर और अन्य वाहन खड़े कर जाम लगा दिए। ● एजेंसी

एक नजर

कांग्रेस अध्यक्ष खरगे को जेड-प्लस सुरक्षा दी गई

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को देशभर में जेड प्लस सुरक्षा प्रदान की है। गृह मंत्रालय ने खरगे पर खतरे की आशंका को देखते हुए इस महीने की शुरुआत में यह फैसला लिया। सूत्रों ने बताया कि केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के कमांडो पूरे देश में खरगे को जेड-प्लस सुरक्षा प्रदान करेंगे।

कश्मीर में नई स्टार्टअप नीति को मंजूरी मिली

जम्मू। जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने केंद्रशासित प्रदेश में वर्ष 2027 तक 2,000 स्टार्टअप स्थापित करने के लक्ष्य के साथ एक नई स्टार्टअप नीति को मंजूरी दे दी है। एक आधिकारिक प्रवक्ता के मुताबिक, यह नीति छात्रों, महिलाओं को उद्यमिता सुविधाएं देती है और स्टार्टअप स्थापित करने के लिए सरकारी, निजी और उच्च आय वाले व्यक्तियों के जरिये उद्यमियों को सहायता मुहैया कराती है। प्रवक्ता ने कहा कि उपराज्यपाल मनोज सिन्हा की अध्यक्षता में हुई प्रशासनिक परिषद (एसी) की बैठक में 2018 में अधिसूचित स्टार्टअप नीति की जगह लेने वाली जम्मू-कश्मीर स्टार्टअप नीति 2024-27 को मंजूरी दी गई।

बेरोजगार पति को हर माह 5,000 रुपये भरण-पोषण दे पत्नी : अदालत

इंदौर, एजेंसी

- **इंदौरा की एक कुटुंब अदालत ने दिए निर्देश**

इंदौर के कुटुंब न्यायालय ने ब्यूटी पार्लर चलाने वाली एक महिला को आदेश दिया है कि वह उसके कथित तौर पर बेरोजगार पति को भरण-पोषण के लिए हर महीने 5,000 रुपये अदा करे। इस व्यक्ति के वकील मनीष झारोला ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

झारोला ने बताया, 'हमारे एक अंतरिम आवेदन पर कुटुंब न्यायालय ने 20 फरवरी (मंगलवार) को आदेश दिया कि मेरे मुवक्किल की पत्नी उसे हर माह भरण-पोषण के लिए 5,000 रुपये अदा करे और मुकदमे का खर्च अलग से दे।' उन्होंने कहा कि महिला ब्यूटी पार्लर चलाती है और उसका पति उसकी कथित शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना के कारण 12वीं के बाद पढ़ाई पूरी नहीं कर सका था। झारोला ने कहा कि उनके मुवक्किल ने कुटुंब न्यायालय में दायर अर्जी में कहा कि वह फिलहाल बेरोजगार होने से खुद के भरण-पोषण में असमर्थ है।

उन्होंने आरोप लगाया कि एकतरफा प्रेम में पड़ी महिला और उसके परिवार वालों ने उनके मुवक्किल को डरा-धमका कर उसे आर्य समाज के मंदिर में वर्ष 2022 के दौरान विवाह के लिए मजबूर किया था, जबकि वह इस शादी के लिए कतई राजी नहीं था। झारोला के मुताबिक उनके मुवक्किल ने अपनी पत्नी और उसके परिजनों की कथित प्रताड़ना के बारे में इंदौर के पुलिस आयुक्त को शिकायत भी की थी।

भारत जोड़ो न्याय यात्रा 25 को धौलपुर पहुंचेगी

जयपुर। राहुल गांधी की अगुवाई में निकाली जा रही 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' 25 फरवरी को राजस्थान के धौलपुर में प्रवेश करेगी। पार्टी के प्रवक्ता ने कहा कि यात्रा 25 फरवरी को धौलपुर में प्रवेश करेगी, जहां यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय यात्रा का ध्वज राजस्थान कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा को सौंपेंगे।

दिल्ली के बुराड़ी से बिश्नोई-हाशिम बाबा गिरोह के दो बदमाश गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी के बुराड़ी इलाके में मुठभेड़ के बाद लॉरेंस बिश्नोई और हाशिम बाबा गिरोह के दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक, जवाबी गोलीबारी में बदमाश आमिर और दानिश के पैर में गोली लगी। पुलिस ने कहा कि आमिर डकैती से लेकर हत्या के प्रयास और शस्त्र अधिनियम तक के छह आपराधिक मामलों तथा दानिश दंगा और शस्त्र अधिनियम के दो मामलों में शामिल रहा है। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) संजय भाटिया ने कहा, 'हमारी कई टीम भजनपुरा थाने में दर्ज गोलीबारी के मामले में शामिल इन लोगों का पता लगा रही थीं।'

किसानों के मुद्दे पर संसद का विशेष सत्र बुलाए सरकार: कांग्रेस

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस ने कहा है कि किसानों का मुद्दा अत्यंत महत्वपूर्ण हो गया है और सरकार को इस मुद्दे पर चर्चा के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाना चाहिए। किसान कांग्रेस के अध्यक्ष सुखपाल सिंह खैरा ने गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन में हरियाणा सरकार द्वारा किसानों के साथ की गई क्रूरता की निंदा करते हुए कहा कि पुलिस बल प्रयोग में गोली लगने से एक किसान की मौत हुई है, लेकिन पंजाब सरकार ने अपने क्षेत्र में किसान की हत्या पर अब तक प्राथमिकी तक दर्ज नहीं की। उन्होंने इस मुद्दे पर चर्चा के लिए पंजाब विधानसभा का सत्र बुलाने की मांग की है।

सुखपाल सिंह ने कहा, "मोदी सरकार ने अपने घोषणा पत्र में कहा था कि स्वामीनाथन कमेटी के अनुसार किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का लाभ देंगे और किसानों, खेत मजदूरों का कर्ज माफ करेंगे लेकिन एक भी पैसे का कर्ज माफ नहीं किया गया। उल्टे एमएसपी की मांग कर रहे किसानों पर गोलियां चलाई जा रही है।"

कांग्रेस नेता ने कहा, "किसान आंदोलन से जुड़े शुभकरण सिंह की कल गोली मारकर हत्या कर दी गई, लेकिन हरियाणा सरकार यह मानने को तैयार नहीं है। देश की पुलिस अपने ही किसानों पर अत्याचार कर रही है। आंदोलन से जुड़े 200 से ज्यादा किसान जख्मी हैं।'

ईवीएम के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस के कई नेता गिरफ्तार

नई दिल्ली। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) की खामियों के खिलाफ गुरुवार को ईवीएम हटाओ मोर्चा तथा अन्य संगठनों के प्रदर्शन में शामिल हुए कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह तथा अन्य कई नेताओं को हिरासत में लिया गया। ईवीएम हटाओ मोर्चा के अनुसार ईवीएम के खिलाफ यहां जंतर मंतर पर सभा आयोजित की जा रही थी और इसकी इजाजत भी मिल चुकी थी, लेकिन दिल्ली पुलिस ने आखिरी वक्त में इजाजत को रद कर दिया, जिसके कारण यह आयोजन युवा कांग्रेस कार्यालय रायसीना रोड पर करना पड़ा। कांग्रेस नेता अरविंद सिंह लवली ने कहा कि देश में इस समय अघोषित आपातकाल का दौर चल रहा है।

कांग्रेस से गठबंधन किया तो केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया जाएगा: आतिशी

नई दिल्ली, एजेंसी

- **आप नेता और दिल्ली की मंत्री ने किया दावा**

आम आदमी पार्टी (आप) की नेता आतिशी ने गुरुवार को दावा किया कि यदि पार्टी लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के साथ सीट बंटवारे को लेकर समझौता करती है तो अगले तीन से चार दिन में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

आतिशी ने एक संवाददाता सम्मेलन में यह भी दावा किया कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) शनिवार या रविवार को केजरीवाल को नोटिस जारी करने वाला है। उन्होंने दावा किया, 'जब से 'आप' और कांग्रेस के बीच गठबंधन की

चर्चा अंतिम चरण में पहुंचने की खबरें आ रही हैं, बुधवार शाम से ही 'आप' नेताओं को संदेश मिल रहे हैं कि यदि 'आप' ने कांग्रेस के साथ सीट बंटवारे को लेकर समझौता किया तो केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।'

दिल्ली की मंत्री ने दावा किया कि संदेशवाहकों द्वारा यह बताया गया कि शनिवार या रविवार को मुख्यमंत्री को सीबीआई द्वारा नोटिस जारी किया जाएगा और फिर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि संदेशवाहकों द्वारा यह भी बताया गया कि केजरीवाल को जेल से बाहर रखने का एकमात्र तरीका 'आप' द्वारा विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' को छोड़ना है। आतिशी ने कहा कि दिल्ली में आप और कांग्रेस के बीच गठबंधन को अंतिम रूप दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दोनों दलों के नेता इस संबंध में एक-दो दिन में आधिकारिक रूप से घोषणा कर सकते हैं।

शिवसेना नेता का दावा

1987 में किया बाघ का शिकार, गले में पहनते हैं उसका दांत

मुंबई। एकनाथ शिंदे की नेतृत्व वाली शिवसेना के एक विधायक ने दावा किया है कि उन्होंने 37 साल पहले एक बाघ का शिकार किया था और वह उसका दांत अपने गले में पहनते भी हैं। महाराष्ट्र में विदर्भ क्षेत्र के बुलढाणा निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले संजय गायकवाड़ का यह दावा करने वाला वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। गायकवाड़ अपनी बेबाक टिप्पणियों के लिए जाने जाते हैं। वह वीडियो में यह कहते नजर आ रहे हैं, "यह बाघ का दांत है। वर्ष 1987 में मैंने इसका शिकार किया था।'

टेस्ट के बाद अब मोहम्मद शमी आईपीएल से भी बाहर

पिछले साल नवंबर में अंतिम बार वनडे विश्व कप का फाइनल खेला था, लंदन में होगा टखने का ऑपरेशन

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी बाएं टखने में चोट से अगले महीने शुरू होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में नहीं खेल पाएंगे क्योंकि उन्हें ब्रिटेन में इसका ऑपरेशन करवाना होगा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

यह 33 वर्षीय तेज गेंदबाज चोटिल होने से इंग्लैंड के खिलाफ वर्तमान टेस्ट श्रृंखला में नहीं खेल पा रहा है। उन्होंने भारत की तरफ से अपना अंतिम मैच पिछले साल नवंबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे विश्व कप का फाइनल खेला था। बीसीसीआई के सूत्रों ने कहा कि शमी टखने पर विशेष इंजेक्शन लगाने के लिए जनवरी के अंतिम सप्ताह में लंदन में थे और उन्हें बताया गया कि वह 3 सप्ताह के बाद हल्की दौड़ शुरू कर सकते हैं। लेकिन इंजेक्शन लगवाने से फायदा नहीं हुआ और अब उनके पास ऑपरेशन के अलावा कोई विकल्प नहीं है। वह ऑपरेशन के लिए जल्द ब्रिटेन जाएंगे। उनके आईपीएल में खेलने का सवाल ही नहीं उठता। शमी ने विश्व कप में दर्द के बावजूद शानदार प्रदर्शन किया था तथा 24 विकेट लिए थे। उन्हें अर्जुन पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया था। इस गेंदबाज की अक्टूबर नवंबर में बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली घरेलू टेस्ट श्रृंखला से पहले वापसी करने की संभावना नहीं है। उनका लक्ष्य ऑस्ट्रेलिया दौरे तक फिट होना होगा। शमी की चोट से राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के रिहैबिलिटेशन कार्यक्रम पर भी सवालिया निशान लग गया है।

आईपीएल का पहला मैच: चेन्नई सुपर किंग्स 22 मार्च को रॉयल चैलेंजर्स से भिड़ेगी

नई दिल्ली। गत चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स 22 मार्च को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 सत्र के शुरूआती मैच में चेन्नई में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के सामने होगी। बीसीसीआई ने गुरुवार को टी-20 लीग के पहले 17 दिन के कार्यक्रम की घोषणा की। आईपीएल के बचे हुए मुकाबलों के कार्यक्रम का ऐलान अगले महीने के शुरू में लोकसभा चुनावों की तारीखों की घोषणा के बाद होगा। टूर्नामेंट के पहले 17 दिन 21 मैच खेले जाएंगे। दिल्ली कैपिटल्स 23 मार्च को मोहाली में पंजाब किंग्स से भिड़ेगी। 10 टीम को 5-5 के दो ग्रुप में रखा गया है। ग्रुप चरण में हर टीम 14 मैच खेलेगी। हर टीम अपने ग्रुप में अन्य चार टीम से दो बार घरेलू और प्रतिद्वंद्वी टीम के मैदान पर खेलेगी। वह दूसरे ग्रुप में चार टीम से 1-1 बार भिड़ेगी जबकि बची हुई दो टीम दो बार एक दूसरे का सामना करेंगी। आम चुनाव अप्रैल-मई में होने की उम्मीद है। 2014 में आम चुनाव से स्वदेश और संयुक्त अरब अमीरात में इसे आयोजित किया गया था, लेकिन 2019 में चुनावों के बावजूद टूर्नामेंट भारत में कराए गए थे।

लखनऊ को फिर मिली आईपीएल की मेजबानी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: एक बार फिर इकाना स्टेडियम में आईपीएल के मुकाबले देखने को मिलेंगे। बीसीसीआई ने आईपीएल के पहले दो सप्ताह का शेड्यूल जारी किया, इसमें दो मैच अटल बिहारी वाजपेई इकाना स्टेडियम में खेले जाएंगे। पहला मैच 30 मार्च को लखनऊ सुपर जायंट्स और पंजाब किंग्स के बीच होगा। दूसरा 7 अप्रैल को सुपर जायंट्स और गुजरात टाइटन्स में खेला जाएगा।

अप्रैल में संभावित लोकसभा के चुनाव को देखते हुए बीसीसीआई ने पहले चरण के 15 मुकाबलों का शेड्यूल जारी किया है। लखनऊ सुपर जायंट्स का होम ग्राउंड इकाना स्टेडियम है। ऐसे में अभी 5 मैचों की मेजबानी लखनऊ को और मिलना है। इनका शेड्यूल बाद में जारी होगा। सुपर जायंट्स के खिलाड़ी 25 फरवरी से लखनऊ पहुंचने शुरू हो जाएंगे। स्टेडियम प्रबंधन ने मैच की तैयारी शुरू कर दी हैं। सुपर जायंट्स टीम प्रबंधन के अधिकारी भी जल्द स्टेडियम पहुंचेंगे। वे स्टेडियम को परखने के साथ मुकाबलों की रणनीति तैयार करेंगे। दस मार्च के बाद लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम लखनऊ पहुंच जाएगी।

- **30 मार्च को लखनऊ सुपर जांयट्स का मुकाबला पंजाब किंग्स से**
- **2 अप्रैल को लखनऊ सुपर जांयट्स के सामने होगी गुजरात टाइटंस की चुनौती**

गली क्रिकेट के माध्यम से किया जाएगा प्रमोशन

लखनऊ में आईपीएल के मुकाबलों के साथ लखनऊ सुपरजायंट्स के प्रमोशन के लिए भी कई आयोजन होंगे, जिससे शहर में आईपीएल का माहौल बनाया जा सके। पिछले वर्ष की तरह टीम प्रबंधन इस बार भी टीम के खिलाड़ियों के साथ रोड शो, ड्रोन शो और आतिशबाजी का कार्यक्रम तैयार कर रहा है। लखनऊ सुपरजायंट्स प्रबंधन की ओर से प्रदेश के चार शहर लखनऊ, कानपुर, वाराणसी और नोएडा में गली क्रिकेट के आयोजित करने की योजना है। इन शहरों में सुपरजायंट्स कप के तहत मुकाबले खेले जाएंगे। लखनऊ में गली क्रिकेट की रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया हो रही है। जल्द ही आयोजन की तिथियां भी जारी कर दी जाएगी।

खेल डायरी

रोनाल्डो का गोल, अल नासर क्वार्टरफाइनल में

एशियाई चैम्पियंस लीग

रियाद। स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो की मदद से अल नासर क्लब ने अल फाहया पर कुल 3-0 की जीत से एशियाई चैम्पियंस लीग के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। रोनाल्डो के गोल से अल नासर ने पहले चरण के मैच में 1-0 से जीत हासिल की थी जबकि दूसरे चरण में उन्होंने मैच खत्म होने से चार मिनट पहले गोल किया। रोनाल्डो (86वें मिनट) और ओटावियो (17वें मिनट) के गोल की मदद से अल नासर ने दूसरे चरण में 2-0 से जीत दर्ज की। अब अल नासर की निगाहें पहले महाद्वीपीय खिताब पर लगी हैं और अगले महीने क्वार्टरफाइनल में उसका सामना संयुक्त अरब अमीरात के अल ऐन क्लब से होगा।

स्वियातेक, रयबाकिना और गॉफ क्वार्टर फाइनल में

दुबई। कोको गॉफ ने धीमी शुरुआत और दूसरे सेट में चेयर अंपायर के साथ बहस के बावजूद करोलिना प्लिस्कोवा को तीन सेट तक चले मुकाबले में हराकर दुबई टेनिस चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। गॉफ ने प्लिस्कोवा के 11 मैच से चले आ रहे विजय अभियान पर भी रोक लगाई। अमेरिका की इस खिलाड़ी का अगला मुकाबला रूस की अन्ना कलिंस्काया से होगा जिन्होंने येलेना ओस्टापेंको को हराया। इगा स्वियातेक ने एलिना स्वितोलिना को हराकर अंतिम 8 में जगह बनाई। ऐलेना रयबाकिना को क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के लिए मशक्कत करनी पड़ी। उन्होंने मैग्डालेना फ्रेच को हराया। स्वियातेक का अगला मुकाबला क्वीनवेन झेंग से होगा।

पूनाचा ने एटीपी चैलेंजर में नागल को हराया

पुणे। भारत के वाइल्ड कार्ड से प्रवेश करने वाले निकी पूनाचा ने गुरुवार को शीर्ष वरीय और हमवतन सुमित नागल को हराकर उलटफेर करते हुए एटीपी चैलेंजर 100 अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। पूनाचा ने नागल को शिकस्त दी और क्वार्टरफाइनल में शशिकुमार मुकुंद के साथ शामिल हो गए। पाकिस्तान के खिलाफ हाल में डेविस कप में पदार्पण करने वाले पूनाचा का सामना आस्ट्रेलिया के डेव स्वीनी से होगा जिन्हेंने पोलैंड के माक्स कासिनोवस्की को हराया। भारत की दो जोड़ियों ने युगल के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अर्जुन काधे और जीवन नेदुनचेझियान की जोड़ी ने जर्मनी के जैकब श्नैटर और मार्क वॉलनर को हराया।

फोनसेका ने रियो ओपन में एटीपी टूर मैच जीता



रियो डी जिनेरियो। ब्राजील के 17 वर्षीय जोआओ फोनसेका ने रियो ओपन में सातवें वरीय आर्थस फिल्स को 6-0, 6-4 से शिकस्त दी, जिससे वह 2006 में पैदा हुए एटीपी टूर स्तर का मैच जीतने वाले पहले खिलाड़ी बने। पिछले साल अमेरिकी ओपन में लड़कों का एकल खिताब जीतने वाले फोनसेका की रैंकिंग अभी 655 है और फिल्स को हराने के बाद उनके करीब 200 स्थान की छलांग की उम्मीद है। वह राउंड 16 में चिली के क्रिस्टियन गारिन से भिड़ेंगे। अर्जेंटीना के चौथे वरीय फ्रांसिस्को सेरुंडोलो ने स्पेन के एलबर्ट रामोस विनोलास को हराकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। तीन बार के मेजर विजेता स्टान वावरिंका को अर्जेंटीना के फाकुंडो डायज अकोस्टा से सीधे सेटों में हार मिली जबकि जर्मनी के यानिक हैन्फमैन ने चिली के निकोलास जारी को तीन सेट में हराकर बाहर कर दिया। गुरुवार को बारिश के कारण खेल रोक दिया गया।

इंग्लैंड वापसी, भारत जीत के लिए करेगा संघर्ष

भारतीय टीम श्रृंखला में 2-1 से आगे, घर में करती आ रही बेहतर प्रदर्शन

रांची, एजेंसी

तेज गेंदबाज बुमराह की अनुपस्थिति के बावजूद भारत शुक्रवार से शुरू हो रहे चौथे टेस्ट में भी इंग्लैंड की बैजबॉल शैली को धत्ता बताकर 5 मैच की श्रृंखला में अजेय बढ़त हासिल करने की कोशिश करेगा। भारत अभी श्रृंखला में 2-1 से आगे चल रहा है और उसकी निगाह घरेलू मैदान पर लगातार 17वीं श्रृंखला जीतने पर लगी हैं।

2012 में एलिस्टर कुक की अगुवाई वाली इंग्लैंड की टीम से हारने के बाद भारतीय टीम अपनी धरती पर लगातार अच्छा प्रदर्शन करती रही है। उसके बाद उसने खेले 47 टेस्ट में 38 जीते हैं। इस बीच उसे ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड से ही हारना पड़ा। विराट कोहली, केएल राहुल और श्रेयस अय्यर की अनुपस्थिति में रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम के युवा बल्लेबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया है। फिर चाहे वह यशस्वी जायसवाल हो या सरफराज खान। जायसवाल ने पहले तीन मैच में 545 रन बनाए हैं जिसमें दो दोहरे शतक हैं। सरफराज ने नागपुर में पहले टेस्ट मैच में ही दोनों पारियों में अर्धशतक लगाए। शुभमन गिल ने भी तीसरे नंबर पर अपने पांव जमा लिए हैं। श्रृंखला में अब तक सर्वाधिक 17 विकेट लेने वाले बुमराह को विश्राम दिया गया है। धर्मशाला में पांचवें टेस्ट मैच में तेज गेंदबाजों को मदद मिल सकती है और तब बुमराह भारतीय तेज गेंदबाजी की कमान संभालेंगे लेकिन अभी टीम में मोहम्मद सिराज सबसे अनुभवी तेज गेंदबाज है।

सिराज के साथ बंगाल के मुकेश कुमार और आकाशदीप में से किसी एक को चुना जा सकता है। मुकेश कुमार अधिक अनुभवी हैं और उन्होंने हाल में रणजी ट्रॉफी मैच में 10 विकेट के लिए थे। वह दूसरे टेस्ट मैच में खेले थे जिसमें उन्होंने दोनों पारियों में कुल मिलाकर 12 ओवर करके एक विकेट लिया था। यह देखना दिलचस्प होगा कि टीम प्रबंधन मुकेश पर विश्वास बनाए रखना है या आकाशदीप को पदार्पण का मौका देता है। अगर आंकड़ों पर गौर करें तो यहां की पिच की प्रकृति को देखते हुए टीम में दो तेज गेंदबाज और तीन स्पिनर रखना सही होता है। इंग्लैंड ने टॉम हार्टली के साथ ऑफ स्पिनर शोएब बशीर को अंतिम एकादश में शामिल किया है। वह लेग स्पिनर रेहान अहमद की जगह लेंगे। तीसरे स्पिनर की भूमिका जो रूट निभाएंगे। रूट बल्लेबाजी में अच्छी फॉर्म में नहीं चल रहे हैं। उन्होंने अब तक केवल 77 रन बनाए हैं जबकि इससे अधिक ओवर (107) किए हैं। संभावना है कि भारत 2 तेज गेंदबाज और 3 स्पिनरों के साथ उतरेगा।

राची स्टेडियम में पिच की जांच करते भारतीय टीम के सदस्य। (ऊपर) मैदान पर अभ्यास के दौरान आपस पर विचार विमर्श करते इंग्लैंड के खिलाड़ी। ● एजेंसी

भारतीय टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, रजत पाटीदार, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), केएस भरत (विकेटकीपर), देवदत्त पडिक्कल, आर अश्विन, रविंद्र जड़ेजा, अक्षर पटेल, वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, मो. सिराज, मुकेश कुमार, आकाशदीप।

मैच सुबह 9.30 बजे।

इंग्लैंड की टीम

बेन स्टोक्स (कप्तान), जैक क्रॉली, बेन डकेट, जो रूट, जॉनी बेयरस्टो, शोएब बशीर, बेन फॉक्स, टॉम हार्टली, ओली पोप, ओली रॉबिन्सन, जेम्स एंडरसन।

मैंने ऐसी पिच पहले कभी नहीं देखी : स्टोक्स

रांची। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने चौथे टेस्ट के लिए तैयार की गई पिच को लेकर कहा कि उन्होंने पहले कभी इस तरह की पिच नहीं देखी। मैच से पहले हालांकि पिच को लेकर चर्चा बनी हुई है जिसमें दरार पड़ी हुई हैं। स्टोक्स ने कहा कि यह देखने में दिलचस्प लग रही है। मैं इस तरह की पिच के बारे में नहीं जानता इसलिए अधिक कुछ नहीं कह सकता हूं। मैंने इससे पहले कभी इस तरह की पिच नहीं देखी इसलिए मुझे किसी तरह का अंदाजा नहीं है। मैं नहीं जानता कि यह किस तरह का व्यवहार करेगी।

स्टोक्स ने गेंदबाजी का किया अभ्यास

बेन स्टोक्स ने गेंदबाजी के अभ्यास से भारत के खिलाफ चौथे टेस्ट में गेंदबाजी करने की उम्मीद बढ़ा दी हैं लेकिन इंग्लैंड के कप्तान ने बतौर गेंदबाज अपनी उपलब्धता पर संदेह कायम रखना सही समझा। घुटने की समस्या से स्टोक्स पिछले साल जून में दूसरे एशेज टेस्ट से बतौर बल्लेबाज खेल रहे हैं। लेकिन चौथे टेस्ट की पूर्व संध्या पर उन्हें गेंदबाजी करते हुए देखा गया। स्टोक्स ने कहा कि ना, मुझे लगता है कि ऐसा हो सकता है और शायद नहीं भी। इंग्लैंड के लिए दो तेज गेंदबाजों के साथ उतरना सर्वश्रेष्ठ विकल्प हो सकता है, जिससे उन्हें ओली रोबिन्सन को अंतिम एकादश में शामिल करने के लिए बाध्य होना पड़ा, हालांकि रांची की पिच के स्पिनरों के मददगार होने की उम्मीद है।

गेंदबाज आकाश दीप को मिल सकती है टेस्ट कैप

रांची। इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट में मोहम्मद सिराज का साथ देने के लिए 'अनकैप्ड' तेज गेंदबाज आकाश दीप अंतिम एकादश में जगह बनाने की दौड़ में सबसे आगे हैं क्योंकि गुरुवार को उनको वैकल्पिक ट्रेनिंग सत्र में पसीना बहाते देखा गया। इस दाए हाथ के तेज गेंदबाज ने बंगाल के मुकेश कुमार के साथ बुधवार को नेट पर अभ्यास किया और टेस्ट की पूर्व संध्या पर उन्होंने लंबे बल्लेबाजी सत्र में हिस्सा लिया। पांच अन्य भारतीय खिलाड़ी शुभमन गिल, आर अश्विन, केएस भरत, वाशिंगटन सुंदर और देवदत्त पडीक्कल नेट में अभ्यास करने पहुंचे। अश्विन तो मुख्य कोच राहुल द्रविड़ और सहयोगी स्टाफ के अन्य सदस्यों के साथ पिच का मुआयना करने में व्यस्त थे। गिल ने स्थानीय गेंदबाजों से 'थ्रोडाउन' का सामना किया। विराट कोहली, केएल राहुल और श्रेयस अय्यर की अनुपस्थिति में रजत पाटीदार, ध्रुव जुरेल और सरफराज खान को पदार्पण कराना पड़ा। अब रांची टेस्ट के लिए तेज गेंदबाजी के अगुआ जसप्रीत बुमराह को आराम दिया गया है तो आकाश दीप टेस्ट पदार्पण के लिए अगले खिलाड़ी हो सकते हैं।

डब्ल्यूपीएल में मुंबई और दिल्ली होंगे आमने-सामने, युवाओं पर होगी निगाह

बेंगलुरु, एजेंसी

मौजूदा चैंपियन मुंबई इंडियंस और पिछली बार के उपविजेता दिल्ली कैपिटल्स के बीच शुक्रवार को होने वाले मैच से दूसरे महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) का आगाज होगा जिसमें युवा खिलाड़ियों पर निगाह टिकी रहेगी। पिछले साल डब्ल्यूपीएल का पहला टूर्नामेंट मुंबई में हुआ था लेकिन इस बार बेंगलुरु और नई दिल्ली में आयोजन होगा। दिल्ली कैपिटल्स की कप्तान मेग लैनिंग अब अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले चुकी हैं लेकिन डब्ल्यूपीएल में टीम का काफी दारोमदार इस अनुभवी बल्लेबाज पर टिका रहेगा। उन्होंने पिछले साल इस टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाए थे जबकि मुंबई की गेंदबाज हेली मैथ्यूज ने सर्वाधिक 16 विकेट लिए थे। टूर्नामेंट में विदेशों की कई स्टार खिलाड़ी भाग लेगी जिनके बीच भारत की युवा खिलाड़ी अपनी चमक बिखरने की कोशिश करेंगी।

शुरू में ही सफलता हासिल कर रहे हैं भारतीय युवा : राठौड़

रांची, एजेंसी

यशस्वी जायसवाल और सरफराज खान जैसे खिलाड़ियों ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में शुरू में ही सफलता हासिल की है और भारत के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने इसका श्रेय देश के मजबूत घरेलू ढांचे को दिया।

मुंबई के 22 वर्षीय जायसवाल ने अभी तक केवल 6 टेस्ट मैच खेले हैं लेकिन उनके नाम पर दो दोहरे शतक दर्ज हैं। सरफराज ने इंग्लैंड के खिलाफ राजकोट में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया और दोनों पारियों में अर्धशतक जमाए। राठौड़ ने इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट मैच की पूर्व संध्या पर कहा कि यह टीम के लिए अच्छा है और उनके लिए भी बेहतर है। जब आप टेस्ट क्रिकेट खेलना शुरू करते हैं तो दबाव होता है लेकिन अगर आपकी शुरुआत अच्छी रहती है तो इससे बेहतर और कुछ नहीं होता है। उन्होंने कहा कि टीम में जो युवा खिलाड़ी आए हैं उन्होंने अच्छी शुरुआत की है और यह अच्छा एहसास है। उनमें क्रिकेट की अच्छी समझ है जो बहुत अच्छा संकेत है। घरेलू क्रिकेट से यह बहुत अच्छा संदेश मिल रहा है कि नए खिलाड़ी क्रिकेट को लेकर अच्छी समझ रखते हैं।

यह आम विकेट जैसा है, जिसमें दरार हैं और यह टर्न लेगा

रांची। भारत के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट मैच के लिए तैयार विकेट में पर्याप्त दरार हैं और इससे स्पिनरों को मदद मिलेगी। बुमराह ने वर्तमान श्रृंखला में सर्वाधिक विकेट लिए हैं लेकिन उन्हें कार्यभार प्रबंधन के तहत चौथे टेस्ट मैच से विश्राम दिया गया है। भारत के इस फैसले के बाद माना जा रहा है कि शुक्रवार से शुरू होने वाले चौथे टेस्ट मैच के लिए टर्निंग विकेट तैयार किया जाएगा। राठौड़ ने कहा कि जब भी हम भारत में खेलते हैं तो पिच पर सवालिया निशान लगा दिया जाता है। यह आम भारतीय विकेट जैसा है जिसमें दरार है।

बॉलीवुड हलचल

डॉन 3 में काम नहीं कर रहे हैं हाशमी

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता इमरान हाशमी का कहना है वह डॉन 3 में काम नहीं कर रहे हैं। बॉलीवुड फिल्मकार फरहान अख्तर डॉन फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म डॉन 3 बना रहे हैं। डॉन 3 में रणवीर सिंह और कियारा आडवाणी की मुख्य भूमिका होगी। चर्चा थी कि 'डॉन 3' में इमरान हाशमी विलेन का रोल निभाते दिखाई देंगे। हाशमी ने सोशल मीडिया पर साफ कर दिया है कि उन्हें इस फिल्म के लिए कभी ऑफर नहीं आया। इमरान हाशमी ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट के स्टोरी सेक्शन में पोस्ट में लिखा,फैंस और जर्नलिस्ट्स के लिए, जो पूछ रहे थे थे, मैं कभी डॉन 3 का हिस्सा नहीं था। करण जौहर के धर्मेटिक एंटरटेनमेन्ट के बैनर तले बनी शो टाइम बॉलीवुड के पर्दे के पीछे के कई दिलचस्प किस्सों को लेकर बनायी गयी है ।शो टाइम में इमरान हाशमी, मौनी रॉय, नसीरउद्दीन साह ,श्रिया सरन, राजीव खंडेलवाल, विशाल वशिष्ठ और महिमा मकवाना,की अहम भूमिका है।

'शैतान' का ट्रेलर रिलीज

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन और आर माधवन स्टारर सुपरनैचुरल थ्रिलर फिल्म शैतान का ट्रेलर रिलीज हो गया है। विकस बहल निर्देशित शैतान में अजय देवगन,आर माधवन और ज्योतिका मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म शैतान का ट्रेलर रिलीज हो गया है ।फिल्म के ट्रेलर में दिखाया गया है कि आर माधवन मेहमान बनकर अजय देवगन के घर पर पहुंचते हैं और उनकी बेटी को काली शक्तियों से अपने बस में कर लेते हैं। मगर बाद में अजय को उनकी शैतानी शक्तियों के बारे में पता चल जाता है। 'शैतान' 08 मार्च 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी ।अजय देवगन इस फिल्म के निर्माता भी हैं। उन्होंने ज्योति देशपांडे और कुमार मंगत पाठक के साथ मिलकर फिल्म शैतान का निर्माण किया है।

फेयरी फोल्क में काम करना आनंददायक था: रसिका

रसिका दुग्गल मनोरंजन जगत के प्रभावशाली चेहरों में से एक हैं और उन्होंने सिनेमा और छोटे परदे पर अपनी जगह बनाई है। वह अब निर्देशक करण गौर की फिल्म 'फेयरी फोल्क' में अभिनय कर रही हैं, जो 1 मार्च को भारतीय सिनेमाघरों में प्रदर्शित होगी। यह फिल्म पहले ही सिडनी फिल्म फेस्टिवल, शिकागो अंतर्राष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल, मामी (मुंबई), और मेलबर्न भारतीय फिल्म महोत्सव में व्यापक प्रशंसा जीत चुकी है और अब मुंबई, दिल्ली, गोवा, कोलकाता, और बेंगलुरु में दिखाई जाएगी। यह पहली बार है जब रसिका पति मुकुल चड्ढा के साथ काम कर रही हैं। फिल्म में ये दोनों अजीबोगरीब स्थिति में फंस जाते हैं जब एक लिंगहीन व्यक्ति उनके जीवन में प्रवेश करता है और उसे उलट-पलट देता है। रसिका कहती है कि फिल्म में 'मैजिक रिअलिस्म' का अंश है और वो एक असामान्य दृष्टिकोण से मानव संबंधों का अन्वेषण करती है। ये एक ऐसी फिल्म थी जिसे हमने बिना रिहर्सल किए शूट किया। कहानी के अनुसार ही हर दृश्य फिल्माया गया, आमतौर पर फिल्में क्रम से शूट नहीं होती और अभिनेता को याद रखना होता है कि हफ्तों/महीनों पहले कौन से दृश्य में क्या हुआ था। बहुत बार, आपको बाद के दृश्य पहले फिल्माने पड़ते हैं, लेकिन 'फेयरी फोल्क' में हमें मालूम था कि पिछले सीन में कैसे चीज़ें घटित हुईं और इसलिए अभिनेत्री के रूप में मैंने इस अनुभव का बहुत आनंद लिया। अपने चरित्र को समझने के नए, दिलचस्प तरीके ढूंढ़ने में भी मदद मिलती है। वे कहती हैं, ऐसी फिल्में आपको मौका देती हैं कि आप अभिनय के साथ नए प्रयोग करें। आपको कलाकार के रूप में नई शैलियों के साथ प्रयोग करने का अवसर मिलता है। अपने पति मुकुल चड्ढा के साथ काम करने के बारे में, रसिका कहती हैं कि मुकुल और मैं पहले भी एक दूसरे की प्रतिभा और शैली से अवगत थे, इसलिए हमें पता था कि हम कैसे साथ में काम करेंगे। 'फेयरी फोल्क' का निर्माण इम्पाथिया फिल्म्स, अनुकम्पा हर्ष के बलावला सिनेमा, और टिम्बक्टू फिल्म्स द्वारा किया गया है (नायक नकुल मेहता, अलेख संगल और फिल्मकार अजय सिंह द्वारा समर्थित)। फिल्म का पार्श्व संगीत निर्देशक ने ही रचा है. उन्होंने 'तितली,' 'हरामखोर,' 'डियर डैड,' और 'आगरा' जैसी फिल्मों में भी संगीत दिया था।

फिल्म रंगीला का गाना 'हाया रामा' उर्मिला के दिल के करीब

मुंबई। अभिनेत्री उर्मिला मातोंडकर ने बताया है कि फिल्म रंगीला का गाना हाय रामा उनके दिल के बेहद करीब है। इस शनिवार, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन का गायन रियलिटी शो, 'इंडियन आइडल 14', उर्मिला मातोंडकर का स्वागत करेगा, जिसमें प्रतियोगी इस विशेष एपिसोड में टॉप 6 में अपनी जगह सुरक्षित करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगी सुभादीप दास चौधरी और अनन्या पाल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। फिल्म रंगीला में सुभादीप की प्रस्तुति हाय रामा और अनन्या की तन्हा तन्हा और रंगीला रे की मनमोहक प्रस्तुति ने उर्मिला को आश्चर्यचकित कर दिया। उर्मिला मतोडकर ने हिट गीत 'हाय रामा' के बारे में बताया, यह एक बहुत ही मुश्किल गाना है, और यह मेरे दिल में एक खास जगह रखता है। मुझे यह दिलचस्प लगता है कि ए. आर. रहमान, जो स्वयं उस्ताद हैं, ने एक सहज धुन को रचना में शामिल कर लिया, जिसे हरिहरन सर एक बार सुनने के बाद ही रिहर्सल कर रहे थे। यह संगीतकारों, गायकों, रचनाकारों और एक्टरों के सहयोगात्मक प्रयासों का प्रमाण है जो इस तरह के जादू को जीवन में लाते हैं।

होली के अवसर पर रिलीज होगी रानी चटर्जी की फिल्म बदला गंगा गीता

मुंबई। भोजपुरी अभिनेत्री रानी चटर्जी की फिल्म बदला गंगा गीता होली के अवसर पर रिलीज होगी। अभिनेत्री रानी चटर्जी फिल्मों में कम बैक करने जा रही हैं। रानी चटर्जी ,दिलीप गुलाटी निर्देशित फिल्म बदला गंगा गीता से कमबैक कर रही हैं। फिल्म बदला गंगा गीता में रानी चटर्जी के साथ प्रेम सिंह, रवि यादव, मनोज द्विवेदी, जीतू शुक्ला, पप्पू यादव, सागर पांडेय, रमज़ान, आशा लता चौहान, अमित गौड़, पूनम चोपड़ा, जतिन तिवारी ने भी अभिनय किया है। फिल्म गंगा और गीता को सेंसर सर्टिफिकेट मिल चुका है और यह फिल्म आगामी होली पर रिलीज करने की तैयारी है। लेखक-निर्देशक दिलीप गुलाटी ने बताया, फिल्म बदला गंगा गीता का एक जबरदस्त एक्शन फिल्म है और इसे सेंसर से यूए सर्टिफिकेट मिला है जो काफी सराहनीय है। फिल्म को हर वर्ग के दर्शक, हर उम्र के लोग देख सकते हैं। फिल्म के निर्माता कोमल हैं। वहीं संगीत अमन श्लोक ने दिया है, गीत दिल दिलीप ने लिखा है, वहीं फिल्म का छायांकन अनील ढांडा ने किया है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

एक नजर

उत्तर भारत में कल से 27 फरवरी तक बदलेगा मौसम

नई दिल्ली। उत्तर भारत में एक बार फिर से पश्चिम विक्षोभ की सक्रियता होने वाली है। यह सक्रियता कल से 27 फरवरी तक बनी रहेगी। विभाग के मुताबिक चार दिनों तक बने रहने वाले 'वेस्टर्न डिस्टरबेंस' (पश्चिमी विक्षोभ) का व्यापक असर पड़ने वाला है। वैज्ञानिकों के मुताबिक दो दिन बाद आने वाले 'वेस्टर्न डिस्टरबेंस' की सक्रियता का कितना असर पड़ने वाला है, इसका अध्ययन किया जा रहा है। अनुमान यही लगाया जा रहा है कि इस दौरान उत्तर पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में एक बार फिर से जमकर बारिश और बर्फबारी होगी। पिछले हफ्ते सक्रिय रहे पश्चिमी विक्षोभ से पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में अभी भी लगातार बर्फबारी और बारिश हो रही है।

वेनेजुएला में अवैध सोने की खदान ढही, 15 की मौत, दर्जनों फंसे

वेनेजुएला। वेनेजुएला में अवैध रूप से संचालित सोने की खदान ढहने से करीब 15 लोगों की मौत होने की खबर सामने आई है। हादसे में कई लोग गंभीर रूप से घायल हैं। आधिकारिक बयानों के मुताबिक खदान के अंदर कितने लोग अभी दबे हुए हैं, इसके बारे में सटीक जानकारी देना अभी संभव नहीं है। घटना को लेकर दिए गए आधिकारिक बयान में बताया गया है कि मौके से अब तक करीब 15 शवों को बाहर निकाला गया है। वहीं करीब 11 लोग घायल हैं। हादसे के तुरंत बाद से राहत एंव बचाव कार्य शुरू कर दिया गया था, जो अभी भी जारी है।

बुशरा को आदियाला जेल शिफ्ट करने वाली याचिका पर हुई सुनवाई

इस्लामाबाद। हाईकोर्ट को आदियाला जेल के अधिकारियों ने बताया कि जेल में बंद इमरान की पत्नी बुशरा बीबी को सुरक्षा खतरे के कारण जेल में स्थानांतरित नहीं किया जा सकता है। बता दें, पीटीआई ने हाल ही में बानी गाला में कैद के दौरान बुशरा बीबी को कथित तौर पर जहरीला भोजन खिलाने के संबंध में गंभीर चिंता व्यक्त की है, जिसमें कहा गया है कि वह पिछले छह वर्षों से गंभीर दर्द से जूझ रही हैं। गौरतलब है कि, आदियाला जेल के अधिकारियों ने हाईकोर्ट में दी रिपोर्ट में कहा, जेल में जगह की कमी है।

अमेरिका: भारतीय छात्रों से वाणिज्य दूतावास के अफसरों ने की बातचीत

वाशिंगटन। वाशिंगटन में भारतीय दूतावास और वाणिज्य दूतावास के अधिकारियों ने देश में रह रहे भारतीय छात्रों के साथ वर्चुअल बातचीत की। राजदूत श्रीप्रिया रंगनाथन के नेतृत्व में हुई बातचीत में लगभग 150 भारतीय छात्र संघ के पदाधिकारियों और 90 अमेरिकी विश्वविद्यालयों के छात्रों ने भाग लिया। इसमें अटलांटा, शिकागो, ह्यूस्टन, न्यूयॉर्क, सैन फ्रांसिस्को और सिएटल में भारत के महावाणिज्य दूत भी शामिल हुए। अमेरिका में कुछ भारतीयों और भारतीय छात्रों की हाल में हुई मौतों की पृष्ठभूमि में यह बैठक महत्वपूर्ण है।

11 माह पहले पारित आदेश संशोधित मैतेई समुदाय एसटी सूची से बाहर

- 27 मार्च, 2023 को हाईकोर्ट ने किया था पारित, इस आदेश से मणिपुर में मैतेई और कुकी के बीच हुआ था जनजातीय संघर्ष

इंफाल, एजेंसी। मणिपुर हाईकोर्ट ने मैतेई समुदाय अनुसूचित जनजाति (एसटी) सूची से बाहर रखने का फैसला लिया है। चीफ जस्टिस और न्यायमूर्ति गोलमेई गाइफुलशिल्लू की पीठ ने पुराने आदेश को संशोधित करते हुए साफ किया कि 27 मार्च, 2023 को पारित आदेश का पैराग्राफ 17 (3) हटाया जा रहा है। बता दें कि लगभग 11 महीने पहले पारित इस आदेश में हाईकोर्ट की एकल पीठ ने सरकार को मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजातियों की सूची में शामिल करने का निर्देश दिया था। इस आदेश के बाद उपजे विवाद के कारण मणिपुर के कई हिस्सों में मैतेई और कुकी आदिवासी समुदाय के बीच जनजातीय संघर्ष हुआ था।

गौरतलब है कि मार्च, 2023 में मणिपुर हाईकोर्ट के तत्कालीन कार्यवाहक चीफ जस्टिस एमवी मुरलीधरन की पीठ ने मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति सूची में शामिल करने का निर्देश दिया था। अप्रैल में आदेश की प्रति सार्वजनिक होने के बाद मणिपुर के कई हिस्सों में जमकर हिंसा भड़की थी। हाईकोर्ट के फैसले को संशोधित करने का आदेश देते हुए चीफ जस्टिस सिद्धार्थ मृदुल की पीठ ने बुधवार, 21 फरवरी को पारित आदेश में कहा, 'अदालत इस बात से संतुष्ट है कि एकल न्यायाधीश की पीठ में 27 मार्च, 2023 को पारित आदेश के पैराग्राफ 17 (3) में दिए गिए निर्देशों की समीक्षा जरूरी है। हाईकोर्ट की खंडपीठ ने साफ किया कि एकल पीठ के निर्देश सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ के आदेश के खिलाफ है। खंडपीठ में संशोधन का निर्देश देते हुए न्यायमूर्ति गाइफुलशिलु ने कहा कि अनुसूचित जनजाति सूची में संशोधन के लिए भारत सरकार ने प्रक्रिया निर्धारित की है। उन्होंने लगभग 11 महीने पहले पारित आदेश के पैरा 17 (3) में निहित हाईकोर्ट के निर्देश को हटाने पर जोर दिया। अदालत ने साल 2013-14 में जारी जनजातीय मामलों के मंत्रालय की रिपोर्ट में शामिल विस्तृत संवैधानिक प्रोटोकॉल का उल्लेख भी किया।

हाईवे पर आपात हालात में 1033 या 108 पर मांगें मदद

आजकल लोकल सड़क से लेकर बड़े-बड़े हाइवे सभी सुरक्षा के लिहाज से नजर हटी, दुर्घटना घटी वाली स्थिति में हैं। नेशनल हाईवे पर लोग लंबी-लंबी दूरी का सफर तय करते हैं, सफर करते समय सुरक्षा की दृष्टि से डर सा होता है, कि किसी गंभीर स्थिति में इस सड़क पर कौन मददगार बनेगा। लेकिन ऐसा नहीं है, बड़े-बड़े हाईवे पर यात्रा के समय भी आप निश्चिंत होकर यात्रा कर सकते हैं। ऐसे में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण हाईवे पर मदद उपलब्ध कराता है। जानते हैं कैसे पा सकते हैं मदद...

24 घंटे हाईवे फैसेलिटी में टोल प्लाजा एम्बुलेंस पेट्रोल व्हीकल क्रेन सेवाएं है शामिल



टोलबूथ की टैक्स रसीद पर होता है हेल्पलाइन नंबर

- इसके अलावा आप जिस नेशनल हाईवे पर जा रहे हैं, वहां टोलबूथ पर पैसे देने के बाद जो रसीद मिलती है, उस पर भी चार फोन नंबर आगे-पीछे के हिस्से में मिलते हैं। इन फोन नंबर हेल्पलाइन, क्रेन सर्विस, एंबुलेंस सर्विस मिल सकती है।
- हाईवे पर परेशानी से बचने का कोई जरिया ? एनएचएआई का राजमार्गयात्रा मोबाइल एप भी है। इससे यात्री रियल टाइम मौसम के हालात, समय पर प्रसारित सूचनाएं और नजदीकी टोल प्लाजा, पेट्रोल पंप, अस्पताल, होटल और अन्य जरूरी सेवाओं की उपलब्धता के बारे में जानकारी हासिल कर सकते हैं।

आपात स्थिति में कैसे मिलेगी मदद

हाईवे पर सफर करते समय अगर वाहन खराब हो जाए, हादसा हो या मेडिकल इमेरजेंसी हो तो नेशनल हाईवे अथॉरिटी के हेल्पलाइन नंबर 1033 या 108 पर फोन कर सकते हैं। ये सेवा 24 घंटे चलती है। हाईवे फैसेलिटी में- टोल प्लाजा एम्बुलेंस, पेट्रोल व्हीकल, क्रेन या एंबुलेंस सेवा शामिल है। ये नंबर 24 घंटे सातों दिन काम करते हैं।

'राजमार्ग यात्रा मोबाइल' एप से मिलेगी मदद

राजमार्ग यात्रा एप पर रजिस्टर्ड शिकायतों को समयबद्ध तरीके से निपटाया जाता है। ये विभिन्न बैंक पोर्टलों के साथ जुड़ा है, इस तरह यूजर्स के लिए फास्टैग को रिचार्ज करना सुविधाजनक बनाता है। सफर के दौरान हाइवे पर पड़ने वाले पर्यटन स्थल की जानकारी भी मिलती है। साथ ही ब्लैक स्पॉट कहां पर है, इसकी जानकारी भी मिलती है।

चुनाव में धांधली के आरोपों की जांच पूरी समिति चुनाव आयोग को सौंपेगी रिपोर्ट

पाकिस्तान: उम्मीदवारों को जबरदस्ती विजेता घोषित करने का था आरोप

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान के चुनाव आयोग द्वारा गठित एक उच्च स्तरीय समिति ने रावलपिंडी में चुनाव में धांधली के आरोपों की जांच पूरी कर ली है। समिति जल्द अपनी रिपोर्ट चुनाव निकाय को सौंपेगी। दरअसल, ये आरोप एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी द्वारा लगाए गए हैं।

गौरतलब है, पाकिस्तान में आठ फरवरी को आम चुनाव हुए थे। जिसके बाद से ही राजनीतिक गलियारों में हलचल मची हुई है। तमाम संगठनों का आरोप है कि चुनावों में धांधली की गई। वहीं, 17 फरवरी को रावलपिंडी के पूर्व आयुक्त लियाकत अली ने आरोप लगाया था कि मुख्य चुनाव आयुक्त और मुख्य न्यायाधीश आठ फरवरी के चुनावों में चुनाव धांधली में शामिल थे। इन आरोपों के बाद उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद जांच की मांग उठने लगी थी।

पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) ने आरोपों की जांच के लिए रविवार को समिति का गठन किया था। लियाकत अली ने कहा था कि जो उम्मीदवार चुनाव हार रहे थे, उन्हें जीता हुआ घोषित किया गया। वहीं, पद से इस्तीफा देने से पहले उन्होंने दावा किया कि रावलपिंडी के 13 उम्मीदवारों को जबरदस्ती विजेता घोषित किया गया। रिपोर्ट के मुताबिक, जांच के लिए गठित की गई ईसीपी की जांच समिति को तीन दिन का समय दिया गया था। समिति ने अपनी जांच तय समय में पूरी कर ली और जल्द चुनाव आयोग को रिपोर्ट सौंप देगी। एक अधिकारी के हवाले से कहा गया, 'समिति ने रावलपिंडी संभाग के जिला निर्वाचन अधिकारियों (डीआरओ) और रिटर्निंग अधिकारियों (आरओ) के बयान दर्ज किए हैं। डीआरओ और आरओ ने पूर्व आयुक्त के धांधली और परिणामों में हेरफेर के आरोपों से इनकार कर दिया है।

मरियम नवाज बनेंगी पंजाब प्रांत की पहली महिला मुख्यमंत्री

पूर्व पीएम नवाज शरीफ की बेटी मरियम नवाज पंजाब प्रांत की पहली महिला मुख्यमंत्री बनेंगी। बता दें, चुनाव के बाद विधानसभाओं को सत्र बुलाना होता है, जिनमें पंजाब पहला प्रांत है, जो अपना उद्घाटन सत्र शुक्रवार को बुला रहा है। गवर्नर हाउस के प्रवक्ता ने गुरुवार को बताया कि पंजाब के राज्यपाल बालीघुर रहमान ने शुक्रवार को पंजाब विधानसभा सत्र बुलाया है, जिसमें विधानसभा के नवनिर्वाचित सदस्य शपथ लेंगे और नई सरकार का गठन शुरू होगा। बता दें कि 50 वर्षीय मरियम पीएमएलएन पार्टी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष हैं। उन्हें पीएमएलएन सुप्रीमो नवाज शरीफ का राजनीतिक उत्तराधिकारी माना जाता है।

इमरान समर्थित पीटीआई का तीन मार्च को संगठनात्मक चुनाव

इमरान खान की पार्टी पीटीआई अब तीन मार्च को नए सिरे से संगठनात्मक चुनाव करवाने जा रही है। इससे पहले पाकिस्तान चुनाव आयोग ने पीटीआई के अंदरूनी चुनाव को रद कर दिया था। पीटीआई ने घोषणा की है कि वह तीन मार्च को नए सिरे से पार्टी के अंदरूनी चुनाव करवाएगी। पार्टी के सदस्य शुक्रवार-शनिवार तक नामांकन पत्र जमा कर सकेंगे। पार्टी के चुनाव कार्यक्रम के मुताबिक नामांकन पत्रों की जांच 25 फरवरी तक पूरी होगी और नामांकन पर फैसला 27 फरवरी तक किया जाएगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि पीटीआई के संगठनात्मक चुनावों के लिए वोटिंग पार्टी के केंद्रीय सचिवालय समेत देश के सभी चार प्रांतों में पीटीआई कार्यालयों में आयोजित किया जाएगा।

तस्करों को पकड़ने गई पुलिस पर हमला 1 घायल, 3 गिरफ्तार

ठाणे। महाराष्ट्र के ठाणे जिले में पुलिस लगातार नशीली दवाओं के तस्करों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चला रही है। इसी सिलसिले में ठाणे जिले भयंदर इलाके में नशीली दवाओं के कारोबार की सूचना के बाद तलाशी के लिए पुलिस की टीम वहां पहुंची। इस दौरान अचानक भीड़ ने सर्च ऑपरेशन के लिए आई टीम पर हमला बोल दिया। गुरुवार को पुलिस अधिकारी ने मामले की जानकारी दी।

मामले की जानकारी देते हुए पुलिस अधिकारी ने कहा कि घटना धावगी इलाके में हुई। जहां नशीली दवाओं के तस्करों को पकड़ने के लिए पुलिस टीम गई थी। इस दौरान अचानकर भीड़ ने पुलिस पर हमला बोल दिया। घटना के बाद पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में ले लिया है। गौरतलब है कि इस हमले में टीम में मौजूद महिला कांस्टेबल को चोट आई, जो अभी अस्पताल में भर्ती हैं। उत्तान सागरी पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने बताया कि 15 से 20 लोगों के एक समूह ने मीरा भयंदर-वसई विरार पुलिस आयुक्तालय के एंटी-नारकोटिक्स सेल (एएनसी) की एक पुलिस पार्टी पर हमला किया। जब वह एक गुप्त सूचना के आधार पर ड्रग तस्करों को पकड़ने के लिए रात नौ बजे के आसपास उनके इलाके में गई थी।

सुप्रीम कोर्ट में अब न्याय के साथ-साथ इलाज भी

नई दिल्ली, एजेंसी

- आयुष होलिस्टिक वेलनेस सेंटर का सीजेआई ने किया उद्घाटन

सुप्रीम कोर्ट परिसर में अब लोगों को न्याय के साथ-साथ इलाज भी मिल सकेगा। गुरुवार को भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डी वाई चंद्रचूड़ ने शीर्ष अदालत के परिसर में आयुष होलिस्टिक वेलनेस सेंटर का उद्घाटन किया।

सीजेआई ने कहा, 'मेरे लिए यह पल काफी संतोषजनक है। मैं तब से इस पर काम कर रहा हूं जब से मैंने सीजेआई के रूप में पदभार संभाला है। मैं आयुर्वेद और समग्र जीवन शैली का समर्थक रहा हूं। हमारे पास 2000 से अधिक कर्मचारी हैं।' उन्होंने आगे कहा, 'हमें न केवल न्यायाधीशों और उनके परिवारों, बल्कि स्टाफ सदस्यों के जीवन जीने के तरीके को देखना चाहिए। मैं आयुष के सभी डॉक्टरों का बहुत आभारी हूं। हम इसे सर्वोच्च न्यायालय और इसके माध्यम से पूरे देश के लिए अनावरण कर रहे हैं। इतना ही नहीं सीजेआई चंद्रचूड़ ने पीएम मोदी के फोन का एक वाक्या साझा किया। उन्होंने बताया, 'मैं कोरोना के बाद से ही आयुष से जुड़ा हुआ हूं। मुझे कोविड हुआ था, तब मेरी हालात काफी खराब थी। उस समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुझे फोन किया और कहा कि सब कुछ ठीक हो जाएगा। इतना ही नहीं, पीएम मोदी ने यह भी कहा था कि मुझे एहसास है कि आपकी तबियत सही नहीं है, लेकिन हम सब कुछ करेंगे। एक वैद्य हैं, जो आयुष में सचिव भी हैं। उनके साथ आपकी बात करवाऊंगा। वह आपको दवा देंगे।

सीजेआई ने कहा, 'जब मैं कोविड से पीड़ित था, उस समय मैंने आयुष से दवा ली थी। दूसरी और तीसरी बार जब मुझे कोविड हुआ, मैंने कोई एलोपैथिक दवा नहीं ली। मैं सभी न्यायाधीशों, उनके परिवारों और उच्चतम न्यायालय के 2000 से अधिक स्टाफ सदस्यों के बारे में बहुत चिंतित हूं क्योंकि उन्हें न्यायाधीशों के समान सुविधाएं नहीं मिलती हैं। मैं चाहता हूं कि उनके पास जीवन जीने का एक समग्र तरीका हो।

बर्फबारी का आनंद लेते सैलानी...

श्रीनगर : फोटो जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग की है। जहां पिछले 48 घंटों से भारी बर्फबारी हो रही है। सैलानी बर्फबारी का आनंद ले रहें हैं। मौसम विभाग ने बताया कि श्रीनगर, गुलमर्ग, सोनमर्ग, शोपियां, गुरेज, माछिल सहित अन्य पहाड़ी इलाकों में मौसम की दूसरी भारी बर्फबारी हो रही है। इस बीच, कश्मीर घाटी को जोड़ने वाले राजमार्ग मुगल रोड, सिंथन-किश्तवाड़ रोड, श्रीनगर-लेह रोड सहित कई मार्ग पूरी तरह से बंद है। वहीं, हिमाचल प्रदेश में भी बर्फबारी का सिलसिला जारी है। इसके कारण राज्य की 405 से ज्यादा सड़कें बंद हैं। सिक्किम में भारी बर्फबारी से भारत-चीन सीमा पर फंसे 500 पर्यटकों को भारतीय सेना के जवानों ने बचा लिया है। ● एजेंसी

मंदिरों पर 10% टैक्स लगाएगी कर्नाटक सरकार, विधेयक पास

बेंगलुरु, एजेंसी

- विधानसभा में हिंदू धार्मिक संस्थान और धर्मार्थ बंदोबस्ती विधेयक पारित, फैसले से भड़की भाजपा

कर्नाटक विधानसभा में बुधवार को 'कर्नाटक हिंदू धार्मिक संस्थान और धर्मार्थ बंदोबस्ती विधेयक 2024' पारित हो गया। इस विधेयक में हिंदू मंदिरों के राजस्व पर 10 फीसदी टैक्स लगाने का प्रावधान किया गया है। इस पर भाजपा ने कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला है और कांग्रेस सरकार को हिंदू विरोधी बताया है।

कर्नाटक भाजपा के अध्यक्ष विजयेंद्र येदियुरप्पा ने सरकार के इस विधेयक पर तीखा हमला बोला और आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार हिंदू मंदिरों के पैसों से अपना खाली खजाना भरना चाहती है। विजयेंद्र येदियुरप्पा ने कहा 'कांग्रेस सरकार राज्य में लगातार हिंदू विरोधी नीतियां अपना रही है और अब उनकी नजर हिंदू मंदिरों पर है। कर्नाटक हिंदू धार्मिक संस्थान और धर्मार्थ बंदोबस्ती विधेयक 2024' अपने खाली खजाने को भरने के लिए पारित किया है।

उन्होंने कहा कि सरकार मंदिरों की एक करोड़ से ज्यादा की कमाई पर 10% टैक्स लगाएगी, ये और कुछ नहीं गरीबी है। श्रद्धालुओं द्वारा दिया जाने वाला चंदा मंदिरों के पुनर्निर्माण और श्रद्धालुओं के लिए सुविधाएं बढ़ाने में इस्तेमाल होना चाहिए, लेकिन अगर ये किसी अन्य उद्देश्य से आवंटित किया जाता है तो ये लोगों की आस्था के साथ धोखा होगा।

पुराने ढर्रे पर नहीं चल सकता यूएन: जयशंकर

नई दिल्ली, एजेंसी

- संयुक्त राष्ट्र की व्यवस्था पर फिर भड़के जयशंकर, बोले-बहुपक्षीय समाधान नहीं मिल रहे

नई दिल्ली में वैश्विक कूटनीतिक विमर्श के कार्यक्रम रासीना डायलॉग 2024 का आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार को इस कार्यक्रम में भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने शिरकत की। जयशंकर ने अपने चिर-परिचित अंदाज में एक बार फिर सधे हुए शब्दों में संयुक्त राष्ट्र (यूएन) व्यवस्था की खामियों को उजागर किया और आरोप लगाया कि संयुक्त राष्ट्र आज भी पुरानी व्यवस्था के आधार पर ही संचालित हो रहा है।

जयशंकर ने कहा कि 'जब संयुक्त राष्ट्र का गठन हुआ था तो उस वक्त इसके करीब 50 सदस्य थे। आज इसके चार गुना ज्यादा सदस्य देश हैं। ऐसे में ये स्वभाविक बात है कि संयुक्त राष्ट्र पुराने ढर्रे के आधार पर नहीं चल सकता। अगर पिछले पांच वर्षों को देखें तो कई बड़े मुद्दे हैं, जिनका हम बहुपक्षीय समाधान नहीं निकाल सके हैं। नतीजे नहीं मिल रहे हैं, तभी सुधार की मांग उठ रही है। कई मामलों में नियमों के साथ खिलवाड़ हुआ है। हम वैश्वीकरण की बात करते हैं, लेकिन तथ्य ये है कि वैश्विक व्यापार के नियमों में भी खिलवाड़ किया जा रहा है। आज हमारे सामने कई चुनौतियां हैं और हम ये भी जानते हैं कि कैसे देश अपने फायदे के लिए अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था का इस्तेमाल करते हैं। जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र व्यवस्था की खामियां गिनाते हुए कहा कि 'कई मामलों में हम बीच का रास्ता नहीं निकाल सके। पुराने मुद्दों के अलावा, नए मुद्दे भी हैं। कनेक्टिविटी, कर्ज, व्यापार आदि मुद्दे भी हैं और कैसे इनसे फायदा उठाया जा रहा है। ये जरूरी नहीं है कि ये सब कुछ पश्चिमी देश कर रहे हैं, लेकिन शुरुआत में पश्चिमी देशों का ही यूएन में दबदबा था और आज जो स्थिति है, उसके लिए पश्चिमी देश भी जिम्मेदार हैं। यूएन के जो नए सदस्य बन रहे हैं, उन्हें कोई मदद नहीं मिल रही है।

नई दिल्ली में रायसीना डायलॉग के कार्यक्रम में बोलते विदेश मंत्री जयशंकर।

चीन के जाल में फंसा मालदीव भेजा जासूसी पोत, भारत चिंतित

माले, एजेंसी

- अमेरिकी थिंक-टैंक ने लगाया आरोप, चीनी अनुसंधान पोत हिंद महासागर से कर रहा डाटा एकत्र

चीन का समुद्री अनुसंधान जहाज हिंद महासागर में लगभग एक महीना बिताने के बाद गुरुवार को मालदीव के पास पहुंच गया। इस जहाज को जासूसी जहाज बताया जा रहा है।

गौरतलब है कि, चीनी अनुसंधान जहाज जियांग यांग होंग 03 उसी दिन मालदीव पहुंचा है जब भारतीय और श्रीलंकाई जहाज त्रिपक्षीय नौसैनिक अभ्यास के लिए इस द्वीपसमूह पर पहुंचे। हिंद महासागर में चीनी अनुसंधान जहाज की आवाजाही के बारे में भारत पहले ही चिंता जता चुका है। अमेरिकी थिंक-टैंक ने आरोप लगाया है कि चीन के अनुसंधान जहाजों का बेड़ा सैन्य उद्देश्यों के लिए हिंद महासागर क्षेत्र सहित महासागरों से डाटा एकत्र कर रहा है। हालांकि बीजिंग ने आरोप से इनकार किया है। दुनिया भर में सभी समुद्री जहाजों पर नजर रखने वाली समुद्री यातायात वेबसाइट के हवाले से बताया कि जियांग यांग होंग 03 गुरुवार सुबह माले शहर के करीब दिखा, वहीं दोपहर में यह थिलाफुशी के पास था। चीनी अनुसंधान जहाज ने मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की चीन की यात्रा समाप्त होने के बाद 14 जनवरी को यात्रा शुरू की थी। मालदीव के विशेष आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) के पास लगभग एक महीना बिताने के बाद यह गुरुवार को माले के पास पहुंचा। दावा किया गया कि जहाज 22 जनवरी से ट्रैकिंग साइटों पर दिखाई नहीं दे रहा था।

विज्ञान दोनों अंतरिक्ष यान पृथ्वी के ध्रुवों से डेटा एकत्र कर भविष्य में आने वाले खतरों से करेंगे आगाह

जलवायु परिवर्तन को लेकर नासा एक साथ भेजेगा दो उपग्रह

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : दिन पर दिन गंभीर होते जा रही जलवायु परिवर्तन की समस्या पर नजर रखने के लिए नासा एक साथ दो अंतरिक्ष यान पृथ्वी के अंतिम छोर पर पहुचाने जा रहा है। दोनों अंतरिक्ष यान पृथ्वी के ध्रुवों से डेटा एकत्र कर भविष्य में आने वाले खतरों से आगाह करेंगे। दोनों मिशन जल्द लॉन्च किए जाएंगे।

वर्तमान समय जलवायु परिवर्तन के खिलाफ गंभीर लड़ाई का है। भले ही नासा इस दिशा में सक्रिय प्रयास कर रहा है, लेकिन दुनिया के अन्य देशों को भी इसमें अपने शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। नासा के अनुसार पिछले 20 साल के अंतराल में जलवायु परिवर्तन में बड़ा असर देखने को मिला है। जलवायु को प्रभावित करने वाले कारक तेजी से बढ़ रहे हैं।

जिसका विपरीत असर दुनिया के सभी देशों में देखने को मिल रहा है। इस वैश्विक समस्या पर नजर रखने के लिए फार-इन्फ्रारेड एक्सपेरिमेंट (प्रीफायर) उपग्रह लॉन्च करने जा रहा है। यह दो उपग्रह होंगे, जिन्हें अगले माह लॉन्च कर दिया जाएगा। 470 से 650 किलोमीटर की ऊंचाई पर पहुंचकर दोनों अंतरिक्ष यान वायुमंडल में एक-दूसरे को पार करते हुए निकट-ध्रुवीय कक्षाओं में स्थापित किए जाएंगे। इस मिशन से पृथ्वी के ध्रुवीय क्षेत्रों से होने वाली गर्मी के पूर्ण वातावरण को मापा जा सकेगा। पहली बार यह प्रयोग किया जा रहा है, जो जलवायु से संबंधित सटीक जानकारी देने में सक्षम होगा।

नासा ध्रुवों पर इस तरह से लॉन्च किए जाएंगे उपग्रह।

ध्रुवों की जलवायु की जानकारी अभी भी अधूरी

ध्रुवों की जलवायु को लेकर हमारी जानकारी अभी भी अधूरी है, जबकि हमारे वातावरण में कई तरह का मापन इन्ही क्षेत्रों को आधार माना जाता है। उत्तरी और दक्षिणी ध्रुवों में विकिरण का असर भी देखने को मिलता है। ध्रुवीय क्षेत्र मानवीय दखल से अभी भी दूर हैं। जिस कारण पृथ्वी के ध्रुव आज भी स्वच्छ माने जाते हैं, लेकिन जलवायु में तेजी से आ रहे बदलाव से संभवत: ध्रुव भी अछूते नही रह सकते। जिस कारण इनकी निगरानी अधिक जरूरी हो गई है।

भू-राजनैतिक मुद्दों का रचनात्मक समाधान जरूरी: वी मुरलीधरन

रियो डि जेनेरियो (ब्राजील), एजेंसी

- जी-20 विदेश मंत्रियों की बैठक में भारत की दो टूक

केंद्रीय विदेश राज्यमंत्री वी मुरलीधरन ने ब्राजील में आयोजित जी-20 देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में उन्होंने कहा, भारत ने साफ किया कि दुनिया के कई देशों को प्रभावित करने वाले भू-राजनैतिक मुद्दों का समाधान रचनात्मक तरीके से किया जाना चाहिए।

बता दें कि कुछ महीने पहले भारत की अध्यक्षता में जी-20 देशों का सम्मेलन आयोजित हुआ था। अब इसकी अध्यक्षता ब्राजील कर रहा है। भारत ने विदेश मंत्रियों की बैठक में दो टूक कहा, 'दुनियाभर में टकराव की कई घटनाएं चिंता पैदा कर रही हैं। ऐसे में यह समझना बेहद जरूरी है कि भू-राजनैतिक मुद्दों का समाधान काफी रचनात्मक तरीके से किया जाए। भारत ने जी-20 देशों के मंत्रियों की बैठक में जटिल मुद्दों पर आम सहमति बनाने पर भी जोर दिया।

गौरतलब है कि भारत ने ब्राजील को जी-20 देशों की अध्यक्षता एक दिसंबर, 2023 को सौंपी। रियो डि जेनेरियो में जी20 देशों के विदेश मंत्रियों की पहली बैठक आयोजित की गई। बुधवार को उद्घाटन के बाद पहली मंत्रिस्तरीय बैठक आयोजित की गई। अंतर्राष्ट्रीय तनाव से निपटने में जी-20 देशों की भूमिका पर केंद्रीय विदेश राज्यमंत्री वी मुरलीधरन ने संघर्ष के कई बिंदुओं पर बात की।